CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 25°C

नई दिल्ली, मंगलवार 29 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 117 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बने योगी

पेज 2



19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस विमेंस वर्ल्डकप जीता

खेल टाइम्स



संवादहीन संसद में सहमा लोकतंत्र और सत्ता का एकालाप

सम्पादकीय



मोहम्मद यूनुस ने भारतीय डाक्टरों को दिया धन्यवाद

पेज़ 12

## राज्यसभा में गतिरोध जारी, कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर राज्यसभा में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध सोमवार को भी दूर नहीं हो सका और विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही पहले बारह बजे , फिर दो बजे और अंततः दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। मानसून सत्र का पहला सप्ताह विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ने के बाद दूसरे सप्ताह के पहले दिन भी कोई विधाई कामकाज नहीं हो सका। पहले सप्ताह में केवल एक विधेयक विपक्ष की अनुपस्थिति में पारित हो सका था। बारह बजे के स्थगन के बाद दो बजे जब सदन की कार्यवाही पुनः शुरू हुई तो पीठासीन उप सभापति भुवनेश्वर कलिता ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल को समुद्र द्वारा माल वहन विधेयक 2025 पर चर्चा शुरू करने के लिए कहा।

## ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में कांग्रेस के वक्ताओं में थरूर का नाम शामिल नहीं

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में कांग्रेस सांसद शशि थरूर अपनी पार्टी से अलग-थलग नज़र आ रहे हैं। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक श्री थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर कांग्रेस को साफ-साफ कह दिया है कि वह इस मसले पर वही बात कहेंगे, जो कहते आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेतृत्व ने थरूर से बहस में शामिल होने के लिए कहा था जिस पर उन्होंने कहा कि वह ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार की आलोचना करने वाली पार्टी लाइन का पालन नहीं कर सकते। उनसे जब संसद परिसर में पत्रकारों ने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल किया, तो उन्होंने इस पर कोई जवाब देने की बजाय सिर्फ कहा 'मौन व्रत'।

## राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट, आठ जिलों में स्कूल बंद

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर राजस्थान में एक्टिव है। इसके चलते मौसम विभाग ने राजस्थान के 14 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ 8 जिलों झालावाड़, कोटा, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, बारां, डूंगरपुर, धौलपुर और अजमेर में स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है। बिहार के पटना में रविवार पूरी रात हुई बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। पटना जंक्शन पर रेल ट्रैक डूब गया है।

## उपग्रह निसार का प्रक्षेपण कल

**चेन्नई।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' और 'इसरो' का 'सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह' 30 जुलाई को भारतीय समयानुसार शाम 5:40 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। 2,400 किग्रा वज़न के इस उपग्रह को इसरो के जियोसिक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-एफ 16 (जीएसएलवी-एफ16) की मदद से आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

# IIT खड़गपुर में चार छात्रों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

शाह टाइम्स ब्यूरो

- शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए किया सवाल
- क्या गड़बड़ है? छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं?

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में खड़गपुर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में गत जनवरी से चार विद्यार्थियों की कथित आत्महत्या के मामले में सोमवार को गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सवाल किया कि क्या गड़बड़ है? छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? इस साल जनवरी से आईआईटी खड़गपुर परिसर में यह चौथा ऐसा मामला था।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने आईआईटी खड़गपुर और शारदा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की आत्महत्या से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करते हुए ये उन संस्थानों से पूछा कि क्या उन्होंने इस गंभीर मुद्दे पर विचार किया है? आईआईटी खड़गपुर की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि इस मामले में 10 सदस्यीय समिति और एक परामर्श केंद्र का गठन किया गया है। इस तरह से वह मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे छात्रों की पहचान कर रहे हैं। एक फोन नंबर दिया गया है जिस पर कभी भी कॉल कर मदद ली जा सकती है। पीठ के समक्ष आईआईटी खड़गपुर और शारदा विश्वविद्यालय के वकीलों ने



बताया कि दोनों घटनाओं के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इन तथ्यों से अवगत होने के बाद अदालत ने कहा कि वह आगे कोई टिप्पणी नहीं करेगी और स्पष्ट किया कि मामले में जांच जारी रह सकती है। पीठ ने कहा कि हमें सूचित किया गया है कि जहां तक शारदा विश्वविद्यालय में हुई घटना का सवाल है, मृतक के पिता की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है और जांच जारी है। इसे कानून के अनुसार आगे बढ़ने दें।

## बिहार की मतदाता सूची प्रारूप के प्रकाशन पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बाद आगामी एक अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप को प्रकाशित करने से रोकने से इन्कार कर दिया और साथ ही यह भी कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में यदि कोई वैधता संबंधी कोई खामी पाई जाती है, तो वह उसे रद्द कर सकती है। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस संबंध में आदेश पारित किया। पीठ ने स्पष्ट किया कि यदि वैधता संबंधी कोई उल्लंघन पाया गया, तो अदालत पूरी प्रक्रिया को रद्द कर सकती है।

# हापुड़ में गैंगस्टर डबलू यादव ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हापुड़।** उप्र पुलिस की एसटीएफ ने हापुड़ जिले के सिंभावली इलाके में एक सशस्त्र मुठभेड़ में मोस्ट वांटेड गैंगस्टर डबलू यादव को मार गिराया।

एसटीएफ की नोएडा इकाई ने बिहार पुलिस और हापुड़ पुलिस के सहयोग से सोमवार तड़के इस मुठभेड़ को अंजाम तक पहुंचाया। बिहार के बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल निवासी डबलू यादव को मुठभेड़ के दौरान सीने में गोली लगी। उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां



इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यादव एक कुख्यात अपराधी था और बिहार में एक चर्चित हत्याकांड सहित कई गंभीर मामलों का मुख्य आरोपी था। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम था।


# राजनाथ का दावा: किसी दबाव में नहीं रुका 'ऑपरेशन सिंदूर'

## कहा: परीक्षा में पेंसिल के टूटने की चिंता नहीं, बल्कि परीक्षाफल पर फोकस जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को किसी के दबाव में रोकने के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि इस ऑपरेशन के सभी लक्ष्य तय समय में हासिल कर लिए गए थे और इसे किसी के दबाव में नहीं रोका गया।

श्री सिंह ने सोमवार को सदन में 'पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी दुनिया ने देखा और हम इससे पीछे हटने वाले नहीं हैं। ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह सफल रहा और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने कहा कि हमने किसी के दबाव में आकर इसे नहीं रोका, बल्कि हमने दुश्मन के हर मंसूबे पर पानी फेरा है। हमारा मकसद युद्ध छेड़ना नहीं, बल्कि हमें आतंकवादियों के ढांचों को नेस्तनाबूद -**शेष पृष्ठ दो पर**



- ऑपरेशन के सभी लक्ष्य तय समय से कर लिए गए थे हासिल

## लोकसभा में जयशंकर की दो टूक

### 22 अप्रैल से 17 जून तक पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच कोई बातचीत नहीं हुई

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद के निचले सदन यानी लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम के बाद भारत का रुख आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस), आत्मरक्षा का अधिकार का है। विदेश मंत्री ने लोकसभा में बोलते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत की कूटनीतिक रणनीति का जिक्र किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तथ्य रखे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच किसी ने मध्यस्थता नहीं की।



## पहलगाम हमले व ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी तथ्य सामने लाएं: विपक्ष

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने लोकसभा में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर शुरू हुई चर्चा के दौरान पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी तथ्यों को सदन में रखे जाने की मांग की। कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार को पहलगाम हमले को लेकर पूरी सच्चाई देश के सामने लानी चाहिए और कांग्रेस सच्चाई के साथ है, लोकतंत्र के साथ है।



उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित तभी तथ्य संसद में रखे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान के साथ युद्ध में रफाल लड़ाकू विमान गिरे हैं, तो सरकार को इसकी जानकारी देश को देनी चाहिए। ये अरबों रुपये की कीमत के विमान हैं और भारत के पास सिर्फ 35 रफाल विमान हैं, ऐसे में इनकी जानकारी दिया जाना बहुत जरूरी है। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने चर्चा में शामिल होते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय सिर्फ सैन्य बलों को मिलेगा, इसकी सफलता का श्रेय कोई और नहीं ले सकता।

# जस्टिस वर्मा से सुप्रीम कोर्ट में सवाल-जवाब शुरू

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नकदी बरामद होने के आरोपों का सामना कर रहे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से सोमवार को पूछा कि संबंधित न्यायिक आंतरिक जांच समिति द्वारा अपनी जांच पूरी करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का इंतज़ार क्यों किया?

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने न्यायमूर्ति वर्मा की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके अधिवक्ता से पूछा कि उन्होंने आंतरिक जांच समिति के गठन की वैधता को चुनौती क्यों नहीं दी और अगर यह संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत था, तो उन्होंने इसके अधिकार क्षेत्र को क्यों स्वीकार किया। पीठ ने



- पूछा: आंतरिक जांच समिति के गठन की वैधता को चुनौती क्यों नहीं दी
- अगली सुनवाई कल

न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से सवाल किया कि जब समिति गठित की गई थी तब आपने चुनौती क्यों नहीं दी? आपने इंतज़ार क्यों किया? न्यायाधीश पहले भी इन कार्यवाहियों में शामिल होने से बचते रहे हैं। पीठ ने उनसे पूछा कि क्या यह सच नहीं है कि आंतरिक जांच रिपोर्ट केवल एक तथ्य-खोज दस्तावेज़ है, न कि साक्ष्य और वह इससे कैसे असंतुष्ट हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के तहत जांच में मुद्दे की पड़ताल करने और शपथ के तहत साक्ष्य लेने की व्यापक शक्तियां हैं। अदालत ने यह भी बताया कि शीर्ष न्यायालय के निर्णयों ने आंतरिक प्रक्रिया की पवित्रता को बरकरार रखा है। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई बुधवार को करेगी।

# मप्र के मंत्री विजय शाह की नीयत पर कोर्ट को संदेह

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 13 अगस्त तक जांच रिपोर्ट दे एसआईटी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मप्र सरकार के मंत्री विजय शाह को कड़ी फटकार लगाई है।

कारण है कि उन्होंने भारतीय सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और अब तक उसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी। कोर्ट ने कहा कि मंत्री विजय शाह का व्यवहार संदेह पैदा करता है कि क्या उन्होंने जानबूझकर यह टिप्पणी की थी और अब माफी न मांगकर अपनी गलती नहीं मान रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि इससे मंत्री की नीयत और ईमानदारी पर सवाल उठते हैं। जांच कर रही एसआईटी को सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि वह 13 अगस्त तक जांच पूरी करे।

## CBI ने महुआ के खिलाफ लोकपाल को जांच रिपोर्ट सौंपी


**नई दिल्ली।** तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की कैश फॉर क्वेरी मामले में एक बार फिर से मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सीबीआई ने उनके खिलाफ लोकपाल को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी है। रिपोर्ट के आधार पर लोकपाल तय करेगा कि टीएमसी सांसद पर आगे क्या कार्रवाई करनी है। महुआ पर उनके पूर्व प्रेमी और सुप्रीम कोर्ट के वकील जय अनंत देहाद्राई ने 14 अक्टूबर, 2023 को संसद में सवाल पूछने के बदले घूस लेने के आरोप में सीबीआई में केस दर्ज कराया था।

# कुत्तों के काटने से मौत पर शीर्ष अदालत ने लिया स्वतः संज्ञान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कुत्तों के काटने से छह साल की एक बच्ची की असामयिक मृत्यु से संबंधित मीडिया रिपोर्ट का सोमवार को 'स्वतः संज्ञान' लिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने शीर्ष अदालत रजिस्ट्री से कहा कि वह इस मामले को जनहित में स्वतः संज्ञान याचिका के रूप में दर्ज करें।

पीठ ने कहा कि इस आदेश को उचित आदेश के लिए समाचार रिपोर्ट के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए। पीठ ने इस मीडिया रिपोर्ट को 'बेहद परेशान करने वाला और चिंताजनक' बताते हुए कहा कि शहर और उसके बाहरी इलाकों में हर दिन सैकड़ों कुत्तों के काटने की खबरें आ रही हैं। कुत्तों के काटने से रेबीज हो रहा है। आमतौर पर बच्चे और



बुजुर्ग इसके शिकार हो रहे हैं। कुत्तों के काटने से संबंधित यह खबर राष्ट्रीय राजधानी की है। कथित तौर पर एक पागल आवारा कुत्ते के काटने से छह साल की बच्ची की मौत हो गई थी। पीठ ने कहा कि इस समाचार में कुछ चिंताजनक और विचलित करने वाले आंकड़े और तथ्य हैं।

- शहर और उसके बाहरी इलाकों में हर दिन सैकड़ों कुत्तों के काटने की आ रही खबरें
- मीडिया रिपोर्ट को बेहद परेशान करने वाला और चिंताजनक बताया

शीर्ष न्यायालय ने गत 15 जुलाई को नोएडा में सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक अलग याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से पूछा था कि आप उन्हें अपने घर में खाना क्यों नहीं खिलाते?

## सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल की नई ओबीसी सूची पर रोक लगाने संबंधी हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा राज्य में ओबीसी की नई सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने प.बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि इस मामले में यथास्थिति बनाए रखना आवश्यक है। पीठ ने यह कहते हुए कि आरक्षण कार्यपालिका की कार्यप्रणाली का एक हिस्सा है।

# पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड समेत तीन आतंकी मारे गए

श्रीनगर, वार्ता

- ऑपरेशन महादेव के दौरान मिली सेना को सफलता

**जम्मू-कश्मीर में** श्रीनगर के बाहरी इलाके दाचीगाम में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकियों में एक आतंकी पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन का कथित मास्टरमाइंड भी शामिल है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के दाचीगाम इलाके की ओर बढ़ने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। सेना ने इसे 'ऑपरेशन महादेव' नाम दिया था। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों पक्षों के बीच चली गोलीबारी में तीन आतंकवादी ढेर हो गए। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में से एक लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तानी आतंकवादी सुलेमान शाह उर्फ हाशिम मूसा है, जो गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले का कथित मास्टरमाइंड था। पहलगाम हमले में एक स्थानीय निवासी और 25 पर्यटक मारे गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर राजनीति से ऊपर उठ कर हो चर्चा: माया

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर सोमवार से शुरू होने वाली चर्चा में सत्ता और विपक्ष दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर सार्थक चर्चा करें तो ही यह देश हित में होगा। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद में आज से शुरू होने वाली चर्चा को, सत्ता व विपक्ष को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर लेना चाहिए, ताकि आगे महिलाओं का सिंदूर ना उजड़े तथा मां को भी अपने बेटे गंवाने ना पड़े इस पर सरकार एवं विपक्ष को मिलकर ठोस रणनीति के तहत कार्य करना चाहिए। यही समय की मांग भी है। गौरतलब है कि संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एनडीए को घेरने की तैयारी में है।

### धार्मिक आजादी के हनन पर चुप नहीं रहेंगे: राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में दो ननों के साथ हुआ व्यवहार अत्यंत निंदनीय है और कांग्रेस धार्मिक आजादी के हनन की ऐसी घटनाओं को सहन नहीं करेगी। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि छत्तीसगढ़ में दो कैथोलिक ननों को उनकी आस्था के कारण निशाना बनाकर जेल भेज दिया गया। यह न्याय नहीं बल्कि भाजपा- आरएसएस का गुंडाराज है। यह एक खतरनाक पैटर्न को दर्शाता है और इस शासन में अल्पसंख्यकों का व्यवस्थित उत्पीड़न है। उन्होंने कहा कि यूडीएफ सांसदों ने आज संसद में विरोध प्रदर्शन किया। हम चुप नहीं बैठेंगे। धार्मिक स्वतंत्रता एक संवैधानिक अधिकार है।

# विद्युत कर्मचारी के वेश में अराजक तत्व भी शामिल: एके शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने सोमवार को कहा कि निजीकरण के विरोध करने की आड़ में उनको झुकाने की चाहत लिए विद्युत कर्मचारी नेताओं के वेश में कुछ अराजक तत्व भी शामिल हैं, जिनकी मंशा पूरी होने वाली नहीं हैं।

शर्मा ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा- कुछ विद्युत कर्मचारी नेता काफ़ी दिनों से परेशान घूम रहे हैं, क्योंकि उनके सामने ऊर्जा मंत्री झुकते नहीं हैं। ए वही लोग हैं जिनकी वजह से बिजली विभाग बदनाम हो रहा है। ज्यादातर विद्युत अधिकारियों और कर्मियों के दिन-रात की मेहनत-पुरुषार्थ पर ए लोग पानी फेर रहे हैं। फेसबुक पोस्ट पर यह भी लिखा है- एके शर्मा के तीन वर्ष के कार्यकाल में ए लोग चार बार हड़ताल कर चुके हैं। पहली हड़ताल तो उनके मंत्री बनने के तीन दिन बाद ही होने वाली थी।

अंततः बाहर से प्रेरित हड़ताल पर हड़ताल की इनकी श्रृंखला पर हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। अन्य विभागों में हड़ताल क्यों नहीं हो रही। वहां यूनियन नहीं हैं क्या। वहां समस्या या मुद्दे नहीं हैं क्या। सोशल मीडिया पर शेयर की गई पोस्ट में यह भी कहा गया है कि इन लोगों द्वारा ली गई सुपारी के तहत ही कुछ दिन पहले ये अराजक तत्व ऊर्जा मंत्री के सरकारी निवास पर आकर निजीकरण के विरोध के नाम पर छह घंटे तक अनेक प्रकार की अभद्रता किए और उनके और परिवार के विरुद्ध असभ्य भाषा का प्रयोग किए और एके शर्मा ऐसे हैं कि इन्हें मिठाई खिलाए और पानी पिलाए तथा मिलने के लिए ढाई घंटा प्रतीक्षा किए। शर्मा के कार्यालय की तरफ़ से कहा गया, जहां तक निजीकरण का प्रश्न है इनसे कोई पूछे कि जब 2010 में टोरेंट कंपनी को निजीकरण करके आगरा दिया गया तब भी तुम लोग यूनियन लीडर थे। कैसे हो गया यह निजीकरण। सुना है वो शांति से इसलिए हो गया कि ये बड़े कर्मचारी नेता लोग हवाई जहाज़ से विदेश पर्यटन पर चले गए थे।

# यूपी में अगले तीन दिन भारी वर्षा के आसार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उमस भरी गर्मी का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में सोमवार को कई इलाकों में छिटपुट बारिश ने राहत प्रदान की। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का यह सिलसिला कम से कम अगले 48 घंटे तक और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कम से कम अगले 72 घंटे तक जारी रहने का अनुमान है। इस अवधि में कुछ इलाकों में मध्यम से भारी वर्षा के आसार हैं।

पिछले 24 घंटों के दौरान कई इलाकों में छिटपुट बारिश हुई। इस दौरान अमेठी, जौनपुर और प्रतापगढ़ में क्रमशः 65, 69.2, 85 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से अधिक है। मौसम वैज्ञानिक डा. एके सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने मानसून अवदाब कमजोर पढ़कर उत्तर पश्चिमी मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान पर कम दबाव के क्षेत्र के रूप में अवस्थित है। जिससे सम्बद्ध चक्रवाती परिसंचरण मध्य क्षोभमंडल तक बना हुआ है। मध्य समुद्र तल पर मानसून श्रीगंगानगर, झुंझुनूं के अलावा निम्नदाब क्षेत्र के केंद्र पन्ना, डाल्टनगंज, पुरुलिया होकर उत्तरी पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक जा रही है।



**सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर में होगी झमाझम**

वही मध्य समुद्र तल से 3-1 किमी की ऊंचाई पर उत्तरी पूर्वी अरब सागर से गुजरात, पूर्वी राजस्थान एवं उत्तरी पूर्वी मध्य प्रदेश होते हुए दक्षिणी पूर्वी उत्तर प्रदेश तक है। उन्होंने बताया कि अनुकूल भूभौतिकीय परिस्थितियों के प्रभाव से प्रदेश में आगामी 2 से 3 दिनों तक मानसून की सक्रियता बढ़ने से बादल गरजने, बिजली के चमकने के साथ ही कहीं कहीं पर भारी से बहुत भारी बरसात की संभावना है। जिसमे पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलावा पश्चिमी उत्तरप्रदेश के कुछ जिले शामिल हैं। मौसम विभाग की तरफ से आज जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रतापगढ़, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, बाराबंकी, अमेठी, अयोध्या, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, आगरा , बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है, जबकि मंगलवार को आगरा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़ प्रथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं में बारिश की संभावना है। वही 30 जुलाई से प्रतापगढ़, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीता. पुर, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में भारी बारिश की संभावना है।

### यूपी में पहले सीएम पंडित पंत का आठ वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ा

# सबसे लंबे कार्यकाल वाले सीएम बने योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करते हुए राज्य के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया है।

उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोलवद बल्लभ पंत का 8 वर्ष 127 दिन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक 8 वर्ष 4 माह और 10 दिन का प्रभावी कार्यकाल पूरा कर लिया है। इससे पहले मुलायम सिंह यादव छह वर्ष 274 दिन, संपूर्णानंद पांच वर्ष 345 दिन, अखिलेश यादव पांच वर्ष चार दिन और नारायण दत्त तिवारी तीन वर्ष 314 दिन मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहे हैं। भाजपा का कहना है कि योगी आदित्यनाथ का यह कार्यकाल न सिर्फ राजनीतिक स्थिरता का प्रतीक है, बल्कि शासन के प्रत्एक क्षेत्र में सुधार, पारदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ विकास की गति को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने वाला कालखंड भी है। अपराध और अराजकता से जूझते यूपी को मुख्यमंत्री योगी ने 'नए उत्तर प्रदेश' में बदलने का काम किया, जहां कानून का राज सर्वोपरि है और शासन व्यवस्था सुशासन का पर्याय बन चुकी है। विगत आठ वर्षों में योगी सरकार ने प्रदेश को बुनियादी ढांचे, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम दिए हैं। गोरखपुर से एम्स की स्थापना हो, पूर्वांचल-एक्सप्रेसवे,बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे या फिल्म सिटी जैसे कई मेगा प्रोजेक्ट्स इसके उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन वितरण, उज्ज्वला योजना, कन्या सुमंगला और मिशन शक्ति जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। वहीं उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा दिनों तक मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कीर्तिमान रचने वाले योगी आदित्यनाथ को साधू संतों ने बधाई दी है और उनकी दीर्घायु की कामना की है। योगी आदित्यनाथ ने लगातार आठ वर्ष चार महीने 10 दिन तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड बनाया है। श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य शांडिल्य जी महाराज ने इस ऐतिहासिक पल के लिए योगी आदित्यनाथ को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने रामराज की स्थापना की है।



**कीर्तिमान रचने पर साधु संतों ने योगी को दी बधाई, उनकी दीर्घायु की कामना की**

### जनता दर्शन के साथ योगी ने की सावन के तीसरे सोमवार की शुरुआत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार तीसरे सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान यहां प्रदेश भर से लगभग 60 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री हर पीड़ित के पास स्वयं पहुंचे, समस्याएं सुनीं, प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि निश्चिंत होकर घर जाइए, आपकी समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक की समस्याओं का समाधान कर खुशहाल उत्तर प्रदेश बनाना ही सरकार की प्राथमिकता है। सीएम ने 'जनता दर्शन' में आए लोगों की बात सुनी।

# अवसानेश्वर मंदिर में करंट उतरने से भगदड़, दो की मौत

**बाराबंकी, वार्ता**

**बाराबंकी में 30 से ज्यादा श्रद्धालु घायल**

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी के हैदरगढ़ क्षेत्र में स्थित श्री अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को करंट उतरने से मची भगदड़ में दो श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई जबकि 30 से अधिक घायल हो गए, जिनमें पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सावन का तीसरा सोमवार होने के चलते श्रद्धालु प्रातः तीन बजे से मंदिर में जल अभिषेक करने के लिए कतारबद्ध थे कि इस बीच मंदिर के बाहर लगे टीन शेड पर बिजली का तार टूटकर गिर गया, जिससे करंट उतर आया और भगदड़ मच गई। उन्होंने बताया कि भगदड़ में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक घायल हो गए, जिन्हें तत्काल हैदरगढ़ व त्रिवेदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, जहां इलाज के दौरान एक और श्रद्धालु की मौत हो गई। पांच लोगों को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय भेजा गया है, जहां पर उनकी हालत चिंता जनक बताई जाती है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक मौके में पहुंच गए और राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरु किया गया। स्थानीय नागरिकों के अनुसार बंदर के बिजली के तार पर कूदने से तार टूट गया।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 80891.02
निफ्टी 24680.90



सोना रु. 98375
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 113207
प्रति किलो



# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन बिकवाली सेंसेक्स 81 हजार अंक से नीचे उतरा

**मुंबई, वार्ता**

विदेशी निवेशकों की बिकवाली और रुपए में जारी गिरावट से घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। प्रमुख सूचकांकों में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 572.07 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,891.02 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी. 50 भी 156.10 अंक (0.63 फीसदी) टूटकर 24,680.90 अंक पर आ गया। गिरावट में खुलने के बावजूद शुरुआती कारोबार में कुछ समय के लिए शेयर बाजार हरे निशान में रहे थे, लेकिन दोपहर बाद सूचकांक तेजी से गिरे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 23 के शेयर गिरावट में और शेष सात के बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक में सबसे अधिक गिरावट रही। बाजार की अपेक्षा से कमजोर तिमाही परिणाम के कारण उसका शेयर 7.5 प्रतिशत टूट गया। बजाज फाइनेंस का शेयर तीन प्रतिशत से अधिक गिरा। हिंदुस्तान यूनिलिवर का शेयर सबसे ज्यादा 1.23 प्रतिशत चढ़ा। मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव ज्यादा रहा। एनएसई में निफ्टी मिडकैप-50 का सूचकांक 0.49 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप- 100 का 1.26 प्रतिशत लुढ़क गया।



### पहली तिमाही में सुस्त रही भारतीय कंपनियों की राजस्व वृद्धि: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** ऊर्जा, कोयला, सूचना प्रौद्योगिकी और इस्पात क्षेत्रों के सुस्त प्रदर्शन के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारतीय कंपनियों के प्रदर्शन में गिरावट आई है और उनकी राजस्व वृद्धि दर घटकर चार से छह प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। बाजार अध्ययन एवं निवेश सलाह कंपनी क्रिसिल की सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में 600 से ज्यादा कंपनियों के जारी वित्तीय परिणामों के अध्ययन के आधार पर यह बात कही गई है। इन 600 कंपनियों के कुल राजस्व में एक-तिहाई का योगदान इन्हीं चारों क्षेत्रों का है।

### सोने के भाव में मामूली गिरावट, चांदी के भाव गिरे

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने के दाम में मामूली गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 13 रुपए घटकर 98,375 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। चांदी की कीमत भी 1,135 रुपए कम होकर 1,13,207 रुपए प्रति किलो हो गई है।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,00,080 और 22 कैरेट सोने का भाव 91,750 रहा, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,930 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 थी, वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,930 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 रही, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,930 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,980 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,650 रही। इस साल 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,213 रुपए बढ़कर 98,375 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 27,190 रुपए बढ़कर 1,13,207 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर छह अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।

# ग्रीन हाइड्रोजन और हरित ऊर्जा में मिलकर काम करेंगे यूपी और जापान

**लखनऊ।**

स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में एक अहम पहल करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार जापान के साथ ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा में वैश्विक सहयोग, तकनीकी हस्तांतरण और निवेश के अवसरों को साकार करने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है।

प्रदेश सरकार का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान में मौजूद है, जिसका नेतृत्व मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी कर रहे हैं। उनके साथ इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद और यूपीनेडा (उत्तर प्रदेश नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी) के निदेशक इंदरजीत सिंह भी शामिल हैं। प्रतिनिधि मंडल का लक्ष्य राज्य को स्वच्छ ऊर्जा नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करना है। प्रतिनिधि मंडल की यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण टोयोटा मिराई नामक अगली पीढ़ी की हाइड्रोजन फ्यूल सेल कार के साथ गहन परिचर्चा रहा। यह वाहन हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के संयोजन से ऊर्जा उत्पन्न करता है और अपशिष्ट में केवल जल उत्सर्जित करता है। यह प्रतिनिधिमंडल हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और सतत ऊर्जा एवं गतिशीलता में नवाचार को प्रोत्साहित करने वाले उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना के लिए संभावित साझेदारियों पर चर्चा कर रहा है। ये प्रयास उत्तर प्रदेश में हरित हाइड्रोजन और अन्य स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के लिए एक सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने यामानाशी विश्वविद्यालय के हाइड्रोजन और ईंधन सेल नैनोमटेरियल्स केंद्र का भी भ्रमण किया, जो उन्नत ईंधन सेल अनुसंधान के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान है। यूपीनेडा के निदेशक इंदरजीत सिंह ने राज्य में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए वैश्विक संस्थानों के साथ सहयोग को विस्तार देने में गहरी रूचि जताई है। उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान विशेष रूप से सौर ऊर्जा, लघु जलविद्युत परियोजनाओं और बायोमास आधारित विद्युत उत्पादन जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की क्षमता को बढ़ाने पर केंद्रित है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**राजनाथ का...**

करना था, जिसे 22 मिनट में हासिल कर लिया गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के स्तर पर संपर्क कर आग्रह किया गया था कि अब कार्रवाई रोक दी जाए। यह पेशकश इस शर्त के साथ स्वीकार की गई कि यह अभियान सिर्फ रोका जा रहा है और अगर भविष्य में कोई दुस्साहस हुआ, तो अभियान फिर प्रारंभ होगा। रक्षा मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लोग पूछते हैं कि हमारे कितने विमान गिरे, यह सवाल राष्ट्रीय भावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। जब लक्ष्य बड़े हों, तो अपेक्षाकृत छोटे मुद्दे पर सवाल नहीं किए जाते। इससे देश की सुरक्षा, सैनिकों के सम्मान और उत्साह से ध्यान हट सकता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष को यह सवाल पूछना चाहिए था कि हमारी सेना ने पाकिस्तान के कितने विमानों को गिराया और कितने ठिकानों को ध्वस्त किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा में पेन और पेंसिल के टूटने की चिंता नहीं करनी चाहिए, बल्कि परीक्षाफल पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि आज अगर विपक्ष प्रश्न पूछने में असफल है, तो विपक्ष को मैं मदद करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि जनता ने जब हमें विपक्ष की भूमिका दी थी, तो हमने उसे निभाया था। उन्होंने कहा कि 1962 में जब चीन के साथ युद्ध हुआ था, जब दुखद परिणाम आया, तो हमने यह प्रश्न पूछा था कि हमारी देश की धरती पर दूसरे का कब्जा कैसे हुआ। हमने यह प्रश्न पूछा कि हमारे सैनिक कैसे बड़ी संख्या में मारे गए।

मशीनों और तोपों की चिंता न करके हमने देश की सीमा और सैनिकों की चिंता की। श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) के तालमेल का बेमिसाल उदाहरण है और इसमें पाकिस्तान की हर हरकत का करारा जवाब दिया गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने से पहले हर पहलू पर बहुत गहराई से अध्ययन किया गया था और यह विकल्प चुना गया था कि केवल आतंकवादियों और उनके ठिकानों को ही ध्वस्त करना है और पाकिस्तान के आम नागरिकों को कोई क्षति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति का निर्णायक प्रकटीकरण था। श्री सिंह ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में 2014 के बाद उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। भारत आतंकवाद के हर रूप को समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार और सेना सब मिलकर देश की एकता अखंडता के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। रक्षा मंत्री ने बताया कि हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की और निर्णायक कार्रवाई की पूरी छूट दी। इसके बाद हमारी सेना ने आतंकवादियों को उनके ठिकानों में घुसकर मार गिराया। सेना ने हमारे देश की माताओं और बहनों के सिंदूर का बदला लिया है। यह सिंदूर अब सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि शौर्य की गाथा बन चुका है। मैं बेहद सावधानी से कह रहा हूं, इस कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकवादी और उनके हैंडलर मारे गए हैं। वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक हो सकता है, लेकिन हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी संख्या गलत न बताई जाए। श्री सिंह ने कहा कि हमने केवल जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तान ने हालांकि हमारे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हमला किया, लेकिन भारत ने इन सभी हमलों को विफल कर दिया। उन्होंने बताया कि भारत की जवाबी कार्रवाई पूरी तरह संतुलित और आत्मरक्षा के तहत की गई। पाकिस्तान की ओर से सात मई से लेकर 10 मई की रात तक मिसाइल और लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया गया। उनके निशाने पर हमारे सैन्य अड्डे थे, लेकिन हमारी रक्षा प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों ने हर हमले को नाकाम कर दिया।

पाकिस्तान एक भी लक्ष्य को हिट करने में सफल नहीं हो पाया। पाकिस्तान की आक्रामकता के जवाब में भारत की कार्रवाई न सिर्फ साहसिक बल्कि निर्णायक भी थी। हमारे सैनिकों ने इस मिशन को पूरी सफलता के साथ अंजाम दिया और राष्ट्र की सुरक्षा को सुनिश्चित किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि शेर अगर मेंढकों को मारे, तो उसका बहुत अच्छा संदेश नहीं जाता। भारत के सैनिक शेर हैं। पाकिस्तान जैसा, जो अपने अस्तित्व के लिए दूसरों पर आश्रित हो, उससे मुकाबले का मतलब है अपना स्तर कम करना। हमारी नीति है, आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करना। हमारा पाकिस्तान विरोध उनकी आतंकवाद की नीति के कारण है। उन्होंने भगवान राम और कृष्ण का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी प्रवृत्ति भगवान राम और भगवान कृष्ण से प्रेरित है, जो हमें शौर्य भी सिखाती है और धैर्य भी सिखाती है। हमने भगवान कृष्ण से सीखा शिशुपाल की 100 गलतियां माफ की जा सकती हैं, लेकिन अब हमने सुदर्शन चक्र उठा लिया है। इस सीख का हम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी विदेश और रक्षा नीति में प्रयोग कर रहे हैं। भारत पहले दोस्ती का हाथ बढ़ाता है, लेकिन अगर कोई देश उसे धोखा दे, तो वह उसकी कलाई भी मरोड़ना जानता है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारे सामर्थ्य का प्रतीक था, जिसमें हमने दिखाया कि अगर कोई हमारे नागरिकों को मारेगा, तो भारत चुप नहीं बैठेगा। हमारा राजनैतिक तंत्र और नेतृत्व बिना किसी दबाव के काम करेगा। हमारी मिसाइलें भौतिक सीमाओं को पार करेंगी, वीर सैनिक दुश्मन की कमर तोड़ देंगे। हम आतंकवाद के हर रूप और स्वरूप को समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। रक्षा मंत्री ने भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य और साहस की सराहना करते हुए कहा कि छह-सात मई की रात हमारी सेना ने एक ऐतिहासिक ऑपरेशन को अंजाम दिया। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को अमानवीयता की चरम सीमा बताते हुए कहा कि हमलावरों ने लोगों की पहचान उनके धर्म के आधार पर की और उन्हें निशाना बनाया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# झगड़े के दौरान चाकू से किया था हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस के शास्त्री पार्क थाने की टीम ने हत्या के प्रयास का मामला सुलझाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से अपराध में प्रयुक्त हथियार चाकू बरामद किया है। आरोपियों ने झगड़े के दौरान चाकू से हमला किया था।

दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि २५.जुलाई को देर शाम, शास्त्री पार्क पुलिस थाने में शास्त्री पार्क चौक के पास चाकूबाजी की घटना की सूचना मिली। घटनास्थल पर पहुँचने पर पता चला कि घायल को उसके दोस्तों ने पहले ही जेपीसी अस्पताल पहुँचा दिया था और जेपीसी अस्पताल से उसे जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया था।बाद में, पीड़ित ने बताया कि रात लगभग १०:३० बजे, उसके दोस्त ने उसे शास्त्री पार्क चौक पहुँचने के लिए कहा। पहुँचने पर, उसने अपने दोस्त को कुछ लोगों से बहस करते हुए पाया।

झगड़े के दौरान, संदिग्धों ने उनपर पर चाकू से हमला करने का प्रयास किया। जब उन्होंने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो वे घायल हो गए।इसके बाद शास्त्री पार्क थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी सीलमपुर विक्रमजीत सिंह विर्क की देखरेख में , एसएचओ शास्त्री पार्क मंजीत तोमर के नेतृत्व में टीम ने कई स्रोतों से सबूत इकट्ठा कर दोनों आरोपी गौतम (१८) और हिदायतुल्ला (१८) को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान पता चला कि विकास और आरोपी गौतम चांदनी चौक में एक ही जगह काम करते थे और उनके बीच गलतफहमी हो गई थी। घटना वाले दिन, गौतम ने विकास को मामला सुलझाने के लिए बुलाया था। विकास अपने दोस्त को साथ ले आया। बातचीत के दौरान, गौतम ने अपने दोस्त हिदायतुल्ला के साथ मिलकर उसपर पर हमला करने की कोशिश की। जब दोस्तो ने बीच-बचाव किया, तो वे भी घायल हो गए। अपराध में इस्तेमाल किया गया हथियार-एक चाकू - आरोपी के कब्जे से बरामद कर लिया गया है।

# मुझे मुस्लिम होने की सजा मिल रही: साजिद रशीदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने डिंपल यादव को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की। उनके इस बयान पर समाजवादी पार्टी और अन्य संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताई है। मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एनडीए सांसदों ने संसद परिसर में इस टिप्पणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, जबकि डिंपल यादव ने कहा कि एनडीए को मणिपुर जैसे मुद्दों पर भी इसी तरह सक्रियता दिखानी चाहिए।

वहीं, सपा सांसद डिंपल यादव के खिलाफ अपनी अपमानजनक टिप्पणी पर मौलाना साजिद रशीदी ने कहा, श्संविधान कहता है कि हर धर्म की अपनी मान्यताएं होती हैं और उन मान्यताओं का प्रचार करना मौलिक अधिकारों में से एक है। श्नंगाश शब्द इतना आपत्तिजनक नहीं है। यह शब्द समाज में इस्तेमाल होता है। शॉर्ट्स पहनने वाली लड़कियों को देखकर हर कोई कहता है कि वे श्नंगीश हैं। मैं जो कह रहा हूं वह यह है कि उनका सिर और शरीर ढका होना चाहिए था। यह तस्वीर मुसलमानों को अपमानित करने और उन्हें यह दिखाने के लिए सोशल मीडिया पर क्लिक और अपलोड की गई थी। साजिद रशीदी ने कहा, श्उनका इस्तेमाल संसद तक पहुंचने के लिए किया जाएगा, लेकिन उनका कोई मूल्य नहीं है। यह जानबूझकर किया गया है और पूरा समुदाय नाराज है। मैंने आवाज उठाई और मेरे खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई। मुझे गालियां दी जा रही हैं, मुझे धमकाया जा रहा है।

# हनुमान मंदिर वाटिका में पेयजल सुविधा का हुआ उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने हनुमान मंदिर वाटिका, बाबा खड़क सिंह मार्ग में नए शू शेड और निशुल्क ठंडे पानी की सुविधा का उद्घाटन किया।

इस मौके पर चहल ने बताया कि इस परिसर में प्राचीन हनुमान मंदिर, गणेश मंदिर और शिव मंदिर हैं, जहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, पहले से बने शू हाउस में अब एक नया खुला शेड जोड़ा गया है, ताकि लोग अपने जूते-चप्पल आराम से और सुरक्षित तरीके से रख सकें। पेयजल की जरूरत को देखते हुए,चहल ने अपने व्यकतिगत खर्चे से शिव मंदिर में एक वाटर कूलर लगवाया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही एक और वाटर कूलर हनुमान मंदिर परिसर स्थल के लिए भेंट करेंगे जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है, ताकि ज्यादा लोगों को मुफत ठंडा पानी मिल सके। चहल ने यह भी बताया कि मंगलवार और त्योहारों पर यहां काफी भीड़ होती है, इसलिए एन.डी.एम.सी. जल्द ही एक स्टेनलेस स्टील पुलिस टॉवर लगाएगी, जिससे पुलिस को भीड़ कंट्रोल करने और सुरक्षा बनाए रखने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इन मंदिरों की धार्मिक आस्था और श्रद्धालुओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, एन.डी.एम.सी. हनुमान मंदिर वाटिका में कई विकास कार्य कर रही है। चहल ने यह भी बताया कि परिषद का लक्ष्य स्वच्छ सर्वेक्षण अव्वल आना है, और इसके लिए सौंदर्यीकरण और जन- सुविधाओं के सभी काम पूरे जोर से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे खुद इन कामों की समय-समय पर निगरानी करते हैं ताकि जनता को समय पर फायदा मिल सके। अंत में, चहल ने विश्वास जताया कि ये सभी सुविधाएं श्रद्धालुओं, दुकानदारों और मंदिर प्रबंधन के लिए फायदेमंद होंगी।

# स्थायी समिति अध्यक्ष ने किया भजनपुरा वार्ड का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने स्थानीय विधायक अजय महावर के साथ शाहदरा उत्तरी जोन के भजनपुरा वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सत्या शर्मा ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों व नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर स्थानीय पार्षद रेखा रानी, अतिरिक्तआयुक्तजितेंद्र यादव, इंजीनियर इन चीफ के पी सिंह, उपायुक्त अभिषेक कुमार व निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान श्रीमती शर्मा ने स्थानीय निवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि दिल्ली नगर निगम में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब जनसमस्याओं का त्वरित और प्राथमिक्तके आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर जीवन स्तर और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की शीर्ष प्राथमिक्तहै। निरीक्षण के दौरान सत्या शर्मा ने क्षेत्र में नाले और नालियों की स्थिति का जायजा लिया और साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रमुख नालों के साथ-साथ छोटी नालियों की भी समयबद्ध सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

इसके लिए उन्होंने अतिरिक्त कर्मचारियों और मशीनों की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गलियों और सड़कों पर पानी जमा न हो, इसके लिए नियमित सफाई और नालियों की निगरानी बेहद आवश्यक है। क्षेत्र की समग्र स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



**स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा भजनपुरा वार्ड का निरीक्षण करते हुए साथ में हैं स्थानीय पार्षद रेखा रानी, अतिरिक्तआयुक्तजितेंद्र यादव, इंजीनियर इन चीफ के पी सिंह व अन्य।**

## एक नजर

### 'उदयपुर फाइल्स' की सुनवाई 30 जुलाई के लिए निर्धारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 'उदयपुर फाइल्स कन्हैया लाल टेलर मर्डर' के निर्माताओं ने सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट को सूचित किया कि फिल्म में छह कट लगाए गए हैं और फिल्म का पुन: प्रमाणन अभी लंबित है। वहीं, इस पर पीठ ने मामले की सुनवाई ३० जुलाई के लिए निर्धारित कर दी। अदालत जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी और मोहम्मद जावेद (कन्हैया लाल हत्याकांड के एक आरोपी) द्वारा फिल्म की रिलीज पर आपत्ति जताने वाली याचिकाओं पर विचार कर रही है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के प्रसारण पर रोक लगाने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट से संपर्क करने का निर्देश दिया था।

### रियल हीरोज डॉक्यूसीरीज लॉन्च की

**नई दिल्ली।** सीनियर्स के लिए खास लाइफस्टाइल ऐप जेन एस लाइफ ने सोनी लिव के साथ मिलकर श्रियल हीरोजश नाम की एक आठ-भाग वाली ओरिजिनल डॉक्यूसीरीज लॉन्च की है। अनिर्बान भट्टाचार्य द्वारा निर्देशित यह सीरीज सिर्फ सोनी लिव के यूट्यूब चैनल पर देखी जा सकती है। यह उन पीढ़ियों को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने देश की आजादी और सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। यह सीरीज उन कहानियों को सामने लाती है जो अब तक अनसुनी रही हैं। सियाचिन के बर्फीले सन्नाटे से लेकर आजादी की लड़ाई तक, यह कहानियाँ सेवा, साहस और विश्वास के पीछे की इंसानी कुर्बानियों को दिखाती हैं। लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी (ऑपरेशन मेघदूत, 1944 बताते हैं, षसियाचिन आपकी जिंदा रहने की ताकत को परखता है। वहां बहादुरी रोज की बात है। कर्नल डीपीके पिल्लै (ऑपरेशन रक्षक, मणिपुर 1994) ने घायल होने के बाद बच्चों को बचाया और बताया, ष्जंग में भी इंसानियत बोलती है, और शुक्रगुजारी कभी खत्म नहीं होती।ष कर्नल जसबीर सिंह (ऑपरेशन कैक्टस-लिली, 1971) ने कहा, ष्पैर खोया, पर मकसद नहीं। इज्जत से जीना ही असली जीवन है।ष डॉ. जी.जी. पारिख (भारत छोड़ो आंदोलन) ने कहा, ष्हमने बिना हथियारों के लड़ा, पर आवाज कभी नहीं रुकी। ब्रिगेडियर शमशेर सिंह (हाजी पीर युद्ध, 1965) बोले, हमें 100 % शहादत की चेतावनी दी गई थी, और हम तैयार थे।

### डीजीसी चैंपियनशिप का खिताब जीता

**नई दिल्ली।** डीजीसी जूनियर,सब-जूनियर गोल्फ टूर्नामेंट 2025 का 15वां संस्करण, जो उषा द्वारा प्रस्तुत किया गया था, प्रतिष्ठित दिल्ली गोल्फ क्लब में संपन्न हुआ। दिन 2 पर बारिश ने खलल डाला, इसके बावजूद इस प्रतिष्ठित डब्ल्यूएजीआर टूर्नामेंट में 6 वर्ष से 22 वर्ष की आयु के 180 से अधिक युवा गोल्फ खिलाड़ियों ने अपने कौशल और दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए लोधी और पीकॉक कोर्स पर खेल भावना दिखाई।यह टूर्नामेंट बहुत प्रतिस्पर्धात्मक रहा और यह एक दुर्लभ अवसर था जब दो शीर्ष श्रेणियों कैटेगरी ए गर्ल्स और डीजीसी चैम्पियनशिप ट्रॉफी फॉर बॉयज में प्लेऑफ हुए। पहले में, 15 वर्ष की रशी मिश्रा और योग्या दोनों 149 पर बराबरी पर थीं, हालांकि रशी ने प्लेऑफ के दूसरे होल पर योग्या को पछाड़ दिया। लड़कों के मामले में, 18 वर्षीय रक्षित डहिया और सुखमन सिंह 141 पर बराबरी पर थे, लेकिन मौजूदा डीजीसी चैंपियन रक्षित ने तीसरे होल पर सुखमन को मामूली अंतर से हराकर खिताब बरकरार रखा।

### विश्व आर्य महासम्मेलन 30 अक्टूबर से

**नई दिल्ली।** सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा एवं दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के संयुक्त तत्वावधान में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 को स्वर्ण जयंती पार्क, रोहिणी सेक्टर 10 में अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन का भव्य आयोजन होगा । 150 वें आर्य समाज स्थापना वर्ष तथा महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती पर आर्य समाज ग्रेटर कैलाश-1में आयोजित विशेष बैठक में ज्ञान पर्व ज्योति महोत्सव समिति एवं जे.बी.एम ग्रुप प्रमुख सुरेंद्र कुमार आर्य ने वीडियो प्रचार सामग्री जारी करते हुए इसे नए युग की ओर बढ़ने का आवाहन किया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा-सामाजिक कुरीतियां निवारण, अंधविश्वासों को दूर करने में आर्य समाज की भूमिका महत्वपूर्ण है।

# श्री भोले जी महाराज जन्मोत्सव समारोह सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आध्यात्मिक गुरु एवं द हंस फाउंडेशन के प्रेरणास्रोत श्री भोले जी महाराज का पावन जन्मोत्सव श्री हंसलोक आश्रम, दिल्ली में बड़ी ही श्रद्धा, प्रेम और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। हंस ज्योति-ए यूनिट आफ हंस कल्चरल सेंटर द्वारा आयोजित दो दिवसीय जनकल्याण समारोह में देश के अनेक धर्माचार्यों, विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक तथा राजनैतिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने श्री भोले जी महाराज को उत्तम स्वास्थ्य, यशस्वी एवं दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दीं। आध्यात्मिक विभूति माता श्री मंगला जी ने समारोह में उपस्थित हजारों श्रद्धालु-भक्तों और संत महात्माओं को अध्यात्म ज्ञान के प्रचार, परोपकार और मानव सेवा का संकल्प दिलाया। उन्होंने गुरु नानकदेव की वाणी को उद्धृत करते हुए कहा कि जो स्वयं भी भगवान के सच्चे नाम को जानकर उसका सुमिरण करता है और दूसरों को भी ज्ञान के मार्ग पर लगाता है, उसकी मुक्ति निश्चित है, इसमें कोई संशय नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया में केवल भगवान का भक्त ही सुखी है, बाकी सारा संसार दुखी है।

माताश्री मंगला जी ने सभी भक्त समाज और संत-महात्माओं की ओर से श्री भोले जी महाराज को यशस्वी और दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने योगीराज श्री हंस जी महाराज एवं माता श्री राजेश्वरी देवी की प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक होकर प्रार्थना करते हुए कहा कि आप श्री भोले जी महाराज को अपनी शक्ति और आशीर्वाद प्रदान करें जिससे वे स्वस्थ रहकर निरंतर अध्यात्म ज्ञान प्रचार तथा जनकल्याण के कार्य करते रहें।

# खाने के शौकीनों के लिए शुरू होगी नाइट मार्केट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली को जल्द ही अपना लेट नाइट फूड हब मिल सकता है, क्योंकि सरकार इंदौर के प्रतिष्ठित 56 दुकान मॉडल से प्रेरित होकर एनडीएमसी क्षेत्र में एक नाइट मार्केट शुरू करने की योजना बना रही है। अधिकारियों के अनुसार कनॉट प्लेस और लोधी रोड को इस मार्केट के लिए प्रमुख स्थानों के रूप में देखा जा रहा है। यह मार्केट रात 10 बजे के बाद खुलेगा और इसमें दिल्ली के कुछ सबसे लोकप्रिय भोजनालयों द्वारा संचालित फूड ट्रक भी शामिल होंगे। इस मार्केट का लक्ष्य निवासियों और पर्यटकों, दोनों के लिए एक सुरक्षित, जीवंत और नियमित नाइटलाइफ स्थान बनाना है।

# पूजा के साथ शुरू हुई रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म मायसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रश्मिका मंदाना अब अपने नए प्रोजेक्ट मायसा में पूरी तरह एक्शन मूड में नजर आने वाली है। ये एक जबरदस्त फीमेल लीड एक्शन फिल्म है, जिसका नाम और पहला पोस्टर आते ही लोगों की नजरों में आ गया है। इस फिल्म को अनफार्मूला फिल्म्स बना रहा है और इसे बड़े लेवल पर पूरे भारत में रिलीज किया जाएगा, वो भी अच्छे- खासे बजट के साथ। यह फिल्म आज पारंपरिक पूजा के साथ लॉन्च हुई, जो काफी खास तरीके से रखी गई थी। इस मौके पर फिल्म की टीम मौजूद रही। लॉन्च इवेंट में निर्माता सुरेश बाबू गरु और निर्देशक हनु राघवपुडी भी शामिल हुए। फिल्म की शूटिंग कल से हैदराबाद में शुरू होगी, जिसमें रश्मिका मंदाना पहले ही दिन से शामिल होंगी।

'मायसा' को एक इमोशनल एक्शन फिल्म बताया गया है, जिसकी कहानी गोंड जनजाति की सांस्कृतिक और सुंदर दुनिया पर आधारित है। रश्मिका इसमें एक दमदार और अलग तरह का किरदार निभा रही हैं। वो एक गोंड महिला बनी हैं, जो बेहद मजबूत और भावुक है ख्र ऐसा किरदार उन्होंने पहले कभी नहीं किया।

# दीपिका पादुकोण को दुनियाकी 90 खास महिलाओं में जगह

**नई दिल्ली।** ग्लोबल कल्चर मैगजीन 'द शिफ्ट' ने अपनी नई लिस्ट जारी की है, जिसमें 90 से ज्यादा खास महिलाओं के नाम शामिल हैं। ये महिलाएं एक्टिविज्म, क्रिएटिविटी, लीडरशिप और संस्कृति के क्षेत्र में अलग पहचान रखती हैं। इस लिस्ट में अमल क्लूनी, मारिस्का हार्जिटे, सेलेना गोमेज, बिली आयलिश, एंजेलिना जोली, अमांडा गॉरमन, जेसिका चौस्टेन, ओलिविया रोड्रिगो, लूसी लियू, मिस्टी कोपलैंड, बिली जीन किंग... और भारत से दीपिका पादुकोण का नाम शामिल है। एक ग्लोबल आइकन के तौर पर दीपिका की पहचान सिर्फ उनके फिल्मी सफर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सम्मान उनके मेंटल हेल्थ जागरूकता और 'लिव लव लाफ फाउंडेशन' के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाने के काम को भी दर्शाता है। इस गर्व वाले पल को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए दीपिका ने लिखा, "91 साल की मेहनत और बदलाव की सोच को समर्पित, ग्लोरिया स्टाइनम को सम्मान देते हुए द शिफ्ट उन 90 लोगों को चुन रहा है जो आगे का समय बदल रहे हैं।

# डॉ. कलाम ने स्थापित किए कीर्तिमान : गुरचरन सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति और भारत के श्मिसाइल मैनश डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर फेस इस्लामिक कल्चरल कम्युनिटी इंटीग्रेशन (फिक्की) द्वारा 'कलाम तुझे सलाम' शीर्षक के तहत एक प्रेरणादायक स्पीच प्रोग्राम तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन पूर्वी दिल्ली के न्यू गोविंदपुरा स्थित संजय पार्क में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फिक्की के फाउंडर चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी ने की। इस आयोजन में सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र की कई जानी-मानी हस्तियों ने भाग लिया। दिल्ली नगर निगम शाहदरा साउथ जोन के डिप्टी चेयरमैन राजू सचदेवा, कृष्णा नगर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गुरचरन सिंह राजू तथा जगतपुरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष नीतू बालाजी व समाज सेवी सोनू बालाजी मुख्य रूप में उपस्थित रहे।

गुरचरन सिंह राजू ने अपने संबोधन में डॉ. कलाम की सादगी, काबलियत और देशभक्ति की सराहना करते हुए कहा कि एक बेहद साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर उन्होंने विज्ञान, शिक्षा और नेतृत्व के क्षेत्र में विश्वस्तरीय कीर्तिमान स्थापित किए। श्री राजू ने दिल्ली में वायु प्रदूषण की गंभीरता को लेकर चिंता जताई और कहा कि शहर को स्वच्छ ऑक्सीजन के लिए कम से कम 20 करोड़ पौधों की आवश्यकता है।

# देश उन्नति की राह पर:अजय कुमार



**नई दिल्ली।** पिछले एक दशक में देश की हालत जहां सामाजिक व आर्थिक स्तर पर उभर कर सामने आई है वहीँ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत ने अपना लोहा मनवाया है। एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के उत्तरीय पश्चिमी उपाध्यक्ष अजय कुमार सोनू ने कहा कि जाइए दिल्ली में ट्रिपल इंजन सरकार बनने के बाद राजधानी की तस्वीर बदल गई है ठीक वैसे ही पूरे देश में हर क्षेत्र में मोदी जी के नेतृत्व में विकास हो रहा है। किसानों का कल्याण सुनिश्चित किया गया है। गरीबों व वंचितों को सम्मान के साथ अन्न, जल व आवास दिए जा रहे हैं। पिछले दस सालों में अक्षय ऊर्जा क्षमता तीन गुनी हो चुकी है। माध्यम वर्ग का जीवन आसान हो गया है। सस्ती सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं आम जान के लिए उपलब्ध है। आज जिस प्रकार से देश प्रगति और उन्नति की राह पर है वह मोदीजी के प्रयासों व कड़े परिश्रम से संभव हो पाया है।

# दिल्ली में यमुना व अन्य जल स्रोत भी प्लास्टिक से जहरीले : रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली और उसके आसपास का क्षेत्र अब केवल वायु प्रदूषण या जल संकट से ही नहीं बल्कि सूक्ष्म प्लास्टिक प्रदूषण संकट से भी जूझ रहा है। जुलाई २०२५ में जारी द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) की नवीनतम शोध रिपोर्ट एन्वायरनमेंटल पर्सिस्टेंस ऑफ माइक्रोप्लास्टिक्स इन अर्बन इकोसिस्टम्स में यह खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र की हवा, जल और मिट्टी में माइक्रोप्लास्टिक की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य मानकों से काफी अधिक पाई गई है। शोध टेरी ने नीति आयोग और जर्मन सहयोगी संस्था जीआईजेड के साथ किया है। शोधकर्ताओं ने दिल्ली-एनसीआर के १२ प्रमुख शहरी व अर्ध-शहरी क्षेत्रों से हवा, पानी व मिट्टी के नमूने एकत्र किए और उन्हें एफटीआईआर व रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीकों से जांचा। रिपोर्ट में पाया गया कि दिल्ली की हवा में प्रति घनमीटर १.६ से ४.२ माइक्रोप्लास्टिक फाइबर मौजूद हैं। राजधानी से गुजर रही यमुना और प्रदेश के अन्य जल स्रोतों में प्लास्टिक की सांद्रता डब्ल्यूएचओ सीमा से छह गुना अधिक है।

टायर घर्षण, सिंथेटिक कपड़ों से निकले रेशे, निर्माण कार्य व प्लास्टिक कचरा। ये सूक्ष्म कण हवा, पानी और खाद्य पदार्थों के जरिये शरीर में पहुंचकर विषैले प्रभाव डाल सकते हैं। मिट्टी में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक्स सूक्ष्मजीवों को प्रभावित कर कृषि उत्पादन को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में प्रति घनमीटर हवा में माइक्रोप्लास्टिक फाइबर का स्तर यूरोपीय पर्यावरण एजेंसी (ईईए) की ओर से निर्धारित ०.८ फाइबर प्रति घनमीटर की औसत सुरक्षित सीमा से दोगुने से भी अधिक है। यमुना और अन्य जलस्रोतों में प्रति लीटर पानी में औसतन ८.५ से १२ माइक्रोप्लास्टिक कण मिले। यह डब्ल्यूएचओ के २-३ कण/लीटर के अस्थायी सुरक्षित मानक से चार गुना अधिक है।

लंदन (थेम्स नदी) में प्रति लीटर पानी में औसतन ४.४ जबकि लॉस एंजेलेस की नदियों प्रति लीटर में औसतन ५.१ माइक्रोप्लास्टिक कण पाए गए। भारत में मिट्टी के १०० ग्राम नमूनों में ३५० से अधिक प्लास्टिक फाइबर पाए गए, जो भूमि की जैविक गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। रिपोर्ट में उल्लेख है कि हवा में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक्स का औसत आकार पांच माइक्रोन से कम था, जो मानव श्वसन तंत्र में पहुंचने की क्षमता रखते हैं।

# शिकायत निवारण व्यवस्था मजबूत बनाने को गठबंधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय (माइटी) के अंतर्गत भारत में डिजिटल समावेशन के लिए समर्पित फ्लैगशिप अभियान, कॉमन सर्विस सेंटर्स ने रु1 एआई सीआरएम, सेल्सफोर्स के साथ सहयोग किया है। इस सहयोग के अंतर्गत ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में नागरिकों और ग्राम स्तर के उद्यमियों के लिए सहयोग बढ़ाया जाएगा। उन्हें एक यूनिफाईड, एआई पॉवर्ड शिकायत निवारण प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा, जो बुद्धिमान एवं स्केलेबल सेवाएं प्रदान करेगा। सीएससी एसपीवी के एमडी एवं सीईओ, संजय कुमार राकेश ने कहा, सीएससी में हमारा उद्देश्य अंतिम छोर तक जाकर डिजिटल अंतर को समाप्त करना तथा नागरिकों और वीएलई को सशक्त बनाना है। सेल्सफोर्स के साथ हमारा सहयोग ज्यादा रिस्पॉन्सिव, यूनिफाईड और डेटा-संचालित शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। सेल्सफोर्स-साउथ एशिया की प्रेसिडेंट एवं सीईओ, अरुंधति भट्टाचार्य ने कहा, डिजिटल सार्वजनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की ओर भारत का अगला कदम इस बात से तय होगा कि हम देश के हर कोने तक नागरिक सेवाओं को ज्यादा तेजी, विस्तार और बुद्धिमानी के साथ कैसे ले जाते हैं।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# आधी रात को हैंडलूम फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**मोदीनगर।** गांधी कॉलोनी में रविवार रात को हैंडलूम फैक्ट्री में आग लग गई। आग की चपेट में आकर लाखों का माल जलकर राख हो गया। दमकल की चार गाड़ियां आग बुझाने में लगाई गई। इस भीषण आग की चपेट में आकर कॉलोनी के बिजली के तार भी जल गए। जिसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। गांधी कॉलोनी में प्रकाश सिंघल की श्री हैंडलूम के नाम से फैक्ट्री है। बताया जा रहा है की फैक्ट्री में रविवार रात को करीब सवा दस बजे धुआं निकलना शुरू हुआ। धुआं निकलता देख आसपास के रहने वाले लोगों ने इसकी जानकारी फैक्टी मालिक को दी।



इसी बीच फैक्ट्री से आग की लपटे निकलनी शुरू हो गई। आग का विकराल रूप देखकर आसपास रहने वाले लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और उन्होंने आग बुझाने का कार्य शुरू किया। आग का विकराल रुप देखते हुए दमकल की अन्य गाड़ी मौके पर बुलाई गई। एफएसओ अमित चौधरी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने की बात सामने आ रही है। आग बुझाने का भरपुर प्रयास किया जा रहा है। आग की चपेट में आकर बिजली के तार भी जल गए। बिजली के तार जलने से कॉलोनी की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई।

फैक्ट्री में आग से लाखों रुपए का नुकसान होना बताया गया है। आग से आसपास के घरों के लोग भी आधी रात तक बाहर रहे। संकरी गली होने के चलते फायर कर्मियों ने दीवार तोड़कर पानी अंदर पहुंचाया। इसके साथ ही साहिबाबाद स्थित शहीद नगर मेट्रो स्टेशन के नजदीक नार्थ ईस्टर्न कैरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड में भी आग की खबर सामने आई हैं। इसकी सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से पांच फायर टैंडर घटना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद फायर सर्विस ने आग के तीन तरफ से होजपा. इप फैलाकर आग को काबू में करना शुरू किया।

इसके बाद आग से आस-पास में स्थित अन्य भवनों को सुरक्षित बचा लिया गया, फायर यूनिट ने त्वरित कार्यवाही तथा कड़ी मशक्कत के बाद से आग पर काबू कर आग को पूर्ण रूप से शांत किया गया, इस आग पर कुल 05 गाड़िया लगी थी, गोदाम में किराना स्टोर का सामान रखा था, इस अग्निकांड में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# पावन चिन्तन धारा आश्रम में हरियाली तीज का त्योहार मनाया गया धूमधाम से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पावन चिन्तन धारा आश्रम के स्त्री प्रकल्प सनातन वूमेन द्वारा गुरु माँ डॉ कविता अस्थाना के सानिध्य में हरियाली तीज का त्यौहार बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस तीज उत्सव का शुभारंभ शिव पूजन से हुआ जहाँ महिलाओं ने अपने जीवनसाथी के सौभाग्य और समृद्धि की कामना की। सावन के महीने में जैसे हमारी धरती मां, हरी चुनर ओढ़ प्रसन्नता के साथ, सब ओर हरियाली छटा बिखेर रही होती है, वैसे ही हरियाली तीज के पावन अवसर पर स्त्रियों और बच्चियों ने हरे पारंपरिक वस्त्र धारण कर हर्षोल्लास के सागर में गोते लगाये। आलता के रंग, मेहंदी की सुगंध, झूले की रुनझुन, लोकगीतों की मिठास और नृत्यों के स्पंदन ने आश्रम को आनंद से भर दिया। सावन के गीतों पर मातृशक्ति ने हिंडोला झूला और विभिन्न प्रकार के लो. कगीतों पर आनंद से नृत्य किया। सनातन वीमेन द्वारा आयोजित इस उत्सव में स्त्रियों के लिए कई मनोरंजक खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिससे सभी महिलाओं ने प्रसन्नता के साथ भाग लिया। खेल में जीतने वाली सदस्यों को श्रीगुरू माँ द्वारा गिफ्ट्स भी प्रदान किये गए।



## डीपीएस मोदीनगर का ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में दमदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दिल्ली ग्लोबल स्कूल, मवाना (मेरठ) द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025में डीपीएस मोदीनगरके छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थानप्राप्त किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जिले के 17 विद्यालयोंके लगभग 200 छात्रोंने भाग लिया और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डीपीएस मोदीनगर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने न केवल पदक हासिल किए, बल्कि अनुशासन, समर्पण और कठिन परिश्रम का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में हमारे विद्यालय के तीन खिलाड़ियों ने पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। यूकेजीके अविराज नेहराऔर कक्षा 1की आद्या त्यागीने रजत पदकप्राप्त किया, जबकि कक्षा 9के हर्षित कुमार सैनीने कांस्य पदकहासिल किया। इस सफलता में खेल प्रशिक्षक रिसव चौधरीका विशेष योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन और नियमित प्रशिक्षण से छात्रों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ विक्रम गांधी ने अपने संदेश में कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के अथक परिश्रम, नियमित अभ्यास और खेलों के प्रति समर्पण का प्रतिफल है। डीपीएसमा. दीनगरन केवल शैक्षणिक क्षेत्र में, बल्कि खेलों और सह-पाठ्य गतिविधियों में भी छात्रों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है ताकि वे अपने सर्वांगीण विकासकी दिशा में आगे बढ़ सकें।विद्यालय के प्रधानाचार्य एन सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे छात्रों की यह सफलता न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि यदि सही मार्गदर्शन, समर्पण और निरंतर अभ्यास हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

# सपाइयों ने मनाया संविधान मान स्तम्भ दिवस-आरक्षण दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सपाईयों द्वारा संविधान मान स्तम्भ दिवस आरक्षण दिवस घंटाघर रामलीला मैदान स्थित श्राम भवन मेंश जिला एवं महानगर समाजवादी पार्टी गाजियाबाद द्वारा भव्य रूप से मनाया गया। संविधान मान स्तम्भ दिवसष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज पारस पूर्व मंत्री विधायक नगीना, विशिष्ट अतिथि अनीश राजा प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड रूप में सम्मिलित रहे। यह आयोजन जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट समाजवादी पार्टी गाजियाबाद के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा संविधान के मूल तत्वों समानता, स्वतंत्रता, बंधुता और सामाजिक न्याय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पुन: दो. हराने का एक प्रेरक प्रयास रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज पारस विधायक नगीना पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा की 26 जुलाई 1902 को छत्रपति शाहू जी महाराज ने अपनी कोल्हापुर रियासत में आज ही के दिन आरक्षण लागू किया था इसीलिए आज के दिन को" आरक्षण दिवस" भी कहा जाता है।



विशिष्ट अतिथि के रूप में अनीश राजा प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह युथ ब्रिगेड ने अपने संबोधन में कहा कि यह श्संविधान मान स्तम्भश मात्र एक प्रतीक नहीं, बल्कि यह बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के सपनों को साकार करने और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के हमारे संकल्प का प्रतीक है। कार्यक्रम में विशेष रूप से नितिन त्यागी जिला महासचिव, राजन कश्यप महानगर महासचिव, प्रोफेसर भुवन भास्कर जोशी, धर्मवीर डबास, अभिषेक गर्ग बाबू सिंह आर्य, अलाउद्दीन अब्बासी, श्रवण त्यागी कर्मवीर जाटव प्रदेश विशाल वर्मा, मधु चौधरी, परवेज चौधरी, संजीव चौधरी, प्रवेश बसोया, मनोज पंडित, जयवीर सिंह, गुलाब यादव, पार्षद मोहम्मद कल्लन, पार्षद आदिल मलिक, फहीम चौधरी, रमेश यादव, इरफान अमानत चौधरी, विक्की ठाकुर, असलम कुरेशी, अंशु ठाकुर, जीतू शर्मा, जितेंद्र जाटव ,सतीश पार्चा, दुर्गेश चौधरी, मनीष बंसल, शाहनवाज खान, सरदार अवतार सिंह आकाश अग्रवाल, ललित बंसल राजवीर गौतम, कमलेश यादव, संदीप प्रधान, हाजी नूर हसन विकास यादव, हाजी नासिर अंसारी, किशन यादव, सौदान गुर्जर, भारत यादव खालिद बुखारी महबूब अंसारी विजय नागर इकरामुद्दीन कामू, अब्बास हैदर, विवेक त्यागी, अरुण यादव, रजत पोरवाल, सत्येंद्र शर्मा, फुरकान कुरैशी, फरीद अली, विनोद गुर्जर, हसमुद्दीन इदरीसी सचिन दीक्षित रिजवान मेवाती, वाहिद कुरैशी, गफ्फार तोमर आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कारागार में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** डासना जिला कारागार के सभागार में परमार्थ सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में 10 वीं और 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रो को सम्मानित किया गया। विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे समाज की नींव होते हैं। अगर वे मेहनत और लगन से पढ़ाई करें, तो न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे देश का नाम रोशन करते हैं।

उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य बच्चों का उत्साहवर्धन करना है। इससे वे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने कहा की परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा छात्रों को उनकी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करने का एक तरीका है। इसमें विभिन्न प्रकार के पुरस्कार, मान्यता और वित्तीय



सहायता शामिल हो सकती है। शिक्षा प्रोत्साहन छात्रों को न केवल अपनी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है, बल्कि और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम के आयोजक परमार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष वीके अग्रवाल एवं प्रायोजक वरिष्ठ समाज सेवी अजय गुप्ता द्वारा सभी कारागार में बंद विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर छात्रों का मनोबल बढ़ते हुए सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए कहा कि धर्म और सच्चाई के मार्ग पर चलने से हर समस्या का समाधान आसानी से हो जाता है। मनुष्य को अपने धर्म कर्म को अपनाकर जीवन को आगे बढ़ाना चाहिए। परमात्मा उसको खुद ही सही मार्ग दिखाता जाएगा और उसको अपने जीवन में किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं मिलेगी।

उन्होंने कहा कि भगवान भी एक बार अपने भगत की परीक्षा तो अवश्य ही लेते हैं। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा, अरविंद कुमार डिप्टी जेलर, बृजेश नारायण पांडे डिप्टी जेलर, विजयलक्ष्मी गुप्ता डिप्टी जेलर, शिवानी यादव डिप्टी जेलर, कुंती दोहरे डिप्टी जेलर सहित सभी स्टाफ का स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र, दे कर सम्मानित किया इस अवसर पर आरसी शर्मा, अंकुर गर्ग, ओमप्रकाश गुप्ता, शिवकुमार शर्मा, सतीश कुमार, लव कुमार, गौरव त्यागी, जितेंद्र भटनागर उपस्थित रहे।

# स्व. प्रधान चौधरी छिद्दा सिंह यादव की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्व. प्रधान चौधरी छिद्दा सिंह यादव की 19वीं पुण्यतिथि को श्री राम गौरव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर उनके पौत्र भाजपा नेता, प्रदेश महामंत्री अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा व प्रदेश महामंत्री राष्ट्रीय व्यापार मंडल सौरभ यादव द्वारा उनकी मूर्ति पर माल्या अर्पण कर और पगड़ी बांधकर व एक पेड़ बाबा के नाम लगाकर सभी से प्राकृतिक संत. ुलन बनाने की अपील की जोकि पूज्य बाबा छिद्दा सिंह यादव जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर स्व. प्रधान छिद्दा सिंह यादव की मूर्ति पर माल्या अर्पण



कर परिवारजनों, इष्ट मित्रों व समाजसेवियों व क्षेत्र वासियों द्वारा उन्हे नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई व उनके बताए रास्ते पर सभी ने देशहित व समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उनके पौत्र सौरभ यादव ने कहा कि मेरे दादाजी चौधरी प्रधान छिद्दा सिंह यादव एक सच्चे समाजसेवी थे और सदैव समाज के प्रति निस्वार्थ भावना से समर्पित रहे और उनके द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में भी भाग लिया गया था। इस अवसर पर मुख्य रूप से बालकिशन गुप्ता रेलवे बोर्ड सदस्य व जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल, चौधरी वीरपाल सिंह यादव, राजेंद्र यादव, कालूराम यादव, पंडित अशोक भारतीय, ठाकुर चंद्रभान सिंह, बाबू यादव, मुन्ना यादव, श्रीपाल भाटी, प्रदीप चौधरी, रितेश शर्मा, सत्येंद्र यादव, चंद्र गोस्वामी, सुखवीर यादव, महेंद्र यादव, सुनील यादव, रवि शंकर, केपी गोस्वामी, संदीप सिंह, अमित यादव, प्रशांत यादव, सुरेंद्र शर्मा, कृष्ण शुक्ला, रोहित यादव, आशीष यादव, प्रशांत यादव, जितेंद्र त्यागी, गबरी मुखिया, रविंदर यादव, जयवीर सिंह, हरि गोस्वामी, रूद्र यादव, दीपक शर्मा, करण, राजेंद्र आदि सेंकडो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### शिक्षित और जागरूक छात्र शक्ति के साथ

# भारत माता का फिर से विश्वगुरु बनना निश्चित है: मानसिंह गोस्वामी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेट्रो पॉलिटिन विश्वविद्यालय में सीरीन समूह द्वारा मॉक पार्लिमेंट का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य विषय था की वक्फ बोर्ड अधिनियम क्या है और उसके संशोधन की जरूरत क्या हैं ? कार्यक्रम का उद्घाटन मानसिंह ने दीप प्रज्ज्वालीत करके किया। आयोजको ने मानसिंह गोस्वामी, कौशांबी निवासी व सेवा भारती वैशाली महानगर सहमंत्री वरुण शर्मा और भाजपा नेता हरेंद्र चौधरी को शाल पहना कर सम्मानित किया और जोरदार तालियों से स्वागत किया। मानसिंह गोस्वामी ने इस विषय को इतने रोचक तरीके से लिया की उपस्थित छात्रों ने उनके भाषण के दौरान कई अवसर पर तालिया बजाई और भारत माता की जय के नारे लगाए।

## दुकान की खिड़की उखाड़कर लाखों की चोरी

**लोनी।** बार्डर थाना क्षेत्र की राहुल गार्डन कॉलोनी में चोरों ने किराना की दुकान की खिड़की उखाड़कर नगदी समेत लाखों का माल चोरी कर लिया। एक जुलाई की रात को हुई वारदात में पुलिस ने सुनवाई नहीं की तो पीड़ित ने पुलिस आयुक्त कार्यालय में गुहार लगाई है। राहुल गार्डन कॉलोनी निवासी रवि ओला ड्राइवर है। उनकी पत्नी नंदिनी ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर उनकी किराना की दुकान हैं। दो जुलाई की सुबह पति दुकान पर पहुंचे तो दुकान के ऊपर बनी खिड़की टूटी मिली। छह हजार रुपये के सिक्के, एक डिब्बे में रखे 72 हजार रुपये की नगदी, तेल, सिगरेट व तार समेत लाखों का माल गायब था।



**मोदीनगर। मोदीनगर तहसील में अधिवक्ताओं व फरियादियों के लिए शौचालय व पीने के पानी की उचित व्यवस्था के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के सचिव नकुल त्यागी, रामकुमार चौधरी, अमरदीप नेहरा व अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।**

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)**
**बिजनौर**

मूलवाद संख्या-191/2023

**श्रीमती जायदा बनाम श्रीमती नाजमा**

श्रीमती जायदा पत्नी रईस निवासी ग्राम रामपुर बकली, परगना, तहसील व जिला बिजनौर।

**बनाम**

1- श्रीमती नाजमा पत्नी मौ. शाहिद निवासी मकान नं. 273 डाबर तालाब संगम बिहार लोनी देहात, गाजियाबाद, जिला गाजियाबाद आदि।

हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 08.08.2025 ई.वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो जो कि जवाब में ऐसे सवालात को दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे। जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेह के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक:-08.08.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**बिजनौर**

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के द्वारा गत वर्षो की भाँति 20वें बैच एमडीएस 2025-28 सत्र प्रारंभ करने के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम किया गया। संस्थान के अब तक के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी देश-विदेश में कुशल दंत चिकित्सकों के रूप में कार्यरत है। आईटीएस डेंटल कॉलेज विद्यार्थियों को ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा एवं अभ्यास हेतु सदैव प्रोत्साहित करता रहा है।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे विशिष्ट अतिथि डॉ आर सी गुप्ता, प्रधानाचार्य-एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज, डीन मेडिकल फैकल्टी, चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा आईटीएस-द एजुक. ेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर पी चड्ढा, वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा तथा संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ सोनाली तनेजा, डीन-पीजी स्टडीज, प्रोफेसर एंड एचओडी कंजरवेटिव विभाग के द्वारा स्वागत भाषण से हुई।

उन्होंने सभी नवीन एमडीएस विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को बधाई दी और मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ देवी चरण शेट्टी, डायरेक्टर-प्रिंसिपल ने सभी एमडीएस विद्यार्थियों का



स्वागत किया और छात्रों को संस्थान के अनुभवी शिक्षकों का परिचय कराया तथा सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के मुख्य विशिष्ट अतिथि प्रो डॉ आर सी गुप्ता ने सभी नवीन विद्यार्थियों को एमडीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए शुभकामनाएँ दी। उन्होंने अपने विशाल अनुभव के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया और संस्थान की शैक्षणिक तथा रिसर्च गतिविधियों की सराहना करते हुए इसे देश के शीर्ष डेंटल कॉलेजों में से एक बताया। इसके बाद उन्होंने सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अर्पित चड्ढा ने छात्रों को आईटीएस परिवार में शामिल होने पर बधाई दी और संस्थान की परंपराओं, मूल्यों और उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह संस्थान आज जो भी है उसमें मैनेजमेंट और अध्यापकों की एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

इसके साथ ही उन्होंने सभी छात्रों को भविष्य में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इंड़िया टुडे के सर्वेक्षण में पिछले 6 वर्षों से नोर्थ इंडिया का सर्वश्रेष्ठ प्राइवेट डेन्टल कॉलेज रहा है। साथ ही संस्थान को लगातार तीसरी बार नैक (एनएएसी)ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही संस्थान को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी स्थान प्राप्त हुआ है।

कार्यक्रम में सभी नवीन एमडीएस विद्यार्थियों और उनके माता-पिता के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रत्येक छात्रों ने अपने विषय में रुचि और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप द्वारा आयोजित यह ओरिएन्टेशन कार्यक्रम छात्रों एवं उनके परिवारजनों द्वारा अत्यंत सराहा गया। संस्थान का यह प्रयास छात्रों को एक सशक्त शैक्षणिक एवं दंत चिकित्सा के क्षेत्र की ओर अग्रसर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# निर्माणाधीन बारापूला ऐलिवेटेड परियोजना की जांच करेगी भ्रष्टाचार निरोधक शाखाः सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में वित्त व्यय समिति की बैठक में निर्माणाधीन बारापूला ऐलिवेटेड रोड, फेज-ppp की समीक्षा की गई और निर्माण में बरती गई अनियमितताओं और ठेकेदार कंपनी को १७५ करोड़ का भुगतान करने की जांच भ्रष्टाचार निरोधक शाखा से कराने का निर्णय लिया गया।



बैठक में इस परियोजना को लेकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की लापरवाही पर भी चर्चा हुई और विभिन्न कारणों से इस परियोजना में देरी होने पर चिंता जताई गई। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस परियोजना को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उनका कहना है कि धनराशि का भुगतान इसलिए किया गया, क्योंकि पूर्व सरकार ने कंपनी को कार्य नहीं करने दिया था। परियोजना का यह ऐलिवेटेड रोड बारापूला नाले से शुरू होगा और सराय काले खां होते हुए मयूर विहार फेज-III तक पहुंचेगा। इस उच्चस्तरीय बैठक में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के अलावा संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि इस परियोजना शीघ्र ही गति पकड़ लेगी, क्योंकि परियोजना के मार्ग के आने वाले पेड़ों को हटाने का अनुमति जल्द मिलने वाली है।

इसके बाद यह परियोजना समय पर पूरी हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब इस प्रोजेक्ट में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। सरकार इस परियोजना के लिए बजट की कमी नहीं आने देगी। परियोजना के पूरा होने से दक्षिणी दिल्ली व पूर्वी दिल्ली के बीच ट्रैफिक का आवागमन सुचारू हो जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस जांच में परियोजना किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं होगी और इसे तय समय पर पूरा कर लिया जाएगा।

## महिला एसआई 20 लाख की घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार इलाके में विजिलेंस विभाग की टीम ने महिला उप निरीक्षक नीतू बिष्ट को 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोप है कि महिला पुलिस अधिकारी किसी मामले में पीड़ित के पक्ष में कार्रवाई के लिए यह रकम वसूल रही थी। शिकायत के बाद विजिलेंस विभाग रविवार को थाने के पास घेराबंदी कर उसे रिश्वत की रकम समेत पकड़ लिया। नीतू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। विजिलेंस टीम यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि भ्रष्टाचार में कोई अन्य अधिकारी या कर्मचारी बिष्ट के साथ शामिल तो नहीं है।

# रोशनआरा क्लब को नया जीवन मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रोशनआरा क्लब को नया जीवन मिला है । यहां पर आने वाले आगंतुकों को अब किसी चार सितारा होटल जैसी सुविधाओं का एहसास होगा। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को क्लब का उद्घाटन किया।उपराज्यपाल की देखरेख में पुराने क्लब को नया स्वरूप मिला है। उपराज्यपाल ने चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल, मॉडल टाउन के विधायक अशोक गोयल और डीडीए के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में क्लब को दिल्लीवासियों के हवाले किया। 23.25 एकड़ में फैला यह क्लब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का जन्म स्थान माना जाता है और अब यह दिल्लीवासियों के लिए खेल, संस्कृति व विरासत का केंद्र बन गया है। क्लब में स्विमिंग पूल, जिम, स्क्वैश, बैडमिंटन कोर्ट, योग, बिलियर्ड्स रूम, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, भोजन कक्ष, बैंक्वेट और लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं हैं। बाहर की सुविधाओं में टेनिस कोर्ट, क्रिकेट मैदान, बास्केटबॉल जोन के साथ जॉगिंग पार्क भी शामिल हैं।उपराज्यपाल ने कहा कि यह क्लब दिल्ली की धरोहर का हिस्सा है। तीन साल में उन्होंने कई ऐतिहासिक स्थलों को संवारा है और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। डीडीए ने अतिक्रमण हटाने के बाद बिजली, सिविल व सौंदर्यीकरण के कार्यों को पूरा कर क्लब को नया रूप दिया। उपराज्यपाल ने कहा कि यह क्लब दिल्ली के लोगों को फिटनेस और मनोरंजन के साथ-साथ शहर की विरासत से जोड़ेगा। डीडीए भविष्य में दिल्ली के अंदर ऐसी और भी परियोजनाओं के जरिये दिल्ली के भव्य स्वरूप को वापस लेकर आएगा।

शाहजहां ने बेटी रोशनआरा बेगम के नाम पर ५७ एकड़ में बाग तैयार करवाया था। ब्रिटिश काल में १९२२ में इस बाग के २३.२५ एकड़ क्षेत्र में रोशन. आरा क्लब बना। यहीं १९२८ में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की स्थापना हुई। १९३१ में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला अनौपचारिक टेस्ट मैच यहीं खेला। ये स्थान भारतीय क्रिकेट के इतिहास में बेहद महत्व रखता है। यहां पर कई महत्वपूर्ण रणजी मैच हुए। मंसूर अली खां पटौदी, बिशन सिंह बेदी, मोहिंदर अमरनाथ, कपिल देव, वीरेंद्र सहवाग, विराट कोहली, गौतम गंभीर, इशांत शर्मा, शिखर धवन जैसे क्रिकेटरों ने यहां मैच खेले। रोशनआरा क्लब को दिल्ली के लोगों के लिए फिर से एक शानदार डेस्टिनेशन बनाया गया है, जहां लोग बेहतरीन खानपान और आतिथ्य का लुत्फ उठा सकेंगे।

# 336 सफाईकर्मियों को नियमितीकरण पत्र सौंपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी की स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह' ने आज दिल्ली नगर निगम मुख्यालय, डॉ. एसपीएम सिविक सेंटर में आयोजित एक औपचारिक समारोह के दौरान 336 सफाई कर्मचारियों को नियमितीकरण पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर उप महापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्य शर्मा, नेता सदन प्रवेश वाही, पार्षद, योगेश वर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त (डीईएमएस) अनिल कुमार एवं दिल्ली नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महापौर श्री सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा, सफाई कर्मचारी एमसीडी की स्वच्छता प्रणाली की रीढ़ हैं। वे दिन-रात मेहनत करके दिल्ली को स्वच्छ और रहने योग्य बनाते हैं। भाजपा शासित एमसीडी अपने सफाई कर्मचारियों को सम्मान, स्थायित्व और सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इन ३३६ कर्मचारियों के नियमितीकरण से यह स्पष्ट होता है कि एमसीडी अपने अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को सभी सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है। नियमित हुए कर्मचारियों में १७२ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, २८ करुणामूलक आधार पर नियुक्त सफाई कर्मचारी, तथा १३६ (पूर्व में छूटे) सफाई कर्मचारी शामिल है।महापौर ने सभी नव-नियमत कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए आश्वस्त किया कि नगर निगम सफाई कर्मचारियों के कल्याण को प्राथमिकता देता रहेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि उन्हें उनके सभी अधिकार एवं सेवाओं का समुचित सम्मान प्राप्त हो।




**एमसीडी मुख्यालय में हापौर सरदार राजा इकबाल सिंह आयोजित समारोह में सफाई कर्मचारियों को नियमितीकरण पत्र प्रदान करते हुए।**

# हजूर बाबा सावन सिंह महाराज का प्रकाश दिवस मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज का 167वां प्रकाश दिवस 'गुरु दिवस' के रूप में अत्यंत श्रद्धा, प्रेम और भक्तिभाव के साथ कृपाल बाग, दिल्ली में बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु महिमा का गुणगान किया।

इस अवसर पर प्रसारित विडियो सत्संग में सावन कृपाल रूहानी मिशन के वर्तमान अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि, संत और आध्यात्मिक गुरु ऐसे मार्गदर्शक होते हैं, जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज लाखों भाई-बहनों के लिए एक ऐसे ही प्रकाश स्तंभ थे, जिन्होंने उनके अंदर प्रभु के लिए प्रेम जागृत कर उन्हें प्रभु की ज्योति का अनुभव कराया।

प्रभु के दिव्य-प्रेम और आध्यात्मिकता की मूलभूत शिक्षाओं के माध्यम से उन्होंने लाखों भाई-बहनों को अपने आपको जानने और पिता-परमेश्वर को पाने के मार्ग पर चलने में मदद की।

# मुस्लिम संगठनों का भारत सरकार से इजरायल की जारी आक्रामकता को रोकने में साहसी भूमिका निभाने को कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में देश के प्रमुख मुस्लिम संगठनों ने फलस्तीनियों के समर्थन में एकजुट का प्रदर्शन करते हुए भारत सरकार और विश्व की सरकारों और संयुक्त राष्ट्र संघ से गजा में इसराइल के जरिए भूखे प्यासे निहत्थे बच्चों महिलाओं बुजुर्गों पर की जा रही बमबारी को रोकने और वहां पर शांति स्थापित करने की मांग की है। मुस्लिम संगठनों का कहना है कि गजा में चल रहे नरसंहार को तत्काल बंद किया जाना चाहिए और वहां पर भूख प्यास से मर रहे लोगों की जिंदगियों को बचाने के लिए राहत सामग्री को पहुंचाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जमाअत-ए-इस्लामी हिंद,के अमीर सआदत उल्लाह हुसैनी, मरकजी जमीयत अहले हदीस के अमीर असगर अली इमाम सल्फी मेंहदी, जमीअत उलेमा ए हिंद के महासचिव मौलाना हकीमउद्दीन कासमी, शिया जामा मस्जिद के इमाम सैयद मोहसिन तकवी सहित विभिन्न मुस्लिम सौगठनों के जिम्मेदारों ने भाग किया। मुस्लिम संगठनों के जिम्मैदारों ने कांफ्रेंस में संयुक्त बयान जारी कर गजा में गहराते मानवीय संकट पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने भारत सरकार से इसराइल की जारी आक्रामकता को रोकने में अधिक दृढ़ और नैतिक रूप से साहसी भूमिका निभाने का आह्वान किया है। मीडिया को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने गजा की स्थिति को अभूतपूर्व मानवीय आपदाष बताया तथा चेता. वनी दी कि अकाल अत्यंत सन्निकट है जो विनाश का कारण बनेगा। उन्होंने कहा कि गजा भूख से मर रहा है। समय पर कार्रवाई न करना एक ऐतिहासिक अपराध होगा।उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि मानवीय सहायता अवरुद्ध होने और गजा के बुनियादी ढांचे के नष्ट होने के कारण 20 लाख से अधिक निवासी बड़े पैमाने पर भुखमरी, चिकित्सा प्रणालियों के पतन और अनिवार्य सेवाओं के पूर्ण अभाव का सामना कर रहे हैं। 90 फीसद से ज्यादा अस्पताल और स्वास्थ्य सेवा केंद्र बमबारी से तबाह हो चुके हैं या बंद पड़े हैं। पूरे मोहल्ले मिट गए हैं। डॉक्टर बिना एनेस्थीसिया के सर्जरी कर रहे हैं। हर बुनियादी मानवीय व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। यह आत्मरक्षा नहीं है बल्कि लोगों का व्यवस्थित विनाश है।

# रफी नाइट में गूंजे सुरीले गीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संगीत प्रेमियों के दिलों में बसने वाले स्वर सम्राट मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि के अवसर पर सरस्वती कला संगम द्वारा एक भव्य और भावनात्मक संगीतमय संध्या का आयोजन 'तुम मुझे यूँ भुलाना पाओगे' शीर्षक के तहत प्यारे लाल भवन के सभागार में किया गया। य

ह रफी नाइट उन अमर सुरों को श्रद्धांजलि थी जो आज भी लाखों दिलों की धड़कन बने हुए हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री मुखघ्तार अब्बास नकवी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने मो. रफी के व्यक्तित्व और उनके अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए कहा कि रफी साहब की गायकी भारतीय संगीत का वह अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर रफी साहब के सुपुत्र शाहिद रफी बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट शामिल हुए और उन्होंने मंच से पिता की यादों को साझा कर माहौल को भावुक कर दिया। साथ ही बॉलीवुड अभिनेता व एंकर सतीश जग्गी, अभिनेता अभिनव चतुर्वेदी (नन्हे), फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी, राज कुमार और मंजू त्रिपाठी भी खघस मेहमान के रूप में मौजूद रहे। सांगीतिक प्रस्तुतियों में प्रेम भाटिया, महेंद्र शर्मा, संजीव सूरी, अभिषेक श्रीवास्तव और रेवांश को. हली जैसे प्रतिभाशाली गायकों ने रफी साहब के प्रसिद्ध गीतों को प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। फीमेल सिंगर कीर्ति, सुमिता और मोमिता तालुकदार की प्रस्तुतियाँ भी दर्शकों द्वारा खूब सराही गईं।

## हाईकोर्ट ने मांगा दिल्ली पुलिस से जवाब

**नई दिल्ली।** जामिया नगर इलाके में सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा से संबंधित एक मामले में आरोप तय किए जाने के आदेश को आसिफ इकबाल तन्हा ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिका पर हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। ट्रायल कोर्ट ने सात मार्च को तन्हा के विरुद्ध आरोप तय किए थे।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**दौराई-गोड्डा-दौराई (वाया दिल्ली जं.) के बीच नई एक्सप्रैस (साप्ताहिक) रेल सेवा का शुभारंभ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) दौराई-गोड्डा-दौराई स्टेशनों के बीच शुरू करने का निर्णय लिया गया है। विवरण निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ी संख्या 19603/19604 दौराई-गोड्डा-दौराई साप्ताहिक एक्सप्रेस

| रेलगाड़ी सं. 19603 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 19604 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:30 | दौराई | 17:20 | ---- |
| 15:45 | 15:55 | अजमेर जं. | 16:45 | 16:55 |
| 16:26 | 16:28 | किशनगढ़ | 15:44 | 15:46 |
| 17:13 | 17:15 | फुलेरा जं. | 15:02 | 15:04 |
| 18:10 | 18:13 | रींगस जं. | 12:40 | 12:45 |
| 18:52 | 18:54 | नीम का थाना | 11:51 | 11:53 |
| 19:46 | 19:48 | नारनौल | 11:17 | 11:19 |
| 20:01 | 20:03 | अटेली | 10:55 | 10:57 |
| 21:10 | 21:15 | रेवाड़ी जं. | 10:15 | 10:20 |
| 21:50 | 21:52 | गुड़गाँव | 09:28 | 09:30 |
| 23:05 | 23:15 | दिल्ली जं. | 08:15 | 08:30 |
| 23:51 | 23:53 | गाजियाबाद | 07:23 | 07:25 |
| 01:00 | 01:02 | अलीगढ़ जं. | 04:00 | 04:02 |
| 02:03 | 02:05 | टूंडला जं. | 02:08 | 02:10 |
| 03:05 | 03:07 | इटावा जं. | 00:50 | 00:52 |
| 04:50 | 04:55 | गोविन्दपुरी | 22:30 | 22:35 |
| 05:58 | 06:00 | फतेहपुर | 21:05 | 21:07 |
| 07:20 | 07:25 | सूबेदारगंज | 19:55 | 20:00 |
| 08:40 | 08:42 | मिर्जापुर | 18:30 | 18:32 |
| 09:10 | 09:12 | चुनार जं. | 17:48 | 17:50 |
| 10:30 | 10:40 | पं. दीन दयाल उपाध्याय | 17:00 | 17:10 |
| 11:24 | 11:26 | भभुआ रोड | 15:35 | 15:37 |
| 12:02 | 12:04 | सासाराम | 14:54 | 14:56 |
| 12:22 | 12:24 | डेहरी ऑन सोन | 14:40 | 14:42 |
| 13:55 | 14:00 | गया जं. | 13:20 | 13:25 |
| 14:55 | 14:57 | तिलैया जं. | 10:35 | 10:37 |
| 15:13 | 15:15 | नवादा | 10:13 | 10:15 |
| 15:50 | 15:52 | शेखपुरा | 09:28 | 09:30 |
| 16:55 | 17:00 | किऊल जं. | 08:53 | 08:58 |
| 18:50 | 18:55 | झाझा | 08:10 | 08:15 |
| 19:32 | 19:37 | जसीडीह जं. | 06:36 | 06:41 |
| 19:45 | 19:50 | देवघर | 06:18 | 06:23 |
| 19:59 | 20:01 | मोहनपुर | 06:02 | 06:04 |
| 20:42 | 20:44 | हंसडीहा | 05:30 | 05:32 |
| 21:22 | 21:24 | पौड़ेयाहाट | 05:12 | 05:14 |
| 22:20 | ---- | गोड्डा | ---- | 05:00 |

चलने के दिन : 19603 दौराई (अजमेर जं.) से प्रत्येक रविवार दिनांक 03.08.2025 से एवं 19604 गोड्डा से प्रत्येक मंगलवार दिनांक 05.08.2025 से।
स्थान: 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., 3 टीयर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2299/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




**प्रे क्लब ऑफ इंडिया में देश के प्रमुख मुस्लिम संगठनों के बुद्धिजीजिवयों व आलिमों ने फलस्तीनियों के समर्थन में एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए भारत सरकार से संयुक्त राष्ट्र संघ से गजा में इसराइल के दमनकारी नीति के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने की मांग करते हुए।**

# शराब की बोतलों पर भी चेतावनी वाले लेबल लगाए जाएं, सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान , दिल्ली के शोधकर्ताओं का कहना है कि यह प्रामाणिक तथ्य है कि तंबाकू की तरह शराब में भी कैंसरकारी तत्व पाया जाता है। लेकिन इस पर जागरूकता काफी कम है। ऐसे में जरूरी है कि शराब की बोतलों पर भी तंबाकू उत्पादों की तरह चेतावनी वाले लेबल लगाए जाएं।

हाल में प्रकाशित शोध में कहा गया है कि बोतलों पर साक्ष्य-आधारित और पुख्ता चेतावनी लेबल लगाने से लोगों में जागरूकता बढ़ेगी, जिससे कैंसर के मामलों में कमी लाई जा सकती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि चेतावनी लेबल के माध्यम से बदलाव का प्रयास हर आयु वर्ग के लोगों की उपभोग संबंधी आदतों में सकारात्मक परिवर्तन लाने में प्रभावी साबित हो सकता हैं। खासकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में। क्योंकि इन देशों में सामाजिक स्तर पर कुछ वर्गों को मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों के प्रति शिक्षित और संवे. दनशील बनाना और भी ज्यादा जरूरी है। शोध में बताया गया कि भारत में कैंसर के मामलों में भारी वृद्धि देखी गई है। २०१२ से २०२२ की अवधि के आंकड़ों से घटनाओं में ३६ प्रतिशत की वृद्धि (१०. १ लाख से १३.८ लाख) का संकेत मिलता है। लोबोकैन (जीएलओबीओसीएएन) २०२२ के आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग १४.१ लाख नए कैंसर के मामले सामने आए, जबकि पांच वर्षों में लगभग ३२.५ लाख मामले सामने आए और कैंसर के कारण कुल ९,१६,८२७ लोगों की मौत हुई। ग्लोबोकैन २०२० के आंकड़ों के अनुसार, भारत में प्रति १,००,००० लोगों पर शराब के कारण कैंसर की दर ४.७ प्रतिशत है।

# बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण का शुभारंभ किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फेडरल बैंक ने फिनटेक कंपनियों एमटूपी और मिंकासुपे के साथ मिलकर ई-कॉमर्स कार्ड लेनदेन के लिए भारत का पहला बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण विकल्प पेश किया है। ग्राहक अब केवल एक स्पर्श या एक नजर, यानी अपने फिंगरप्रिंट या फेस आईडी का इस्तेमाल करके अपनी ऑनलाइन खरीदारी को प्रमाणित कर सकेंगे।

यह अनूठा विकल्प न केवल वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा बढ़ाता है, बल्कि लेनदेन की गति भी बढ़ाता है, साथ ही संबंधित ग्राहकों को एक उच्च-स्तरीय अनुभव भी प्रदान करता है। इस अनोखी सेवा के शुभारंभ पर बोलते हुए, फेडरल बैंक के कंज्यूमर बैंकिंग के राष्ट्रीय प्रमुख, विराट सुनील दीवानजी ने कहा, बैंक द्वारा प्रदान की गई यह नई सुविधा केवल तकनीकी अपडेट तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसने हमारे ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को पूरी तरह बदल दिया है।

# बाइपास व टनल से सुधरेगा ट्रैफिक, 27 हजार करोड़ की 6 सड़क परियोजनाएं जल्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली को भीषण जाम से निजात दिलाने के लिए जल्द ही केंद्र व दिल्ली सरकार मिलकर 27 हजार करोड़ रुपये की लागत से छह प्रमुख सड़क परियोजनाओं पर काम शुरू करेंगी। इनका मकसद दिल्ली-एनसीआर के बीच सुगम कनेक्टिविटी तैयार करना और शहर के भीतर आने वाले बाहरी ट्रैफिक को डायवर्ट कर लोगों की राह को आसान बनाना है।

इन परियोजनाओं का कार्यान्वयन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) करेगा, जबकि दिल्ली सरकार भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय मंजूरी, ट्रैफिक डायवर्जन और अन्य प्रशासनिक मामलों में सहयोग देगी। परियोजनाएं कुल 128 किलोमीटर क्षेत्र को कवर करेंगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की निगरानी में परियोजनाओं पर काम होगा। केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकारियों को समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया दिल्ली सरकार को निर्माण के दौरान ट्रैफिक और स्थानीय लोगों को होने वाली परेशानी को कम करने के लिए जनसंचार अभियान भी चलाना होगा।साथ ही समय पर पर्यावरण, शहरी नियोजन और यातायात से जुड़ी मंजूरियों की जिम्मेदारी भी राज्य सरकार की होंगी। इन सभी परियोजनाओं के पूरा होने के बाद राजधानी की प्रमुख सड़कों पर यातायात काफी हद तक निर्बाध हो जाएगा। दिल्ली में आने वाले लंबी दूरी के वाहनों को बाइपास रूट मिलेंगे जिससे मुख्य शहर में ट्रैफिक कम होगा और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को भी गति मिलेगी। इन परियोजनाओं से सिर्फ दिल्ली ही नहीं बल्कि नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम जैसे के लाखों लोगों को फायदा होगा।

एनएच-644एम से ट्रॉनिका सिटी तक 17 किलोमीटर लंबा लिंक रोड बनेगा। यह रोड दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को गाजियाबाद और फरीदाबाद के रास्ते नोएडा से जोड़ेगा। यह 6 लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे होगा जिसका उद्देश्य राजस्थान और हरियाणा से देहरादून जाने वाले वाहनों के लिए सीधी पहुंच प्रदान करना है। इससे उत्तर-पूर्वी दिल्ली और गाजियाबाद की ओर सफर भी सुगम होग।

# यूपी-बिहार पुलिस के सिरदर्द डब्लू यादव का खात्मा

**नदीम नकवी**


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सिंभावली थाना क्षेत्र में बड्डा नहर पुल के पास पुलिस मुठभेड़ में 50 हज़ार रूपये का इनामी बदमाश ढेर हो गया। मारा गया बदमाश बिहार के बेगूसराय का रहने वाला डब्लू यादव था, जो बिहार पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था।

जानकारी के अनुसार रविवार रात को सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर अपनी टीम के साथ बड्डा नहर पुल पर वाहनों और संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बाइक सवार संदिग्ध दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर जंगल की ओर भागने की कोशिश की। इसी दौरान नोएडा एसटीएफ और बिहार एसटीएफ की टीमें भी बदमाश का पीछा करते हुए मौके पर पहुंच गईं। तीनों टीमों ने मिलकर जंगल में बदमाश की घेराबंदी की। बदमाश लगातार फायरिंग करता रहा, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई जिससे बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक बाइक और हथियार बरामद किए हैं।

### कौन था डब्लू यादव

मुठभेड़ में मारा गया बदमाश डब्लू यादव पुत्र सूर्यनारायण यादव उर्फ सूरज यादव बिहार के बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के ज्ञानडोल का निवासी था। बिहार पुलिस को डब्लू यादव की कई गंभीर मामलों में तलाश थी। बेगूसराय के डीआईजी ने 18 जुलाई को उस पर 50 हज़ार रूपये का इनाम घोषित किया था। नोएडा एसटीएफ के अधिकारियों के अनुसार डब्लू यादव पर कई संगीन आरोप थे। जैसे कि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार उर्फ राकेश कदम का अपहरण और हत्या, राकेश कुमार के शव को जमीन में गाड़ दिया गया था। वर्ष 2017 में अपने खिलाफ गवाही देने वाले महेंद्र यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। डब्लू यादव का साहेबपुरकमाल प्रखंड क्षेत्र के ज्ञानटोल और आसपास के कई गाँवों में दबदबा था। वह राजनीति और अपराध का गठजोड़ बनाकर अपना वर्चस्व बढ़ा रहा था। राकेश कुमार की बढ़ती लोकप्रियता से वह आक्रोशित था। हाल ही में राकेश को प्रखंड 20 सूत्री का अध्यक्ष बनाया गया था, जिससे वह राजनीतिक और सामाजिक रूप से काफी सक्रिय हो गया था। एक दिन किसी बात को लेकर राकेश और डब्लू के बीच बहस हुई। जिसके बाद डब्लू यादव हथियारों से लैस होकर राकेश के घर पहुंचा और उसे अगवा कर दियारा ले गया। पुलिस के प्रयासों के बावजूद राकेश को बचाया नहीं जा सका, जिसके बाद डब्लू यादव पर 50 हज़ार का इनाम घोषित किया गया था।



डब्लू यादव का फोटो।

### बरामदगी और आगे की जांच

पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक कार्बाइन, एक पिस्टल, एक तमंचा और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस कार्बाइन के बारे में जानकारी जुटा रही है कि इसे कहाँ से चोरी या लूटा गया था। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि बदमाश को ये आधुनिक स्वचालित हथियार किसने उपलब्ध कराए थे और उसके गिरोह में कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बरामद बाइक के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। मृतक बदमाश के परिजनों को मुठभेड़ के संबंध में सूचना भेजी जा रही है।

# बालाजी मंदिर में लाखों की चोरी कर चोर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर स्थित बालाजी मंदिर में रविवार की देर रात चोरों ने पुजारी के कमरे को निशाना बनाया। चोरों ने बक्सा तोड़कर करीब चार लाख रुपये की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। इस घटना का पता सोमवार सुबह तब चला, जब पुजारी के परिवार ने कमरे में सामान बिखरा हुआ और बक्सा टूटा हुआ पाया।

जानकारी के अनुसार सीतापुर निवासी उत्तम कुमार शुक्ला पिछले चार साल से अपने परिवार के साथ इस मंदिर में पूजा-अर्चना कर रहे हैं। रविवार की रात चोर मंदिर परिसर में घुस गए और सीधे पुजारी के कमरे को निशाना बनाया। बक्से में 12 हजार रुपये नकद, एक सोने का गले का हार, नथनी, दो जोड़ी चांदी की पायल, दो चांदी के ओम और अन्य कीमती सामान रखा था। चोर ये सभी वस्तुएं लेकर फरार हो गए। सुबह जब पुजारी के परिवार ने कमरे की हालत देखी, तो उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना तुरंत पिलखुवा कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस ने मौके से कुछ सुराग भी जुटाए हैं, जिनके आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है।



# सड़क सुरक्षा व स्कूल वाहन नियमों पर डीएम की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को डीएम अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति और जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, परिवहन व्यवसायी, स्कूल प्रबंधक और सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने सड़क सुरक्षा और स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा की। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हापुड़ द्वारा बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया गया और उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में डीएम ने कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। बैठक में डीएम द्वारा सर्वे में पाए गए 94 T और Y जंक्शनों पर सुधारात्मक कार्यवाही यथाशीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया गया। अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग हापुड़ ने बताया कि जनपद में 19 खड़े स्पीड ब्रेकर हैं, जिन्हें हटाया जाना है। इन पर अगले 20 दिनों में सुधारात्मक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सभी स्कूली वाहनों को स्कूली वाहन मानक के अनुरूप संचालित करने और फिटनेस समाप्त वाहनों को अनिवार्य रूप से फिटनेस प्राप्त करने के बाद ही चलाने के निर्देश दिए गए। सभी स्कूल प्रबंधकों/प्रधानाचार्यों को इसका पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि विद्यालयों में आने वाले छात्र-छात्राएं और अभिभावकों को सीटबेल्ट और हेलमेट लगाने के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा विद्यालयों में सीटबेल्ट और हेलमेट न लगाने के विरुद्ध नियमित प्रवर्तन कार्यवाही की जाए। बैठक के अंत में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हापुड़, रमेश कुमार चौबे ने सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्त की।



# जेएमएस इंस्टीट्यूशंस में ओरिएंटेशन कम इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्थानीय जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस हापुड़ में प्रोफेशनल प्रोग्राम्स बीटेक, बीएससी कंप्यूटर साइंस और बीसीए के सात दिवसीय ओरिएंटेशन कम इंडक्शन कार्यक्रम का सोमवार को भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जेएमएस ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल, सचिव डा. रोहन सिंघल, महानिदेशक प्रोफेसर डा. सुभाष गौतम, जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्य डा. निधि मलिक, जेएमएस ग्रुप के प्राचार्य डा. धीरज सैनी, और मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रोफेसर डा. विक्रम बाली डायरेक्टर, गलगोटियाज कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ग्रेटर नोएडा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के महानिदेशक प्रोफेसर डा. सुभाष गौतम ने बताया कि इस सात दिवसीय ओरिएंटेशन में प्रोफेशनल प्रोग्राम्स के नए छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संस्थान के एमडी डा. आयुष सिंघल और डा. रोहन सिंघल ने अपने व्याख्यान में सभी नए छात्रों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में महारत हासिल करना आज के युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे रखता है। उन्होंने आज के दौर को एआई, एमएल, आईओटी का युग बताया। संस्थान के महानिदेशक प्रोफेसर डा. सुभाष गौतम ने सात दिवसीय ओरिएंटेशन कम इंडक्शन कार्यक्रम की विस्तार से विवेचना करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और ओरिएंटेशन कार्यक्रम को नए छात्रों के लिए वरदान बताया। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. आयुष सिंघल और सचिव डा. रोहन सिंघल ने सभी छात्रों को आश्वस्त किया कि संस्थान भविष्य में अकादमिक माहौल को और बेहतर बनाने के लिए अधिक प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में डीएसडब्ल्यू प्रो. विशाल त्यागी ने ग्रुप की सभी अकादमिक गतिविधियों को विस्तार से प्रस्तुत किया जबकि परीक्षा प्रभारी और एंटी रैगिंग प्रभारी ने ग्रुप की प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा की। कार्यक्रम का सफल संचालन जेएमएस ग्रुप की प्राध्यापक तान्या शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी पवन शर्मा और सांस्कृतिक कमेटी की अध्यक्ष प्रो. पारुल चौहान का सराहनीय योगदान रहा।



# मीट व्यापारी से रंगदारी मांगने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी में एक मीट व्यापारी से तीन लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को चिंतौली रोड से पकड़ा और उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक बलेनो कार भी बरामद की है।



जानकारी के अनुसार पीड़ित मीट व्यापारी मोहम्मद आरिफ ने पुलिस को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि उनका मदरसा रोड स्थित कमेले में मीट का गोदाम है। रविवार रात को वह अपने भाई सुहेल के साथ गोदाम पर सो रहे थे। रात करीब एक बजे कुछ लोगों ने उनके गोदाम का गेट पीटना शुरू कर दिया। जब उन्होंने गेट खोला, तो एक बलेनो कार, एक काले रंग की स्कॉर्पियो और एक स्कूटी पर सवार करीब आठ से दस लोग उनके गोदाम में घुस गए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए कहा कि तुम लोगों ने हमारे कहने के बावजूद तीन लाख रुपये नहीं पहुंचाए हैं। आज तुम्हें जान से मार देंगे। आरिफ ने बताया कि उन्होंने कुछ हमलावरों को पहचान लिया, जिनमें हाजी अनवार पुत्र अब्दुल हक और उसके लड़के अबरार, उवेश उर्फ ओसी, शुएब, चमन, तथा जमशेद व शौकत पुत्र समयदीन शामिल थे। कुछ अन्य साथी उनकी पहचान में नहीं आए। पीड़ित अपनी जान बचाने के लिए वहां से भाग निकले। पुलिस ने शिकायत पत्र के आधार पर संबंधित मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। सोमवार को पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी उवेश उर्फ ओसी पुत्र हाजी अनवार को गिरफ्तार कर उसके कब्ज़े से घटना में प्रयुक्त बलेनो कार बरामद की है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ड्रोन व चोरी की अफवाहों से रहे सतर्क: नीरज कुमार

**रोबिन शर्मा**

**गढ़मुक्तेश्वर।** रात के समय गांवों में ड्रोन दिखाई देने को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। पुलिस ने जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक शुरू कर दी। वहीं गदक कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार ने कहा कि ड्रोन उड़ाने की पुरानी वीडियो वायरल कर अफवाह फैलाई जा रही है। इस तरह की अफवाहों में लोग न आएं। ड्रोन की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं गांव सादुल्लापुर लोदी में मिले ड्रोन खिलौना पाया गया है। पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गढ़ के गांव पौपाई, हिरनपुरा, मानक चौक, भगवंतपुर, नयागांव, बक्सर, राजपुर, माधापुर सहित कई गांवों में रात के समय ड्रोन दिखाए देने का शोर मचा है। इसे लेकर ग्रामीणों में दहशत बनी है। ग्रामीण पहरा तक देने लगे हैं। इसे लेकर पुलिस गण मान्य लोगों के साथ बैठक कर रही है। वहीं सोमवार को कोतवाली परिसर में सीओ वरुण मिश्रा कहा कि रोजाना किसी न किसी गांव में ड्रोन उड़ने की सूचना मिल रही है, जो पूरी तरह झूठी है। उन्होंने कहा कि नदियों का सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है, हो सकता है सीमावर्ती क्षेत्रों में इसलिए ड्रोन उड़ाए जा रहे हों। उन्होंने बताया कि सादुल्लापुर लोदी में भी एक ड्रोन मिला तो एक बच्चे का है और आनलाइन मंगवाया गया था, जो खिलौना रुप में है। उन्होंने कहा कि अब कहा कि ड्रोन की जो वीडियो वायरल हो रही है वह सब पुरानी है, जो अफवाह फैलाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई स्वेच्छा से गांव में पहरा देना चाहता है तो उन लोगों के नाम की जानकारी थाने में होनी चाहिए। सीओ और कोतवाली प्रभारी ने कहा कि ग्राम स्तर पर ग्राम सुरक्षा समिति बनाई गई है, यदि कोई स्वेच्छा से ग्राम प्रहरी का काम करना चाहता है तो उसे करने दें। पुलिस ने सहयोग की अपील की। वहीं किसी के साथ पिटाई न करने की बात कहीं।



## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा की मौत, हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड स्थित वसंत विहार कॉलोनी में कक्षा नौ की एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। छात्रा के गले पर निशान मिलने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार मृतका का परिवार वसंत विहार में रहता है। छात्रा के पिता एक वाहन चालक हैं और वे अपने साले के घर में परिवार के साथ रह रहे थे। जबकि उनका नया मकान पास में ही बन रहा है। मृतका अपने माता-पिता की इकलौती बेटी थी। रविवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली। परिजन उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मृतका के गले पर निशान मिले हैं, जो संदेह को और बढ़ा रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का सटीक कारण स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस इस मामले में विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में हुई छात्र की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत मध्य गंग नहर के निकट मिनी ट्रक की चपेट में आकर छात्र की मौत होने के बाद मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं मिनी ट्रक को भी कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया हुआ है।

गांव लिसड़ी निवासी अमरपाल सिंह का 23 वर्षीय पुत्र आकाश कस्बा स्थित लाइब्रेरी में पढ़ाई करता है। रोजमर्रा के भांति रविवार की सुबह वह अपने साथियों के साथ लाइब्रेरी आए थे। जहां से वह नहर किनारे लगे हैंडपंप पर पानी लेने के लिए गए थे। तभी पीछे से आए मिनी ट्रक ने उनको टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक गाड़ी को लेकर वहां से फरार हो गया। वाहन की टक्कर लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त का प्रयास किया। काफी देर तक शव की शिनाख्त नहीं होने पर शव को पंचनामा भर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। कुछ देर के बाद शव की शिनाख्त हुई तो परिजन मौके पर पहुंच गए। वहां परिजन ने पुलिस पर बिना सूचना दिए शव को भेजने पर आक्रोश व्याप्त किया। पुलिस ने परिजन को समझाते हुए उनकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की और उसके बाद मिनी ट्रक को कब्जे में चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से थाना पिलखुवा क्षेत्र से चोरी की गई मोटर साइकिल बरामद की है। पुलिस के मुताबिक वाहन चोर की पहचान अभिषेक पुत्र सुशील निवासी मोहल्ला आर्यनगर थाना पिलखुवा जनपद हापुड के रूप में हुई है। जिसके कब्जे से थाना पिलखुवा क्षेत्र से चोरी की गई टीवीएस राईडर मोटर साइकिल बरामद हुई है। वाहन चोर को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### युवती का अपहरण करने वाला आरोपी गिरफ्तार, युवती बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने युवती का अपहरण करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को सकुशल बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि युवती के परिजनों द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया था। सोमवार को पुलिस ने युवती का अपहरण करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी साहिल पुत्र जहीर को गिरफ्तार कर युवती को सकुशल बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कागज़ी कार्रवाई करने के बाद युवती को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई जारी है।

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि थाने पर किशोरी के परिजनों द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया था संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। सोमवार को पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी तैय्यव पुत्र असलम निवासी ग्राम अमीपुर नगौला हैदरनगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड को नगोला बम्बा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# लायंस क्लब का प्लेटिनम अधिष्ठापन समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** लायंस क्लब हापुड़ प्लेटिनम का अधिष्ठापन समारोह 27 की रात टू नाइट बैंक्वेट हॉल में बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर नए पदाधिकारियों ने समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और क्लब को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ इनॉगरेशन ऑफिसर लायन पंकज विजलवान ने किया, जिन्होंने क्लब के नए सदस्यों का इनॉगरेशन भी किया।

इंस्टॉलेशन ऑफिसर लायन आदित्य गुप्ता ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उन्हें लायनवाद के सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान रहने के लिए प्रेरित किया। इंडक्शन ऑफिसर लायन नवनीत अग्रवाल ने नए सदस्यों को क्लब की सदस्यता की शपथ दिलाई। स्टार ऑफ इनवोकेशन की भूमिका लायन आलोक भटनागर ने निभाई। क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष विवेक गर्ग एडवोकेट ने अपने संबोधन में कहा कि माँ चंडी महारानी की कृपा और प्रेरणा से हमने क्लब के नए सत्र की शुरुआत की है। सभी सदस्यों ने सुबह चंडी मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की और समाज सेवा के इस नए अध्याय की शुरुआत की। हमारा उद्देश्य केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि एकजुट होकर ज़रूरतमंदों के लिए कार्य करना है। मुख्य अतिथि लायन विनय शिशोदिया ने क्लब के अन्य पदाधिकारियों के साथ मिलकर क्लब का इनॉग्रेशन किया। क्लब के सचिव लायन आशीष मित्तल ने क्लब की भविष्य की कार्ययोजनाओं के बारे में जानकारी दी। उपाध्यक्ष प्रथम लायन सचिन जिंदल ने अपने संबोधन में कहा कि क्लब के प्रोत्साहन से ही हमने एक नई टीम गठित की है और सभी मिलकर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। इस समारोह में प्रमुख समाजसेवियों, पत्रकारों एवं गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन भारती जिंदल एवं हर्षित अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में राजेंद्र गुप्ता, सुशील मित्तल, सचिन सुबोध गर्ग, मयूर मित्तल, मनोज अग्रवाल, अश्वनी वर्मा, विकास जैन, सचिन गर्ग, डा. अमित गॉड सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




# डीएम ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा, धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीएम अभिषेक पांडे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में चल रहे 50 लाख से अधिक और 50 लाख से कम लागत के निर्माण कार्यों की जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में डीएम ने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि 50 लाख से अधिक की परियोजनाओं में राजकीय महिला महाविद्यालय धौलाना, गौ संरक्षण केंद्र धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर में बृजघाट का निर्माण और आईटीआई शामिल हैं। डीएम ने आईटीआई को समय पर पूरा कर जल्द से जल्द संबंधित विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त डीएम ने 50 लाख से कम धनराशि वाली परियोजनाओं, जैसे बाल विकास परियोजना कार्यालय गढ़मुक्तेश्वर और प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राजकीय इंटर कॉलेज तथा अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मानक एवं गुणवत्ता सहित लक्ष्य को समय पर पूरा करने के लिए प्रभावी रणनीति बनाएं और उस पर अमल करें। उन्होंने गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न होने देने पर जोर दिया। बैठक के अंत में डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में विभागों की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आगामी समीक्षा बैठक से पहले खराब रैंक प्राप्त करने वाले विभागों को सुधार करने के लिए कहा। डीएम ने समस्त उपजिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारी को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का डेटा फीड करना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग/विद्युत/जल निगम/सिंचाई सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# दहेज़ हत्या में फरार आरोपी देवर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे हत्यारोपी देवर को किया गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे हत्यारोपी देवर गिरीश पुत्र देशराज निवासी ग्राम गालन्द थाना पिलखुवा जनपद हापुड को लाखन कट के पास से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# गाली गलौज का विरोध करने पर युवक के साथ की मारपीट, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव सादुल्लापुर निवासी विनित कुमार ने बताया कि उसकी गांव निवासी व्यक्ति से रंजिश चल रही है। पीड़ित ने बताया कि पुरानी रंजिश के कारण आरोपी ने रविवार की रात को उसके साथ गाली गलौज की। पीड़ित ने उसको मना किया तो आरोपी ने हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अमीर बनाने वाले आठ ठग गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ईकोटेक-1 कोतवाली पुलिस ने सोमवार को ज्वेलरी और घड़ियों में निवेश कर जल्दी अमीर बनने का सपना दिखाकर ठगने वाली ठग कंपनी का खुलासा कर आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी क्यूनेट/विहान नाम की फर्जी मल्टीलेवल मार्केटिंग कंपनी के जरिए निवेश कराने के नाम पर लोगों को करोड़पति बनाने का सपना दिखाते थे। फिर लाखों की ठगी कर लेते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 10 लैपटॉप, 13 मोबाइल फोन, पांच टैबलेट, 30 एटीएम कार्ड, एक करोड़ रुपये का चेक, चार महंगी घड़ियां और एक स्विफ्ट कार बरामद की है।



एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपी सेक्टर-1 और सेक्टर-4 के फ्लैटों में कुछ लोग ऑनलाइन फ्रॉड कंपनी चला रहे थे। पुलिस टीम ने दबिश देकर आठ आरो. पियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान पश्चिमी मेदिनीपुर बंगाल के विधान डागर (27), रांची झारखंड के सतीश शाव (29), बनासकांठा गुजरात के कल्पेश राजू भाई (23), लुधियाना पंजाब के गुरविंदर सिंह (29), मुक्तसर पंजाब के गुरदीप सिंह (39), पश्चिमी मेदिनीपुर बंगाल के कौशिक डागर (31), पूर्व मेदिनीपुर बंगाल के गणेश बेरा (23) और पश्चिमी मेदिनीपुर के तापस धारा (28) के रूप में हुई है।

सभी आरोपी विभिन्न राज्यों बंगाल, झारखंड, गुजरात और पंजाब से ताल्लुक रखते हैं। फिलहाल ग्रेटर नोएडा वेस्ट की अलग-अलग सोसायटी में किराये पर फ्लैट लेकर रहते थे। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह सभी लोग मिलकर एक संगठित तरीके से लोगों को ऑनलाइन मीटिंग और प्रेजेंटेशन दिखाकर करोड़पति बनने का सपना दिखाते थे।

# पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने पत्नी की हत्या के मामले में डाढ़ा कासना के अखिलेश पॉलीवाल को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना जमा नहीं करने पर दोषी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

घटना 3 सितंबर 2020 की दोपहर करीब 1:30 बजे की है। जब मृतका बिजली की मां सितारा खातून अपनी बेटी के घर पैसे देने आई थी। उसकी बेटी दूध के लिए पैसे मांग रही थी। तभी आरोपी अखिलेश जो शराब पीने का आदी था वह पैसे छीनने लगा। विरोध करने पर उसने अपनी पत्नी पर बसूली (हथौड़ी) और कन्नी से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी।

आरोपी ने मृतका की मां सितारा खातून के सामने ही उसकी बेटी की हत्या की गई थी। मां ने बचाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने उसे धक्का देकर गिरा दिया और वारदात को अंजाम दिया। मृतका की मां सितारा खातून ने घटना की लिखित तहरीर थानाध्यक्ष कासना को दी। पुलिस ने आरा. ेपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

**अपराध को दुर्लभतम श्रेणी में नहीं माना:** आरोपी के अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष दलील दी कि आरोपी अत्यंत गरीब, निर्धन व्यक्ति है। परिवार में कोई सगा संबंधी नहीं है और पहली बार अपराध में लिप्त हुआ है।

अत: उसे कम से कम सजा दी जाए। वहीं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) ने तर्क दिया कि आरोपी ने बड़ी बेरहमी से अपनी पत्नी की हत्या की है, जो अत्यंत गंभीर अपराध है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने यह मामला 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर यानी दुर्लभतम' श्रेणी में नहीं माना।

जिसके चलते फांसी की सजा नहीं दी गई। हालांकि न्यायालय ने अखिलेश पॉलीवाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा सात साल के सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

## पहली नीलामी में 31 आकर्षक नंबरों की लगी बोली

**नोएडा।** हल्के वाहनों की नई सीरीज यूपी 16एफबी के आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की पहली नीलामी के नतीजे सोमवार को जारी हो गए। नीलामी में 31 नंबरों की बोली लगी है। परिवहन विभाग से मिली जानक. ारी के अनुसार शाम छह बजे नीलामी के नतीजे जारी हुई है। वाहन मालिक परिवहन विभाग की वेबसाइट् चंतपऔंद.हवअ.पद पर नीलामी के नतीजे देख सकते हैं। इसमें एक, दो, पांच, छह, सात समेत अन्य नंबरों की बोली लगी है। बचे नंबरों के लिए मंगलवार से परिवहन विभाग की वेबसाइट पर फिर से पंजीकरण शुरू होंगे। चार दिन पंजीकरण के बाद उसके अगले तीन दिन तक नंबरों की बोली लगेगी।

# प्राधिकरण की 140वीं बोर्ड बैठक में लिए गए अहम निर्णय

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ईडब्ल्यूएस से लेकर 121 वर्ग मीटर एरिया तक के बहुमंजिला फ्लैट आवंटियों को बड़ी राहत दे दी है। उत्तर प्रदेष के मुख्य सचिव व ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न 140वीं बोर्ड बैठक में बहुमंजिला फ्लैटों के आवंटियों के लिए बकाया प्रीमियम व लीज डीड पर विलंब शुल्क के ब्याज पर राहत देने लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को मंजूरी दे दी गई है। यह ओटीएस 31 दिसंबर 2025 तक के लिए लागू होगी। लगभग 2000 फ्लैट खरीदारों को राहत मिल जाएगी।




प्राधिकरण के संपत्ति विभाग की तरफ से बहुमंजिला फ्लैटों के आवंटियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का प्रस्ताव रखा गया। विभाग की तरफ से बोर्ड को बताया गया कि एकमुश्त समाधान योजना लागू करने से लगभग 2000 बहुमंजिला फ्लैटों की लीज डीड होने निष्पादित होने का अनुमान है। बोर्ड ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी।

ओटीएस के लागू होने से प्रीमियम की बकाया धनराशि और लीज डीड के विलंब शुल्क पर राहत मिल जाएगी। प्राधिकरण इस निर्णय का कार्यालय आदेश शीघ्र जारी करेगा, जिसमें ओटीएस के लागू होने की तिथि भी निर्धारित रहेगी। सोमवार को बोर्ड बैठक के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह, एसीईओ सुमित यादव, एडीएम बच्चू सिंह, ओएसडी अभिषेक पाठक, जीएम वित्त विनोद कुमार, जीएम नियोजन लीनू सहगल, ओएसडी एनके सिंह, जीएम प्रोजेक्ट एके सिंह वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक मनोज सचान आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

## एक नजर

### पति और उसकी प्रेमिका पर प्रताड़ना का आरोप लगाया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-150 स्थित ऐस पार्क सोसाइटी में रहने वाली महिला ने अपने पति और युवती पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया हैं। पीड़िता का कहना है कि वह अपने बच्चों के साथ सोसाइटी में अप्रैल 2024 से रह रही हैं। कुछ महीने पहले तक सब ठीक था। लेकिन बीते तीन महीने से पति का व्यवहार अचानक बदल गया। उसने घर आना बंद कर दिया और एक युवती के साथ रहने लगा हैं। जब पीड़िता ने विरोध किया तो पति घर से उसके निजी जेवरात भी ले गया।

आरोप है कि युवती ने अपने मोबाइल नंबरों से पीड़िता, उसकी बहन और 14 साल की बेटी के इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर पति के साथ अश्लील और न्यूड फोटो भेजे। इन फोटो के साथ आपत्तिजनक ऑडियो मैसेज और जान से मारने की धमकियां भी भेजी गईं। जब पति से इस बारे में पूछा तो पति ने खुद कबूला कि फोटो उनकी सहमति से भेजे गए हैं। फोटो और मैसेज को देखकर पूरा परिवार, खासकर बच्चे, मानसिक रूप से टूट चुके हैं और घर का माहौल खराब हो गया है। युवती और पति लगातार उसे धमका रहे हैं कि वह आत्महत्या कर ले, वरना वह उसकी हत्या कर देंगे। वहीं कोतवाली पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

### ग्रेनो के 64 गांवों में स्ट्रीट लाइट और हाईमास्ट लाइटें लगेंगी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने जेवर विधानसभा के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा के 64 गांवों में स्ट्रीट लाइट और हाईमास्ट लाइटें लगाने जा रहा है। साथ ही रोजा याकूबपुर और खोदना खुर्द के छह फीसदी आबादी भूखंड में विद्युतीकरण के साथ ही स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर गांवों व सेक्टरों में ब्लैक स्पॉट चिंहित कर स्ट्रीट लाइटें व हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएंगी। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह की निगरानी में विद्युत अभियांत्रिकी विभाग ने इस पर कार्रवाई शुरू कर दी है। जेवर विधानसभा के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा के 64 गांवों में स्ट्रीट लाइट और हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएंगी। प्राधिकरण के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक अजित भाई पटेल ने बताया कि इन गांवों में 3740 स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त इन गांवों के श्मशान घाट, कब्रिस्तान, प्लेग्राउंड, बरातघर, चौराहों और स्कूलों में 80 हाईमास्ट लाइटें भी लगाई जाएंगी। स्ट्रीट लाइट और हाईमास्ट लाइटों के लिए कंपनियों का चयन कर लिया गया है। उनको कार्य शुरू करने के निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं रोजा याकूबपुर और खोदना खुर्द के छह फीसदी आबादी भूखंड में विद्युतीकरण और स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए सीईओ एनजी रवि कुमार से मिले थे।

सीईओ के निर्देश पर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के वर्क सर्किल एक की टीम ने मौके पर जायजा लिया। एसीईओ प्रेरणा सिंह को रिपोर्ट सबमिट की और एसीईओ ने मंजूरी दे दी है। अब टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य को शीघ्र शुरू करने की तैयारी है। इससे पहले विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के वर्क सर्किल-2 के वरिष्ठ प्रबंधक सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में टीम ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा वन व टू, बीटा वन व टू, गामा वन व टू, डेल्टा वन, टू व थ्री और ईटा वन व टू में अभियान चलाकर खराब स्ट्रीट लाइटों और हाईमास्ट लाइटों को दुरुस्त कराया।

### ऐमनाबाद बंध पर रेगुलेटर का निर्माण, बाढ़ के समय बैक फ्लो रोकने में मिलेगी मदद

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बारिश के समय हिंडन नदी में बाढ़ की स्थिति होने पर शहर में पानी आने से रोकने के लिए ऐमनाबाद बंध पर रेगुलेटर का निर्माण कराये जाने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। यह कार्य सिंचाई विभाग कराएगा। इसे बनाने का खर्च ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण वहन करेगा। बोर्ड से मंजूरी होने के बाद अब प्राधिकरण सिंचाई विभाग को 10.56 करोड़ रुपये का भुगतान शीघ्र ही कर देगा। सिंचाई विभाग टेंडर प्रक्रिया पूरी कर रेगुलेटर का निर्माण शुरू करेगा। इस रेगुलेटर के बनने से बाढ़ के दौरान पानी शहर में आने से रोकने में मदद मिलेगी।

# कार टायर चोरी करने वाले बदमाशों से हुई पुलिस की मुठभेड़, चार गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने सोमवार तड़के कारों के टायर चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दो बदमाशों को गोली लगी है। इनकी पहचान बदायूं के मनोज, फिरोजाबाद के अंकित के रूप में हुई है। कांबिग में पकड़े गए बदमाशों की पहचान शाहजहांपुर के राहुल और आगरा के मनीष के रूप में हुई है। आरोपी वर्तमान में सूर. जपुर इलाके में रह रहे थे। गिरोह के कब्जे से चोरी के 20 टायर मय रिम, 10 अलॉय व्हील, दो जैक, एक टायर लीवर और 4200 रुपये नकद, तमंचा, कारतूस, चाकू और घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुई है।



एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि सोमवार तड़के सुबह पुलिस गश्त करते हुए गामा-1 इलाके के पास पहुंची। पुलिस को वहां एक स्विफ्ट कार दूसरी कार के पास संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखी। जिसमें दो व्यक्ति बैठे थे जबकि अन्य दो कार के पास घूम रहे थे। पुलिस को देखकर बाहर घूम रहे बदमाश कार में बैठने लगे और भागने की कोशिश की। पुलिस की चारों ओर से घेराबंदी देखकर बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश मनोज और अंकित के पैरों में गोली लगी और वे घायल हो गए।

**जाकिर और हर्ष को बेचते थे टायर:** पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वह चारों मिलकर एक सक्रिय गिरोह चलाते हैं। दिन में यह लोग घर के बाहर सेक्टर, कॉलोनियों में खड़ी होने वाली कारों की घूमकर रेकी करते थे। रात में घरों के बाहर खड़ी कारों के टायर, अलॉय व्हील और अन्य सामान चोरी कर लेते थे।

चोरी के टायर और सामान जाकिर और हर्ष नामक व्यक्तियों को बेचकर मोटी कमाई करते थे। पुलिस फरार जाकिर व हर्ष की तलाश में छापेमारी कर रही है। आरोपी पुराने टायर और रिम को उनकी वैरायटी और कीमत के हिसाब से सस्ते दाम पर बेचकर इससे मिलने वाले पैसे से मौज मस्ती करते थे।

## नाग पंचमी आज मनाई जाएगी

**नोएडा।** नागपंचमी मंगलवार को मनाई जाएगी। मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान भोले नाथ के संग नाग देवता की पूजा करने से श्रद्धालुओं की मनोक. ामनाएं पूरी होती हैं। खासकर पितृ दोष और कालसर्प दोष का प्रभाव कम होता है। इसे लेकर मंदिरों में रविवार को अनुष्ठान की तैयारी की गई। सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, वोडा महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक और महाभिषेक होगा। सनातन धर्म मंदिर के पुजारी हरेंद्र नाथ दुबे ने बताया कि भगवान शिव के साथ नाग देवता की पूजा-अर्चना होगी। भक्त सर्प देवता को हल्दी, लाल सिंदूर, अक्षत और पुष्प अर्पित करेंगे।

## बेटी के साथ लौट रही महिला की क्रेन से कुचलकर मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के निकट बीते शुक्रवार दोपहर क्रेन से कुचलकर महिला की मौत हो गई। वह उस समय बेटी के साथ पैदल घर लौट रही थी। महिला के पिता ने क्रेन के चालक के खिलाफ सेक्टर-63 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जिला सोनभद्र के वैरीहवा टोला निवासी दूधनाथ ने पुलिस को बताया कि बेटी तारा सेक्टर-63 के ए ब्लॉक में झुग्गी डालकर पांच बच्चों के साथ रहती थी। वह मजदूरी करके बच्चों का भरण-पोषण करती थी। तारा 25 जुलाई की दोपहर अपनी बेटी सुनैना के साथ काम करके घर वापस लौट रही थी। सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के नीचे से सड़क पार करते समय क्रेन के चालक ने उसे टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही तारा सड़क पर गिर गई और क्रेन ने उसे कुचल दिया। गंभीर हालत में उसे दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़ित के मुताबिक महिला के चार बच्चे हैं। बड़ी बेटी 10 वर्ष, छोटी बेटी छह वर्ष और तीन छोटे पुत्र आठ वर्ष, पांच वर्ष और ढाई वर्ष के हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रेम प्रसंग से नाराज था पिता, कर दिया बेटी का कत्ल

- फिर खुद फांसी लगाकर दे दी जान

**नोएडा।** कासना कोतवाली क्षेत्र के सिरसा नई कॉलोनी में सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एक पिता ने अपनी बेटी की हत्या कर खुद भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधार कुमार का कहना है कि सोमवार सुबह कासना कोतवाली पर डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने फंदा लगा लिया है और पास में एक युवती का शव भी पड़ा है। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचकर देखा तो एक व्यक्ति पंखे से फंदे पर लटका हुआ था, जबकि उसके पास ही एक युवती मृत अवस्था में पड़ी थी।मृतक की पहचान वाजिदपुर थाना जगनेर आगरा के अशोक कुमार के रूप में हुई है। वह सिरसा नई कॉलोनी में खुद का मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहे थे। मृत युवती की पहचान अशोक कुमार की बेटी संजना के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके परिजनों से पूछताछ की, जिसमें यह सामने आया कि संजना का किसी युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था।

## लूटपाट करने वाला गैंगस्टर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर ऐक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे बदमाश को गिरफ्तार किया। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस फरार बदमाश के साथियों की तलाश में जुटी है। बिसरख कोतवाली प्रभारी ने बताया कि गैंगस्टर ऐक्ट में वांछित बदमाश देवराज उर्फ लुक्का को थाना बिसरख क्षेत्र के अंतर्गत यादव चौक से गिरफ्तार किया गया है। बदमाश देवराज उर्फ लुक्का द्वारा पूर्व में अपने साथियों के साथ मिलकर थाना बिसरख क्षेत्रांतर्गत सेक्टर-1 स्थित बिग बास्केट स्टोर के चौकीदार को डरा धमकाकर मोबाइल फोन, नगद रुपये व अन्य कीमती सामान लूट की घटना की गई थी।

# टॉय पार्क सेक्टर-33 में यीडा ने आवंटियों संग किया संवाद, सीईओ ने दी हिदायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से सोमवार को टॉय पार्क, सेक्टर-33 के आवंटियों के साथ एक महत्वपूर्ण इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्वयं मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह (सीईओ) ने की। सत्र का उद्देश्य टॉय पार्क योजना से जुड़े आवंटियों की विभिन्न समस्याओं को सुनना और उनका समाधान सुनिश्चित करना था।

बैठक में लीज डीड निष्पादन, कब्जा प्रमाण पत्र, मानचित्र स्वीकृति और निर्माण से जुड़ी बाधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्राधिकरण की ओर से जानकारी दी गई कि अब तक टॉय पार्क योजना के अंतर्गत कुल 140 भूखण्ड आवंटित किए जा चुके हैं। इनमें से 97 आवंटियों को चेकलिस्ट जारी कर दी गई है और 84 आवंटियों ने अपनी लीज डीड निष्पादित कर ली है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि क्लस्टर टॉय पार्क योजना, केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसे देश में खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है।

उन्होंने आवंटियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना ब्रोशर के अनुसार लीज डीड निष्पादन के पश्चात निर्धारित समयसीमा के भीतर अपनी-अपनी इकाइयों को क्रियाशील बनाना अनिवार्य है।

प्राधिकरण ने सभी आवंटियों से अनुरोध किया कि वे अपनी लीज डीड निष्पादन की तिथि, कब्जा प्राप्ति की तिथि, भवन मानचित्र की स्वीकृति तिथि के साथ एक सुनियोजित कार्ययोजना (।बजपवद च्संद) यथाशीघ्र उपलब्ध कराएं, ताकि योजना को समयबद्ध तरीके से सफल बनाया जा सके। सत्र में आवंटियों ने भी निर्माण कार्य और प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जुड़ी अपनी समस्याओं को साझा किया, जिस पर अधिकारियों ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस संवाद कार्यक्रम को टॉय पार्क योजना के कुशल कार्यान्वयन की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

## छात्रों ने प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया

**नोएडा।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर सोमवार को सेक्टर-62 स्थित आईएमएस में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी की रक्षा पर्यावरणीय परिवर्तन के लिए युवा विषय पर पोस्टर बनाकर प्रकृति का संदेश दिया। प्रतियोगिता में पहले स्थान पर मोहिनी जयसिंह, दूसरे पर रोनक और तीसरे स्थान पर निखिल रहे।

# महादेव पर जल चढ़ाकर मनोकामना मांगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सावन मास के तीसरे सोमवार पर भक्तों ने मंदि. रों में भगवान शिव का जलाभिषेक और पूजन किया। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए पहुं. चने लगे। महादेव पर जल चढ़ाकर मनोकामना मांगीं। कई मंदिरों में रुद्राभिषेक और हवन का आयोजन भी किया गया। सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर में सुबह भगवान का श्रृंगार किया गया। इसके बाद भगवान की आरती हुई। मंदिर के पुजारी हरेंद्र नाथ दुबे ने बताया कि सुबह बड़ी संख्या में भक्तों ने जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया।



शाम को भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। सेक्टर-100 स्थित वोडा महादेव मंदिर में हरिद्वार, प्रयागराज और मथुरा के पंडितों ने रुद्राभिषेक कराया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सेक्टर-20 स्थित श्रीहनुमान मंदिर, सेक्टर-100 स्थित वोडा महादेव मंदिर, सेक्टर-2 स्थित लाल मंदिर, सेक्टर-44 के शिव शक्ति सहित अन्य स्थानीय मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना और जलाभिषेक किया। सेक्टर-82 स्थित प्राचीन तपोभूमि ब्रम्हचारी कुटी में महंत ओम भारती महाराज के सानिध्य में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कराया गया। मंत्रोच्चार के बीच दुग्धधारा से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। शिव परिवार की पूजा अर्चना की गई। भोलेनाथ का श्रृंगार भी किया गया। रुद्राभिषेक के बाद हवन हुआ और आरती के उपरांत प्रसाद वितरण हुआ।

# वाहन चोरी के आरोप में नाबालिग समेत चार पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना पुलिस ने सोमवार को जांच के दौरान दौरान दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में नाबा. लिग समेत चार लोगों को पकड़ा। आरोपियों के पास से दो स्कूटी, एक बाइक और अवैध हथियार बरामद हुआ। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली कि दोपहिया वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी सी ब्लॉक में सर्विस रोड पर आने वाले हैं। पुलिस ने जांच के दौरान दोनों आरोपियों को दबोच लिया। उनकी पहचान जिला एटा के कासौन गांव निवासी आशिक अली और जिला गोरखपुर के भिटा राम सैन निवासी अंकुश चौधरी के रूप में हुई। आशिक वर्तमान में सेक्टर-63ए में और अंकुश हो. शियारपुर गांव में रहता है।

दोनों के पास से चोरी की एक बाइक बरामद हुई। वहीं, पुलिस ने एक नाबालिग समेत दो लोगों को पकड़ा। बालिग आरा. ेपी की पहचान नितिन के रूप में हुई। दोनों के पास से दो स्कूटी और अवैध हथियार बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह दोपहिया वाहन चोरी करते हैं। पुलिस ने बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# 15 अगस्त तक स्कूलों को दोबारा चालू नहीं किया गया तो होगी महापंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सरकार ने 50 से कम उपस्थिति वाले बच्चों के स्कूलों को बंद करने और उनके अन्य स्कूलों में विलय करने का निर्णय लिया है। इस फैसले का बागपत में भरपूर विरोध हो रहा है। कलेक्ट्रेट पर विरा.ेध प्रदर्शन किया गया। इसमें समा. जवादी पार्टी, कांग्रेस पार्टी, आम आदमी पार्टी सहित किसान संगठन भी मौजूद रहे। सभी ने स्कूलों के विलय के निर्णय को वापस लेने की मांग की है।

प्रदर्शन कर चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग नहीं मानी जाती है तो 15 अगस्त को एक महापंचायत का आयोजन होगा। कलेक्ट्रेट पर सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर ने कहा कि सरकार शिक्षा का निजीकरण करना चाहती है। इसलिए स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया गया है। बागपत में करीब 40 प्राथमिक स्कूलों को बंद किया गया है। आम आदमी पार्टी के नेता सोमेंद्र ढाका ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों के बच्चों की शिक्षा पर इसका बहुत दुष्प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगर स्कूल में बच्चों की उपस्थिति कम थी तो यह सरकार की किलता है। उन्होंने मांग की है कि जिन स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया गया है, उन्हें दोबारा चालू किया जाए। बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाए। 15 अगस्त तक स्कूलों को दोबारा चालू न किए जाने पर एक बड़ी महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। सरकार के निर्णय के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। धरना प्रदर्शन के दौरान सोमेन्द्र सिंह ढाका, आप जिलाध्यक्ष ओमबीर सिंह सैन, ब्रहम सिंह, जयपाल ढाका, देवेन्द्र, अजित, मनोज, मोनू, रविन्द्र, राहुल, धर्मदेव आदि मौजूद रहे।



# कैंटर की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र केरू दाहा गांव के कांवड़ शिविर से टीकरी जाते समय कैंटर की टक्कर से घायल हुए संदीप 34वर्षीय की मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। संदीप मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। टीकरी कस्बा निवासी देवेंद्र ने बताया कि उसका बेटा संदीप 23 जुलाई की रात दाहा गांव के कांवड़ शिविर से घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह पुसार-बराल मार्ग पर गैस गोदाम के समीप पहुंचा तो पीछे से आए कैंटर ने संदीप की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में संदीप घायल हो गया, जिसका मेरठ के निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। रविवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है। तीन बेटों की मौत से बुजुर्ग देवेंद्र के कंधों पर आई जिम्मेदारी टीकरी निवासी देवेंद्र ने बताया कि उसके तीन बेटों में प्रदीप की दो साल पहले दिमाग की नस फटने से मौत हो गई थी। एक साल पहले दूसरे बेटे नीरज की बीमारी से मौत हो गई। नीरज के परिवार में उसकी पत्नी रेनू, बेटे पारस, प्रिंस और बेटी वंशिका है। अब सड़क हादसे में घायल संदीप की मौत हो गई। परिवार में पत्नी कविता, बेटे हर्ष, लवकुश, वंश और छह माह की बेटी हैं। संदीप की मौत होने से पूरे परिवार की जिम्मेदारी बुजुर्ग देवेंद्र के कंधों पर आ गई है।

# पशुओं के लिए चारा लेने जा रही मां-बेटी के साथ बाइक सवार दो युवकों ने की छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में रविवार शाम एक गंभीर घटना सामने आई। पशुओं के लिए चारा लेने जंगल की ओर जा रही मां-बेटी के साथ बाइक सवार दो युवकों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर दोनों ने दोनों के साथ मारपीट भी की।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र की है। मां-बेटी जब गांव से कुछ दूरी पर पहुंची, तभी बाइक पर सवार दो युवक वहां आए। उन्होंने मां बेटी के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब मां-बेटी ने इसका विरोध किया तो दोनों युवकों ने उनके साथ मारपीट की। पीड़ितों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े। स्थानीय लोगों को आता देख दोनों आरोपी बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मां-बेटी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुरे महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को शिवालयों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ रहा है। सुबह से ही शिवालयों पर भारी भीड़ पहुंच रही है। भक्त भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर अपनी मनोक.ामनाएं मांग रहे हैं।

बागपत के ऐतिहासिक पुरा महादेव, परशुराम रामेश्वर मंदिर सहित जनपद के सभी शिवालयों में शिवभक्त बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे हैं। भक्त भगवान आशुतोष को जलाभिषेक कर अपनी मनोक.ामनाएं मांग रहे हैं। तीसरे सोमवार को बागपत पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। जहां-जहां शिवालयों पर अधिक संख्या में शिवभक्त पहुंच रहे हैं,



वहां पर सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से भी पुलिस नजर बनाए हुए है।

ऐतिहासिक मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जय भगवान शर्मा ने बताया कि श्रावण मास में भगवान शिव की भक्ति करने से हर मनोक.ामना पूर्ण होती है।

उन्होंने कहा कि यह महा तपस्या का महीना है। जनपद के खटा प्रहलादपुर गांव के महेश मंदिर, खेकड़ा के शिव मंदिर सहित जनपद के सभी शिवालयों में बड़ी संख्या में शिवभक्त भगवान आशुतोष को जलाभिषेक कर रहे हैं। सुबह से ही बड़ी संख्या में शिवभक्त भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए पहुंच रहे हैं।

## एक नजर

### गांव में सफाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गढी कलंजरी गांव में दलित बस्ती में जलभराव के चलते पैदा हुए मच्छरों के चलते बीमारी का माहौल है जिससे अनेक बच्चे बुखार से पीड़ित है। ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए सफाई करानें की मांग की है।

गढी कलंजरी गांव में दलित बस्ती में जलभराव के चलते ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव के चलते मच्छर पैदा होने के कारण बस्ती में अनेक बच्चे बुखार से पीड़ित है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार उन्होंने उच्च अधिकारियों से शिकायत कि लेकिन कोई समाधान नही हो सका ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव के कारण मच्छर पैदा होने से बस्ती मे बच्चे बीमार है जिसे लेकर ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए गांव में सफाई कराने कि मांग कि है। प्रर्दशन करने वालो में जयपाल, नेहा, विमलेश, निखिल, भूरे, निशांत, पूजा, उषा आदि मौजूद थे।

### डीएम ने किया आँखें के नेतृत्व में गौरैया बुलाओं-पौधें लगाओं अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समाजिक संस्था आँखें मिडिया सोशल नेटवर्क के नेतृत्व में वरिष्ठ समाजसेवी अजय संगल शामली की प्रेरणा से जिलाधिकारी को समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय व मास्टर राकेश सरोहा ने चिडियाँ का घोसला भेटकर गौरैया बुलाओं-पौधें लगाओं अभियान को प्रारम्भ किया। आँखें मिडिया सोशल नेटवर्क के पर्यावरण रक्षकों द्वारा जनपद में हजारों गौरैया के घोसले लगाकर नष्ट हो रही चिडियाँओं की प्रजातियों को बचाने का बिड़ा उठाया गया। जिलाधिकारी ने गौरैया बुलाओं-पौधें लगाओं अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा गौरैया और पौधों दोनों ही पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है। आँखें द्वारा संचालित यह अभियान प्रेरणादायक है। आँखें के पर्यावरण रक्षक समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय ने अभियान को प्रारम्भ करते हुए कहा कि गौरैया का चहचहाना वातावरण में एक सकारात्मक ऊर्जा उत्पन करता है। साथ उनके चहचहाना की ध्वनी से वातावरण में मौजूद विषाणु नष्ट होते है। यह अभियान केवल पर्यावरण के लिए ही नहीं मानसिक रूप पीड़ित व्यक्ति के लिए भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि गौरैया की आवाज़ एक मेडिटेशन है।

### पर्यावरण जागरूकता व वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सोमवार को जनता वैदिक कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई 4 द्वारा विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डा.इंदु, कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस द्वारा की गई। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। प्रत्येक नागरिक का यह उत्तरदायित्व है कि वह प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा.शीश पाल, अध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग रहे। उन्होंने कहा कि मनुष्य प्रकृति का अभिन्न अंग है और इसकी रक्षा करना हमारी प्राथमिक ज़िम्मेदारी है। यदि हम प्रकृति का संरक्षण नहीं करेंगे, तो हमारा स्वयं का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। कार्यक्रम में आमंत्रित डा.प्रशांत मिश्रा ने अपने प्रेरणादायक भाषण में कहा कि प्रकृति ही वास्तव में भगवान है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम मंदिरों में ईश्वर की पूजा करते हैं, उसी प्रकार हमें पेड़ों, नदियों, वनों और समस्त प्रकृति की भी श्रद्धा और भक्ति से पूजा करनी चाहिए। यह पूजा केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि सेवा और संरक्षण के रूप में होनी चाहिए। इस अवसर पर डा.मनोज शर्मा, डा.रेणु चौधरी, डा.तारकेश्वर नाथ तिवारी, डा.चंद्रपाल सिंह और शलश कुमार ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और पर्यावरण संरक्षण को समय की आवश्यकता बताया। सभी अतिथियों ने वृक्षारोपण में भाग लिया और विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया और लगाए गए पौधों को विशेष नाम दिए गए। एक पौधे को ष्माँ की छाया नाम दिया गया जो मातृत्व, सुरक्षा और शीतलता का प्रतीक है। इसके अतिरिक्त स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पूरे आयोजन की सफलता में तनु, मुनमुन शर्मा, आनमिका और मनु शर्मा का विशेष योगदान रहा।

# डीएम व एसपी ने सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी अस्मिता लाल और पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने जेल की बैरिकों की सघन तलाशी कराई और जेल प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

तलाशी के दौरान अधिकारियों को कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। फिर भी उन्होंने सुरक्षा को लेकर कड़े निर्देश जारी किए। अधिका. रियों ने स्पष्ट किया कि कोई भी कर्मचारी अपनी डयूटी में लाप. रवाही न बरते। निरीक्षण के दौरान जेल कर्मियों में हड़कंप मचा रहा। निरीक्षण समाप्त होने के बाद जेल प्रशासन के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। डीएम और एसपी ने जेल चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपचार प्राप्त कर रहे बंदियों से बातचीत की। उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने जेल में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली भी जांची। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई अधिकारी अपने कार्यों में लापरवाही बरतेगा तो उस पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जेल प्रशासन में डीएम और एसपी के आगमन से हड़कंप मचा था, जो निरीक्षण पूरा होने के बाद ही शांत हुआ।



# 31 जुलाई को भगवान पारसनाथ पर चढ़ेगा आस्था का लड्डू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे से जैन समाज के 120 श्रद्धालुओं का एक भव्य जत्था झारखंड स्थित पावन तीर्थ सम्मेद शिखरजी की यात्रा पर रवाना हुआ। श्रद्धालु 27 किलोमीटर की दुर्गम और पर्वतीय यात्रा नंगे पांव तय कर भगवान पारसनाथ के चरणों में लड्डू चढ़ाकर पूजा अर्पित करेंगे। यात्रा धार्मिक आस्था, कठोर संयम और जीवदया के भाव का प्रतीक बन गई है।

श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर कमेटी कोषाध्यक्ष राहुल जैन, एवं समाजसेवी अभिषेक जैन व अन्य पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह तीर्थ स्थल झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित है, जिसे जैन धर्म का हिमालय और सबसे पवित्र पर्वत शिखरजी माना जाता है। यही वह स्थान है जहाँ जैन धर्म के 20 तीर्थंकरों ने निर्वाण प्राप्त किया था। जंगलों, घाटियों और पहाड़ियों से होकर गुजरने वाली यह यात्रा हर साल हजारों श्रद्धालुओं द्वारा संयम और श्रद्धा के साथ पूर्ण की जाती है। इस यात्रा में संयम जैन, राहुल जैन, अक्षत जैन, अंकित जैन, दीपक जैन, विशाल जैन,यश जैन, चांदनी जैन,नेहा जैन, पारस जैन, ऋषभ जैन सहित अनेक श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। श्रद्धालुओं ने कहा कि यह यात्रा केवल पैरों की नहीं, आत्मा की तपस्या है। 31 जुलाई को सभी श्रद्धालु भगवान पारसनाथ के चरणों में लड्डू चढ़ाकर विशेष आराधना करेंगे। जैन समाज के इस विशाल धर्मयात्रा आयोजन को लेकर पूरे छपरौली क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है।

# चोर समझ कार सवारों पर हमला कर की तोड़फोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ड्रोन की दहशत को लेकर पहरा दे रहे युवकों ने एक कार सवारो को चोर समझ देर रात्रि हमला कर कार में तोडफोड की पीड़ित के रिश्तेदारों ने थानें में तहरीर देते हुए कारवाही की मांग की है।

ड्रोन को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है। रटौल में ड्रोन की दहशत को देखते हुए युवक लाठी डन्ड़ो के साथ पहरा दे रहे थे तभी नहर के पुल के समीप देर रात्रि एक कार आयी तो युवकों ने उन्हें रूकनें का इशारा किया, लेकिन उन्होंने कार नही रोकी तो युवकों ने कार पर हमला बोल तोडफ़ोड़ शुरू कर दी कार में गुडडू पुत्र सिराज,जुनैद पुत्र मुमताज, महमूद अकरम पुत्र इज्जत अली व आसिफ पुत्र शाहिद निवासी अलीगढ़ सवार थे जो रटौल अपनी रिश्तेदारी में इब्बन के यहा आये थे। उन्होंने लाठी ड़न्डे सवार युवकों को बदमाश समझ गाडी नही रोकी थी जिसके चलते गाड़ी में तोड़फोड़ हुई रटौल निवासी इब्बन ने 150 अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर देते हुए कारवाही की मांग की है।




# अवैध हथियारों के साथ युवक की तस्वीर वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के एक गांव के युवक का सोशल मीडिया पर एक युवक की कई आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वह कई अवैध हथियारों के साथ नजर आ रहा है। वायरल हो रही तस्वीरों में युवक अर्धनग्न अवस्था में सोफा पर बैठा है और उसके हाथों में एक नहीं, बल्कि तीन चार तमंचे दिखाई दे रहे हैं। यही नहीं, फोटो के एक कोने में एक युवती के साथ युवक की एक और तस्वीर चस्पा है, जिस पर मेरा बच्चा लिखा हुआ है।

सोशल मीडिया युवक के फोटो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का विषय बना हुआ है। इस मामले में जब छपरौली थानाध्यक्ष देवेश कुमार शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वायरल फोटो की जांच की जा रही है। सत्यता की पुष्टि के बाद मामले को गंभीरता से लिया जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस टीम इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। वायरल तस्वीरें न सिर्फ अवैध हथियारों की उपलब्धता पर सवाल खड़े करती हैं, बल्कि कानून के खुले उल्लंघन और समाज में गलत संदेश फैलाने वाली मानसिकता की ओर भी इशारा करती हैं।



# उत्तम क्षमा होता है सबसे बड़ा धर्म, प्रभु दर्शन से मिलता है नूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज द्वारा 16 मंडलीय 16 दिवसीय महामंडल शांति विधान का चौथा दिन है यह विधान भगवान शांतिनाथ की आराधना और अभिषेक के लिए किया जाता है। इस विधान का उद्देश्य विश्व शांति समृद्धि और सद्भाव स्थापित करना है। आचार्य श्री 108 नयन सागर महाराज ने विधान के माध्यम से कहा उत्तम क्षमा सबसे बड़ा धर्म होता है। प्रभु दर्शन से नूर मिलता है, गम में दिल को सुरूर मिलता है, जो भी आया शांतिनाथ के चरणों में, उसे फल जरुर मिलता है। उत्तम क्षमा सबसे बड़ी क्षमता होती है। कसायों का वजन जितना कम कर सकते हो काम कर लेना चाहिए। उसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी क्षमा धर्म है क्षमा धर्म सबसे बड़ा होता है। गलती का प्रायश्चित है क्षमा मांग लेना। पूजा सुबह 6 बजे शुरू होती है। इसमें विश्व शांति के लिए विधान किया जाता है। इसके बाद मंडल विधान की पूजा होती है। इसमें 16 पुण्याजक परिवार शामिल होते हैं जिसमें प्रत्येक भाग में कम से 8 16 32 64 अरघ चढ़ाए जाते हैं और पांच महाअर्घ्य चढ़ाए गए। आज के विधान में सो धर्मेंद्र बनने का सौभाग्य अरुण जैन ज्वैलर्स बुडसैनी वालों परिवार को मिला। आज की धर्म सभा में प्रवीण जैन मनोज जैन दिनेश जैन मनोज जैन संभव सतीश जैन राजेश जैन राकेश जैन आदि ने भाग लिया।

# किशोरी की मौत का कारण नहीं पता चलने पर दोबारा किया गया पोस्टमार्टम, पूरी घटना का राजफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के पलड़ा गांव में सानिया की गला दबाकर की हत्या इस मामले की छानबीन की जांच पूरी हो चुकी है। प्रेम प्रसंग को लेकर स्वजन ने किशोरी की गला घोंटकर हत्या कर दी और शव दफना दिया। शनिवार को डीएम के आदेश पर शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम किया गया। मौत का कारण पता नहीं चलने पर चिकित्सकों का पैनल सोमवार को दोबारा पोस्टमार्टम किया गया। वहीं, पुलिस का दावा है कि अनुसूचित जाति के किशोर से शादी की जिद करने पर परिवार व रिश्तेदारी के 11 लोगों ने किशोरी की हत्या की थी। उसके भाई समेत पांच आरो. पितों को गिरफ्तार करने के अलावा एक किशोर को भी पकड़ा है। उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। किशोर को बाल सुधार गृह भेजा गया है। अनुसूचित जाति के 17 वर्षीय किशोर का मुस्लिम समाज की 16 वर्षीय किशोरी सानिया के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन नाबालिग थे। एक सप्ताह पहले दोनों घर से चले गए थे। चार दिन पहले किशोरी को हिमाचल प्रदेश से उसके स्वजन अपने साथ ले आए थे। 22 जुलाई की रात 16 वर्षीय सानिया को उसके ही स्वजन और रिश्तेदारों ने मौत के घाट उतार दिया था और टीबी से मौत होने की बात कहते हुए 23 जुलाई की सुबह शव कब्रिस्तान में दफना दिया। सानिया के प्रेमी अनुसूचित जाति के किशोर के पिता की सूचना पर पुलिस ने किशोरी के ताऊ मतलूब को पकड़कर पूछताछ की तो पूरी घटना का राजफाश हो गया। शनिवार को पुलिस ने मतलूब की निशानदेही पर सानिया के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। दो चिकित्सकों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। कुटुंब के लोग व ग्रामीण किशोरी के शव को एबुलेंस से लेकर रवाना हो गए थे। रास्ते से एंबुलेंस वापस बुलाकर किशोरी का शव मर्चरी में रखवा दिया गया था। एएसपी एनपी सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में किशोरी के पिता वलीस, भाई साहिब, ताऊ मतलूब, चाचा सादिक, तहेरे भाई आरिस, पूफा नसीम, फूफा शान मोहम्मद, एक किशोर व तीन अज्ञात आरो. पितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। आरोपितों ने सानिया के मुंह पर कपड़ा रखकर दबा दिया था, जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई थी। रविवार को किशोरी के भाई साहिब, चाचा सादिक, फूफा शान मोहम्मद व नसीम, ताऊ मतलूब को गिरफ्तार करने के अलावा एक किशोर को भी पकड़ कर घटना में प्रयुक्त कपड़ा बरामद किया गया।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र नदीम व पुत्रवधू नगमा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

शौकीन पुत्र सद्दीक निवासी पट्टी छिजाना कस्बा टीकरी थाना दोघट तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र दिलशाद व पुत्रवधू शगुफ्ता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

जहीर पुत्र ताजुल निवासी मौहल्ला मुगलपुरा कस्बा व थाना बागपत जनपद बागपत।

**PUBLIC NOTICE**

In my son's school records, his date of birth is 28.09.2014 and my name is Mohammad khurshid khan which is wrong. Whereas his correct date of birth is 28.09.2011 and my correct name is Mohamad Khurshid Khan.Mohamad Khurshid Khan s/o Mohamad Rahishu Khan res. of Court Road, Old Tehsil Baghpat.

**NOTICE**

I , Ritu mother of Pari , resident of faizpur ninana baghpat do hereby declare that her name has been wrongly written as Pari Dhankar in school records the correct name is "Pari" and her category is wrongly written as general but her correct category is "OBC". I request the concerned authorities and general public to note this correction.

# टिकौला चीनी मिल से निकला जहरीला पानी कर रहा फसलों को बर्बाद

- किसानों ने एसडीएम से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग
- बुढ़ी गंगा में मिलकर खेतों में फैल रहा जहरीला कैमिकल युक्त पानी
- फसल बर्बाद के साथ खादर के किसानों को हो रहा चर्म रोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** टिकौला शुगर मिल रामराज से निकल रहा कैमिकल का जहरीला पानी हस्तिनापुर खादर क्षेत्र में पहुंचकर किसानों की फसल बर्बाद कर रहा है। परेशान किसान सोमवार को आपबीती लेकर तहसील मवाना पहुंचे और प्रदूषित पानी की निकासी पर रोक लगाने व मिल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। किसानों ने प्रदूषित पानी से उनमें चर्म रोग फैलने की बात भी कही है। किसानों की समस्या का समाधान नहीं होने पर आरटीआई कार्यकर्ता सुरेश कुमार ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करने की चेतावनी दी है।

किसान एवं आरटीआई कार्यकर्ता सुरेश कुमार के नेतृत्व में हस्तिनापुर खादर क्षेत्र के किसान सोमवार को तहसील मवाना में पहुंचे। किसान अतर सिंह, अवतार सिंह, मनजीत सिंह, गुरमीत सिंह, प्रेम सिंह, प्रीतम सिंह आदि ने बताया कि वर्ष 1999 से टिकौला शुगर मिल रामराज से शीरे का कैमिकल युक्त पानी की निकासी होती है।

शुगर मिल के समीप से निकले नाले में बहकर यह पानी गांव जमालपुर के जंगल में मध्यगंग नहर में बने साइफन में जाकर मिलता है। यह प्रदूषित पानी साइफन के माध्यम से बूढ़ी गंगा में मिलता है। आगे चलकर यह प्रदूषित काला पानी बूढ़ी गंगा से नंगली खादर स्थित जंगल से निकले सोती नाले के रास्ते ओवरफलो से रूपड़ा, बामनौली, ऐदलपुर, किशनपुर, हाद.ीपुर गांवड़ी, भीकुंड, रठौरा कलां, कंकरखेड़ा, लतीफपुर, गोकलपुर, बहवलपुर, जमालपुर खादर आदि गांवों के हजारों हेक्टेयर खेतों में खड़ी किसानों की करोड़ों रुपए की फसल को बर्बाद करता आ रहा है। टिकौला शुगर मिल द्वारा यह प्रदूषित पानी बारिश होने के साथ नाले में छोड़ दिया जाता है। यह कैमिकल युक्त प्रदूषित पानी इतना जहरीला है कि खेतों में काम करने वाले किसानों को चर्मरोग से ग्रसित करता आ रहा है। पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी इस पानी के प्रभाव में आने वाली गन्ने की फसल नष्ट होनी शुरू हो गई हैं। जिसकी मौके पर जांच कराई जा सकती है। उन्होंने एसडीएम मवाना को संबोधित शिकायती पत्र नायब तहसीलदार को सौंपा और कार्रवाई की मांग की। नायब तहसीलदार ने पूरे मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन किसानों को दिया है। किसान एवं आरटीआई कार्यकर्ता सुरेश कुमार ने बताया कि यदि इस बार किसानों की इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे।

# जाटव धर्मशाला की भूमि को कब्जा मुक्त नहीं किया तो दलित समाज करेगा पलायन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोषित क्रांति दल के महानगर अध्यक्ष वरुण कुमार ने एक ज्ञापन कमिश्नर को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि ब्रहमपुरी क्षेत्र में प्याऊ पंचायती हाल जाटव धर्मशाला की भूमि को भूमाफियाओं ने कब्जा किया हुआ है धर्मशाला सार्वजनिक उपयोग की संपत्ति है जिसका उपयोग धार्मिक व सामा.जिक कार्यों के लिए किया जाता है।

न्यायालय द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में उनके पक्ष में आदेश पारित किया जा चुके हैं जिसमें स्पष्ट रूप से हमारे वैधानिक स्वामित्व और कब्जे को मान्यता दी गई है। न्यायालय के आदेश के बाद भी दिनेश बैंड वाला, प्रवीण कुमार, राहुल प्रजापति और कुछ अज्ञात लोग न्यायालय के आदेशों की अव्हेलना कर रहे हैं और धर्मशाला पर कब्जा कर रखा है। जिसके लिए शोषित क्रांति दल ने एसएसपी को भी अवगत कराया था लेकिन उसके बाद भी धर्मशाला को कब्जा मुक्त नहीं किया गया। इसी को लेकर उन्होंने सोमवार को कमिश्नर से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है उन्होंने कहा कि अगर धर्मशाला को कब्जा मुक्त नहीं किया गया तो दलित समाज ब्रह्मपुरी से पलायन करेगा।

# अनुज के हत्यारों की तलाश में जुटी परीक्षितगढ़ पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम रहदरा निवासी अनुज की हत्या के मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। वहीं गणमान्य लोगों ने पीड़ित परिजनों को एक लाख की आर्थिक मदद की है। रविवार देर रात मृतक का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। ग्राम रहदरा निवासी अनुज पुत्र सत्यवीर जो कपड़े की फेरी लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था उसकी रविवार सुबह ग्राम सिंहपुर दबथला मार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। परिजनों व ग्रामीणों ने शव को उठने नहीं दिया था वहीं भाजपा नेता अमित मोहन टीपू व नितिन त्यागी योगेश त्यागी आदि की मध्यस्था व मवाना एसडीएम ने शासन से 5लाख की आर्थिक मदद तथा नगर पंचायत में एक परिजन की नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया था। वहीं मृतक के पिता सत्यवीर ने परीक्षितगढ़ नगर निवासी पंकज के खिलाफ नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक परिवार की मदद करते हुए पूर्व चेयरमैन अमित मोहन टीपू ने 31हजार नितिन त्यागी ने 21हजार योगेश त्यागी ने 11हजार पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी ने 11हजार की मदद की थी। वही मवी के प्रधान गोलू त्यागी, पपीत चौधरी, परवेज, शांतनु त्यागी, सत्येंद्र त्यागी नरेंद्र त्यागी आदि ने पीड़ित परिजनों को 1लाख देकर मदद की। थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए चार टीम गठित की गई है शीघ्र आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा सीसीटीवी कैमरे भी तलाशे जा रहे हैं।

**मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड के स्टाफ की लापरवाही उजागर**

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक को लेकर पहुंचे परिजनों को सोता मिला इमरजेंसी का स्टाफ

- इलाज के नाम पर करते रहे खानापूर्ति, घायल की चली गई जाम, परिजनों का हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिसौली थाना क्षेत्र के हसनपुर कला गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र गोविंद बीती रात किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को मेरठ मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान जग्गी व अन्य परिजन रात में ही मेडिकल पहुंचे, लेकिन उनका आरोप है कि वहां न कोई डाक्टर मिला और न ही किसी स्टाफ ने इलाज शुरू किया। परिजनों का कहना है कि इमरजेंसी स्टाफ कुर्सियों पर सोता रहा और बार-बार कहने पर भी किसी ने ध्यान नहीं दिया। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब एक कर्मचारी ने एक्स-रे के बिना ही सुनील का पैर काटने की बात कही और दस्तखत कराने की कोशिश की, लेकिन परिजनों ने इसका विरोध किया। इसके बाद घायल को लावारिस बताकर भर्ती किया गया, लेकिन समय रहते इलाज न मिलने के कारण कुछ देर में ही उसकी मौत हो गई। सुबह होते ही ग्रामीणों के साथ माछरा के प्रधान यतेन्द्र शर्मा और ग्राम प्रधान जग्गी मेडिकल पहुंचे और प्राचार्य डॉ. आर. सी. गुप्ता से मुलाकात की। ग्रामीणों ने घटना को लेकर कड़ी नाराजगी जताई और मांग की कि लापरवाह स्टाफ को तत्काल सस्पेंड किया जाए।

# बाबा शिव मस्त मंदिर में समिति के सदस्यों ने किया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को सावन मास के उपलक्ष में नेहरू रोड स्थित प्राचीन बाबा शिव मस्त मंदिर के प्रांगण में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मंदिर सेवा समिति के सदस्यों एवं क्षेत्रीय भक्तों के द्वारा एक वृहद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी धर्म प्रेमियों ने सहृदय व सेवाभाव से प्रतिभाग किया। भंडारे के दौरान जय शिव शंभू , जयशंकर की, आदि नारों से मंदिर प्रांगण गूंज उठा। बाबा भोलेनाथ को भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया गया। भंडारे के मुख्य आयोजक अवध चांदी वाले सर्राफ के परिजन अनुज गर्ग, रागनी गर्ग, वैभव, रूही एवं राजू रस्तोगी, राजीव, सुनील शर्मा, संदीप शर्मा, मयंक रस्तोगी, रशिम गर्ग, इतीशा सहित दर्जनों शिव भक्त प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# ग्राम पांचली के लोगों ने एसबीआई बैंक के कर्मचारी की खोली पोल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह तालियान ने एक प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि ग्राम पांचली ब्लॉक सरूरपुर खुर्द में बीती 25 मार्च तक एसबीआई बैंक का कर्मचारी ग्रामीणों का पैसा बैंक में जमा करने के नाम पर लाता था। जिसे उसने बैंक में जमा नहीं किया। जब ग्रामीण एसबीआई बैंक पहुंचे तो उनकी कोई भी धनराशि बैंक में जमा नहीं थी। यह सुनकर ग्रामीणों के होश उड़ गये। उन्होंने इसकी शिकायत प्रशासन से की लेकिन अभी तक उनके अकाउंट में उनकी दी हुई राशि नहीं डाली गई है। उन्होंने कहा कि एसबीआई बैंक के कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ फ्रॉड किया है ऐसे कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और एसबीआई बैंक के अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि वह ग्रामीणों के जमा पैसों को उनके खाते में डालें। उन्होंने कहा कि अगर 11 अगस्त तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह भारतीय किसान यूनियन चढूनी के साथ मिलकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे।

**डिंपल यादव पर आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला**

# मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ महिला आयोग में की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सांसद डिंपल यादव के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी मौलाना साजिद रशीदी पर भारी पड़ गई। उनके खिलाफ महिला आयोग में शिकायत की गई है। राष्ट्रीय महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया कि 24 जुलाई को एक टेलीविजन डिबेट के दौरान मौलाना साजिद रशीदी ने डिंपल यादव, जो मैनपुरी से लोकसभा सांसद हैं, के पहनावे और संसद मार्ग, नई दिल्ली स्थित मस्जिद में उनकी उपस्थिति को लेकर अशोभनीय और अपमान जनक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यादव का पहनावा अनुचित था और इससे मस्जिद की पवित्रता को ठेस पहुंची। यह टिप्पणी न केवल व्यक्तिगत अपमान का कारण है, बल्कि यह सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने और धार्मिक वैमनस्यता को बढ़ावा देने का प्रयास भी प्रतीत होती है। उक्त टिप्पणी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 समानता का अधिकार और अनुच्छेद 21 गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार का उल्लंघन करती हैं। सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष शशि गौतम ने मांग की है कि मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए। मौलाना साजिद रशीदी को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का निर्देश दिया जाए। जिससे भविष्य में ऐसी महिला विरोधी टिप्पणियों को रोकने के लिए उचित दिशा निर्देश जारी किए जाएं।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में उतरी आजाद अधिकार सेना, सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद अधिकार सेना के मंडल अध्यक्ष अजीज ठेकेदार ने सोमवार को जिलाधिकारी को एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम दिया गया है जिसमें उनका कहना था कि उत्तर प्रदेश में विद्युत विभाग में चल रहे अनियमितता और भ्रष्टाचार लगातार बढ़ती जा रहे हैं।

लोगों पर जबरन स्मार्ट मीटर का बोझ डाला जा रहा है उन्होंने मांग की है कि विद्युत विभाग की निजीकरण पर तत्काल रोक लगाई जाए। नए स्मार्ट मीटर का मीटर नंबर तीन दिन के अंदर पोर्टल पर अपलोड किया जाए। बिल डिवीजन के नाम पर बढ़ते भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती पर तत्काल रोक लगाई जाने की जरूरत है। इसके अलावा आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूर्व में भर्ती किये गए विद्युत कर्मियों को स्थाई किया जाए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में गरीबों के लिए विद्युत दर पर तत्काल वर्तमान दर से आदि की जाए। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान कमिश्नरी चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।

# भाकियू अराजनैतिक की हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गांव कमलपुर में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुफरोज ने की। इस अवसर पर संगठन विस्तार के अंतर्गत फरमान को सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान सभी ने तहसील अध्यक्ष को बधाई दी। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती, किसान हित और एकजुटता को लेकर अपने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजीव, मीराज मलिक, कालू प्रधान, सुधीर पहलवान आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन डॉ. मोहम्मद रफी ने किया।

# सिरात-उल-नबी पर बच्चों का शानदार कंपटीशन

## मौलाना सुहैल और हाफिज बिलाल ने की सराहनीय पहल



**जाकिर तुक/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर मदरसे में सोमवार को एक विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सिरात-उल-नबी के पवित्र विषय पर बच्चों के बीच एक प्रतियोगिता कराई गई। इस कार्यक्रम का आयोजन मौलाना सुहैल खान साहब और हाफिज बिलाल खान साहब की जानिब से किया गया।

प्रतियोगिता में छोटे-छोटे बच्चों ने भाग लिया और नबी ए करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सीरत-ए-तय्यबा पर पूंछे गये सवालों का जवाब देते हुए रोशनी डाली। बच्चों ने अपने ज्ञान, के जरिये हजरत मोहम्मद (स.अ.व.) की जीवनी, अखलाक और इंसा.नियत के पैगाम को बेहद प्रभावशाली ढंग से पेश किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में इस्लामी इतिहास, नैतिक मूल्यों और नबी करीम की जिंदगी से जुड़ी शिक्षाओं को बढ़ावा देना था। मौलाना सुहैल खान ने कहा कि सीरत उल नबी का पैगाम पूरी इंसा.नियत के लिए है, और बच्चों के जरिए इस पैगाम को आम करना एक नेक पहल है। हाफिज बिलाल खान ने बच्चों के जोश व खलूस की तारीफ करते हुए कहा कि आज की नस्ल को अगर सही राह दिखानी है तो उन्हें नबी की सीरत से वाकिफ कराना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा मुमताज आलम एडवोकेट ओर पूर्व प्रधान यूसुफ खान ने बच्चों की हौसला अफजाई की तथा इस आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एक सकारात्मक संदेश देते हैं।

# शिकंजी पीने आए युवक ने ठेले से ढाई हजार की नकदी की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के बच्चा पार्क चौराहे से बेगमपुल जाने वाली रोड पर शिकंजी का ठेला लगाने वाले ओमप्रकाश राठौर ने बताया कि उनके ठेले पर शि.कंजी पीने आए एक ग्राहक ने गल्ले से करीब ढाई हजार रुपए चुरा लिए। पीड़ित ने बताया कि पहले ग्राहक ने शिकंजी पी, जिसके बाद स्कूल के बच्चों को भीड़ ठेले पर लग गई और उनका ध्यान भटकते ही ग्राहक ने गल्ले में से रुपए चुरा लिए। पीड़ित का कहना है कि चोरी करता युवक सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया। पीड़ित ने सदर बाजार थाने में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# दो से चार अगस्त तक लगेगा जाहरवीर मेला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्राम सिखेड़ा में इस वर्ष भी जाहरवीर मेला 2 अगस्त से 4 अगस्त तक लगाया जाएगा। इसकी सूचना मेला कमेटी ने सभी ग्राम वासियों को दे दी है। मेले की परम.ीशन भी मिल गई है। आगामी 2 अगस्त से 4 अगस्त तक इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन 2 अगस्त को सुबह 10 बजे पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी एवं कैंट विधायक अमित अग्रवाल द्वारा किया जाएगा। मेले के उद्घाटन के समय ग्रामवासियो सहित शहर के अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे। इस मेले में सभी ग्रामवासियों का पूर्ण सहयोग रहता है। मेले में आसपास के 12 गांव से भक्तगण पधारते हैं और जाहरवीर बाबा को प्रसाद चढ़ाकर उनका आशीर्वाद लेकर धर्म लाभ उठाते हैं। यह परंपरा पिछले 20 सालों से चली आ रही है।

**देश की शीर्ष प्रतिभाओं की खोज के लिए ...**

# इंडिया स्किल्स के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। वोकेशनल ट्रेनिंग और कौशल विकास में उत्कृष्टता का जश्न मनाने के लिए देश की प्रमुख प्रतियोगिता इंडिया स्किल्स कॉम्पिटिशन (आईएससी) 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। इसके साथ ही प्रतियोगिता का पूरा फोकस भारत की अगली पीढ़ी के कौशल चैंपियनों पर है। भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यम शीलता मंत्रालय एमएसडीई द्वारा आईएससी 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक खोला गया है।

इस प्रतियोगिता में 63 कौशल शामिल होंगे, जिनके लिए सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिभागी प्रतिस्पर्धा करेंगे। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को स्किल इंडिया डिजिटल हब सिद्ध पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पूरा किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन पूरा करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2025 है। दो वर्ष में एक बार होने वाली यह प्रतियोगिता भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान करने, उनका पोषण और उन्हें पुरस्कृत करने के लिए डिजाइन की गई है, ताकि वे विश्व कौशल प्रतियोगिता (डब्ल्यूएससी) 2026 जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हो सकें। यह प्रतियोगिता दुनिया में युवा पेशेवरों के लिए सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता है, जिसमें 60 से अधिक स्किल्स में युवाओं के कौशल और विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया जाता है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को व्यावसायिक शिक्षा में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है और आज की अर्थव्यवस्था में कुशल कार्य के महत्व को पहचानना है। यह प्रतियोगिता सभी भारतीय नागरिकों के लिए खुली है और प्रतिभागियों को स्पेसिफिक एज क्राइटेरिया को पूरा करना आवश्यक है। न्यूनतम आयु 16 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष है। सामान्य तौर पर प्रतिभागियों का जन्म 1 जनवरी 2004 को या उसके बाद होना चाहिए। कुछ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी स्किल्स जैसे साइबर सिक्योरिटी, मेक्ट्रोनिक्स, एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सहित अन्य में प्रतिभागियों का जन्म 1 जनवरी 2001 को या उसके बाद होना चाहिए। इंडिया स्किल्स 2025 एक स्ट्रक्चर्ड, बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया का पालन करता है। प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक कौशल के लिए आवेदन कर सकता है। यह प्रतियोगिता दो प्राइमरी ट्रैक में आयोजित की जाएगी। ट्रैक में स्टेट स्किल डेवलपमेंट मिशन एसएसडीएम द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं शामिल हैं, जबकि ट्रैक का नेतृत्व राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा नहीं चुने गए कौशल के लिए सेक्टर स्किल काउंसिल (एसएससी) द्वारा किया जाता है। दोनों ट्रैक क्षेत्रीय कौशल प्रतियोगिताओं आरएससी में शामिल होंगे, जिसके बाद बूथ कैंप और अंतिम राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत और टीम-बेस्ड स्किल्स दोनों शामिल हैं, जो वर्ल्ड स्किल्स इंटरनेशनल द्वारा पहचानी गई श्रेणियों के साथ निकटता से जुड़े हुए हैं। क्षेत्रीय प्रतियोगिताएं पांच क्षेत्रों नॉर्थ, साउथ, ईस्ट, वेस्ट और नॉर्थ ईस्ट में आयोजित की जाएगी, जबकि फाइनल इंडिया स्किल्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता एमएसडीई केंद्रीय रूप से आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के विजेताओं को विश्व कौशल प्रतियोगिता 2026 और अन्य अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए व्यापक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

# डीमोन्टफोर्ट एकेडमी में तीज उत्सव मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीमोन्टफोर्ट में पारंपरिक पर्व तीज उत्सव बड़े हर्षोल्लाहस और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष आयोजन में कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों की माताओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु माताएं हरे रंग की पारंपरिक पोशाक पहनकर आई। जिससे उत्सव का पारंपरिक रंग और भी गहरा हो गया। उत्सव के दौरान अनेक पारंपरिक खेल आयोजित किये गये और उनकी विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं जिनमें प्रमुख थे। हवा-हवाई पिरामिड बनाई-मीनाक्षी चटपट नटखट चूड़ी खटपट, सुमन, जल्दी उठाओ तीज की शान बढ़ाओ-आंचल, मन की मेहंदी साधना रैंप वॉक- झुमका झुमका मेहंदी की प्रथम विजेता डोली रही और द्वितीय विजेता नीरू रही और तीज क्वीन मेघा रही। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निर्देशिका डॉ. गरिमा वर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रितु मनचंदा, प्रिया चुग, रसीन, ललिता, डाली, नीलम, राशि, आशीष एवं दीपक का विशेष योगदान रहा।

# विमेंस चेस विश्व विजेता बनीं दिव्या

- विश्व चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं 19 साल की दिव्या देशमुख
- भारत की ही कोनेरू हम्पी को फाइनल में हराया, भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर बनीं



**नई दिल्ली, वार्ता।** 19 साल की दिव्या देशमुख ने चेस का फिडे महिला वर्ल्ड कप जीत लिया है।

उन्होंने फाइनल में भारत की ही कोनेरू हम्पी को टाईब्रेक राउंड में हराकर खिताब जीता। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ वे भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। टूर्नामेंट में दिव्या ने कई टॉप रैंक प्लेयर्स को हराया और फाइनल में जगह बनाई। हम्पी के खिलाफ फाइनल में दिव्या ने दोनों प्रमुख मुकाबले ड्रा खेले। जिसके बाद सोमवार को टाईब्रेक राउंड हुआ, जिसमें दिव्या ने 2.5-1.5 के स्कोर से बाजी मारी। मैच के बाद हम्पी ने कहा कि 12वीं चाल के बाद उन्हें समझ नहीं आया कि अब क्या करना है। हालांकि, 54वीं चाल में दिव्या ने जरूरी बढ़त हासिल कर ली। जिसके बाद हम्पी ने रिजाइन कर दिया और दिव्या को जीत मिली।

फिडे विमेंस वर्ल्ड कप जीतने पर दिव्या को लगभग 42 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं वर्ल्ड कप (ओपन सेक्शन) के विजेता को लगभग 91 लाख मिलते हैं। वर्ल्ड चैंपियन बनने के साथ अगले साल के विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। वे इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली दूसरी ही भारतीय बनीं। कोनेरू हम्पी ने भी फाइनल में जगह बनाने के साथ कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर लिया। दिव्या वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद दिव्या देशमुख ने मां को गले लगाया। मां से मिलते ही वे इमोशनल हो गईं और उनकी आंखों से आंसू छलक आए। सेमीफाइनल में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन तान झोंगयी को हराने के बाद दिव्या अपने इमोशंस पर कंट्रोल नहीं कर पाई थीं। महाराष्ट्र की दिव्या ने सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन चीन की तान झोंगयी को 1.5-0.5 से हराया से। दिव्या ने पहले गेम में सफेद मोहरों से खेलते हुए 101 चालों में शानदार जीत हासिल की। उन्होंने बीच गेम में लगातार दबाव बनाकर झोंगयी को गलतियां करने पर मजबूर किया। क्वीन की अदला-बदली के बाद भी दिव्या की स्थिति मजबूत थी, हालांकि झोंगयी ने एक समय वापसी की कोशिश की और बढ़त ले ली, लेकिन समय की कमी में झोंगयी ने गलत चाल चली, जिसका फायदा उठाकर दिव्या दो प्यादों की बढ़त के साथ जीत हासिल करने में सफल रहीं। पहले गेम में काली मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने संतुलित रणनीति अपनाई और गेम ड्रा कराया था। झोंगयी ने 'क्वीन्स गैम्बिट डिक्लाइन्ड' ओपनिंग से शुरुआत की, जिसमें दिव्या ने मोहरों की अदला-बदली के साथ संतुलन बनाए रखा। अंत में दोनों के पास एक-एक हाथी, एक-एक छोटा मोहरा (ऊंट/घोड़ा), और तीन-तीन प्यादे एक ही हिस्से में थे, जिसके कारण गेम ड्रा रहा।

## चोटिल ऋषभ पंत टेस्ट सीरीज से हुए बाहर, एन जगदीशन को टीम में जगह

**मैनचेस्टर, वार्ता।** स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गये है। पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के लिए तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने चोटिल पंत के पांचवें टेस्ट में खेलने की अटकलों को विराम देते हुए कहा कि ऋषभ पहले ही सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

उन्होंने पंत के बेजोड़ धैर्य और जज्बे की भी तारीफ करते हुए उनके अविस्मरणीय पल को याद किया जब पंत ने पैर में फ्रैक्चर के बावजूद बल्लेबाजी की थी। उन्होंने कहा कि पंत ने टीम और देश के लिए जो किया है, उसके बारे में पीढ़ियां बात करेंगी। टूटे पैर के साथ बल्लेबाजी करना बहुत कम लोगों ने किया है। उनकी जितनी भी तारीफ की जाए, वह उनके साहस के साथ न्याय नहीं कर पाएगी। पांचवें टेस्ट मैच से पहले जगदीशन मंगलवार को लंदन पहुंच जाएंगे और भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे। जगदीशन काफी समय से भारत ए के सेटअप का हिस्सा रहे हैं। रणजी ट्रॉफी के लगातार दो सीज़न में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। 2023-24 में जहां उन्होंने 13 पारियों में 74-18 की औसत से 816



रन बनाए थे। जबकि अगले सीज़न यानी 2024-25 में जगदीशन ने 56-16 की औसत से 674 रन बनाए थे जिसमें दो शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल है। जगदीशन का 2016 में प्रथम श्रेणी में पदार्पण करने के बाद से एक शानदार घरेलू रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने प्रथम श्रेणीय क्रिकेट में 79 पारियों में 47-50 की औसत से 10 शतक और 14 अर्द्धशतकों के साथ 3373 रन बनाए हैं, जिसमें जनवरी 2024 में चंडीगढ़ के खिलाफ 321 रन की पारी शामिल है जोकि उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

### एफआईएसयू विवि खेलों में 12 पदकों के साथ भारत का अभियान समाप्त

**जर्मनी, वार्ता।** महिलाओं की रेस वॉक टीम ने कांस्य पदक और ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ भारत ने 12 पदकों के साथ एफआईएसयू विश्व विश्व विद्यालय खेल 2025 में अपना अभियान का समापन किया। जर्मनी में रविवार को समाप्त हुए टूर्नामेंट के आखिरी दिन का पहला पदक महिलाओं की 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में मिला। इस स्पर्धा में भारतीय टीम सेजल अनिल सिंह, मुनिता प्रजापति और मानसी नेगी ने कुल समय 4:56:06 के साथ कांस्य पदक जीता। सेजल अनिल सिंह सबसे तेज भारतीय रेस वॉकर रहीं, जिन्होंने 1:35:21 समय के साथ 15वां स्थान हासिल किया। मुनिता प्रजापति 1:39:33 समय के साथ 18वें और मानसी नेगी 1:41:12 समय के साथ 20वें स्थान पर रहीं। महिलाओं की इस 20 किमी रेस वॉक स्पर्धा में चीन ने 4:28:51 के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 4:31:20 समय में दौड़ पूरी कर रजत पदक हासिल किया।

### यूपीओए पेश करेगा नेशनल यूथ गेम्स के लिए दावेदारी

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन (यूपीओए) ने उत्तर प्रदेश में नेशनल यूथ गेम्स के पहले संस्करण की मेज़बानी के लिए कमर कस ली है। एसोसिएशन के महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने आयोजित वार्षिक साधारण सभा के बाद यह जानकारी देते हुए कहा कि आयोजन की कार्ययोजना तैयार कर भारतीय ओलंपिक संघ को इस बारे में प्रस्ताव भेजा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के चेयरमैन बृजेश पाठक ने की। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सूचीबद्ध खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची बनाकर उनकी ज़रूरतों को समझा जाए और आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाए।

### कौशल हांगकांग की क्रिकेट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

**हांगकांग, वार्ता।** श्रीलंका के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर कौशल सिल्वा को हांगकांग पुरुष क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। क्रिकेट हांगकांग के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि बोर्ड की योजनाओं के अनुरूप यह नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को निखारने और विकसित करने के प्रति कौशल का समर्पण हांगकांग में क्रिकेट के भविष्य के लिए हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। हमारा मानना है कि उनके मार्गदर्शन में हम न केवल अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति को ऊँचा उठा सकते है।

## टेस्ट मैचों में होना चाहिए इंजरी रिप्लेसमेंट का नियम: गौतम गंभीर

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में चोटिल खिलाड़ियों के बदले सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों को एकादश में शामिल करने की मांग का समर्थन करते हुए कहा है कि टेस्ट इंजरी रिप्लेसमेंट का नियम होना चाहिए।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस विचार को 'हास्यास्पद' बताया है। गंभीर ने कहा कि बिलकुल, मैं इसके पूरी तरह पक्ष में हूं। अगर अंपायर और मैच रेफरी को लगे कि यह गंभीर चोट है, तो मुझे लगता है कि यह बेहद आवश्यक है। ऐसे नियम होने चाहिए कि आप किसी और को विकल्प के तौर पर एकादश में ला सकें, बशर्ते यह स्पष्ट रूप से दिख रहा हो। इसमें कुछ भी गलत नहीं है, विशेषकर ऐसी



- अगर अंपायर और मैच रेफरी को लगे कि यह गंभीर चोट है तो यह नियम बेहद आवश्यक है

सीरीज में जो पहले तीन टेस्ट में बेहद करीबी रही है। सोचिए अगर हमें 10 खिलाड़ियों के साथ 11 के खिलाफ खेलना पड़ता, तो यह हमारे लिए कितना दुर्भाग्यपूर्ण होता। स्टोक्स ने कहा कि मुझे लगता है कि यह बिल्कुल हास्यास्पद है कि चोट के विकल्प को लेकर कोई बातचीत चल रही है। इसमें बहुत सी कमियां होंगी, जिनसे टीमें इसका फायदा उठा सकती हैं। आप जो एकादश चुनते हैं, वही खेलनी चाहिए। चोट खेल का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मैं पूरी तरह से कनकशन विकल्प को समझता हूं क्योंकि यह खिलाड़ी की सुरक्षा से जुड़ा है। लेकिन मुझे लगता है कि चोट के विकल्प पर बातचीत को यहीं रोक देना चाहिए। अगर आप मुझे एमआरआई में भेज दें, तो मैं किसी और को तुरंत एमआरआई मशीन में भेज सकता हूं। जिसमें दिख जाएगा कि घुटने में हल्की सूजन है और फिर टीम कहेगी हमें नया गेंदबाज मिल सकता है। इसलिए यह बातचीत अब बंद होनी चाहिए।

## मुर्मू-मोदी ने दिव्या देशमुख को बधाई दी





**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को फिडे महिला विश्व कप जीतने तथा कोनेरू हम्पी को उपविजेता बनने के लिए बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कि दिव्या ने सोमवार को हमवतन ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी को हराकर फिडे महिला विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। दिव्या फिडे महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयी है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर अपने बधाई संदेश में कहा कि दिव्या देशमुख को मेरी हार्दिक बधाई, जो फिडे महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, वह भी मात्र उन्नीस वर्ष की आयु में। कोनेरू हम्पी उपविजेता रहीं, और शतरंज विश्व चैंपियनशिप की दोनों फाइनलिस्ट भारत से थीं। यह हमारे देश में विशेषकर महिलाओं में, प्रतिभा को दर्शाता है। मैं कोनेरू हम्पी की सराहना करती हूं जिन्होंने अपने शानदार करियर के दौरान उत्कृष्टता बनाए रखी है। मुझे विश्वास है कि ये दोनों महिला चैंपियन और भी गौरव हासिल करेंगी और हमारे युवाओं को प्रेरित करेंगी। श्री मोदी ने अपने संदेश में कहा कि दो उत्कृष्ट भारतीय शतरंज खिलाड़ियों का एक ऐतिहासिक फ़ाइनल। युवा दिव्या देशमुख के फिडे महिला विश्व शतरंज चैंपियन 2025 बनने पर गर्व है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई, जो कई युवाओं को प्रेरित करेगी। कोनेरू हम्पी ने भी पूरी चैंपियनशिप में अपार कौशल का प्रदर्शन किया है। दोनों खिलाड़ियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

### साय ने शतरंज खिलाड़ी दिव्या व कोनेरू को दी बधाई

**रायपुर, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख व कोनेरू हम्पी को बधाई देते हुए कहा कि महिला शतरंज विश्व कप-2025 का फाइनल भारत के लिए गर्व का क्षण था। साय ने एक्स पर ट्वीट कर बधाई देते हुए कहा कि शतरंज की बिसात पर भारत की बेटियों ने रचा इतिहास। महिला शतरंज विश्व कप-2025 के फाइनल में भारत के लिए यह गर्व का क्षण था, जब भारत की बेटियाँ आमने-सामने रहीं। प्रतियोगिता में दिव्या देशमुख ने खिताब अपने नाम किया, वहीं कोनेरू हम्पी प्रतियोगिता की रनरअप बनी। यह केवल एक मैच नहीं था बल्कि यह एक नए भारत की तस्वीर थी, जहाँ बेटियाँ न सिर्फ सपने देखती हैं बल्कि उन्हें पूरी दुनिया के सामने साकार भी करती हैं।

## रवींद्र जडेजा और सुंदर शतक पूरा करने के हकदार थे: गिल

- एक टीम के तौर पर इस सीरीज ने हमें काफी कुछ सिखाया है: भारतीय कप्तान शुभमन गिल

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर अपना-अपना शतक पूरा करने के हकदार थे। चौथा टेस्ट मैच ड्रा समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में गिल ने कहा कि पांचवें दिन भारत की पारी के 138 ओवर पूरे होने के बाद जब जडेजा (89) और वॉशिंगटन सुंदर (80) शतक के करीब थे तब इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत से ड्रॉ के बारे में पूछा था लेकिन तब ड्रेसिंग रूम से यह संदेश भेजा गया कि दोनों बल्लेबाज खेलना जारी रखें। गिल ने कहा कि शुरुआती दो विकेट खोने के बाद इस तरह का प्रदर्शन अविश्वसनीय है। जडेजा और वॉशिंगटन दोनों ही शतक के करीब थे इसलिए हमने सोचा कि वह दोनों ही शतक डिजर्व करते हैं। उन्होंने कहा कि हर टेस्ट मैच आपको कुछ ना कुछ सिखाता है, एक टीम के तौर पर इस सीरीज ने हमें काफी कुछ सिखाया है। उम्मीद है कि हम अगला मैच जीतकर सीरीज ड्रॉ कराने में सफल होंगे। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह मायने नहीं रखता कि आपने अतीत में कितने रन बनाए हैं।

## अंतिम टेस्ट में जैमी इंग्लैंड टीम में शामिल



**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के पाँचवें मैच के लिए इंग्लैंड ने सोमवार को ऑलराउंडर तेज गेंदबाज जैमी ओवर्टन को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने आज बताया कि जोफ आर्चर, क्रिस वोक्स, जॉश टंग, गस एटलकसन और ब्रायडन कार्स के साथ जैमी ओवर्टन में छठे मुख्य तेज गेंदबाज होंगे। ओवरटन को टीम में शामिल करने का निर्णय कप्तान बेन स्टोक्स के इस बयान के बाद आया है कि इंग्लैंड को अंतिम मैच से पहले नए खिलाड़ियों की आवश्यकता है। ओवरटन ने तीन साल पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने करियर में अब तक केवल एक ही टेस्ट खेला है। पांचवां टेस्ट मैच 31 जुलाई से ओवल में शुरू होगा। ओल्ड ट्रैफर्ड में रविवार को ड्रॉ रहे चौथे टेस्ट के बाद इंग्लैंड फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है। इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम इस प्रकार है:- बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, जैमी ओवर्टन, ओली, रूट, जेमी स्मिथ जॉश टंग व क्रिस वोक्स।

### इंग्लैंड की महिला टीम ने जीता यूरो कप का खिताब


**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** इंग्लैंड ने विश्व चैंपियन स्पेन को पेनल्टी शूट आउट में 3-1 से हराकर लगातार दूसरी बार महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो कप) 2025 का खिताब अपने नाम किया। रविवार को खेले गये रोमांचक फाइनल मुकाबले के पहले हाफ में स्पेन की मारियोना काल्डेंटे ने 25वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इंग्लैंड की अलेसिया रूसो ने 57वें मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद अतिरिक्त समय में भी स्कोर बराबर रहने पर मैच में निर्णय के लिए पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में इंग्लैंड की गोलकीपर हन्ना हैम्पटन ने दो शानदार बचाव किए। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने स्पेन से विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदला ले लिया।

### धीमी ओवर गति के लिए वेस्टइंडीज पर लगा मैच फीस का 10 %जुर्माना

**बासटेयर, वार्ता।** वेस्टइंडीज की टीम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। वेस्टइंडीज को 26 जुलाई को खेले गए चौथे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाप धीमी ओवर गति के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

वेस्टइंडीज ने आईसीसी आचार संहिता 2-22 का उल्लंघन किया। उसने तय समय में दो ओवर कम फेंके। कप्तान शाई होप ने आईसीसी मैच अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित जुर्माना स्वीकार कर लिया। इसलिए इस पर औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं है।

## मैनचेस्टर टेस्ट: गिल के नाम दर्ज हुए पांच रिकॉर्ड



- चार शतक लगाकर ब्रैडमैन व गावस्कर की बराबरी की, सीरीज में 722 रन बनाने वाले पहले भारतीय
- ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत ने हारा हुआ चौथा टेस्ट ड्रा करा लिया, टीम ने दूसरी पारी 143 ओवर बैटिंग की

**मैनचेस्टर, वार्ता।** मैनचेस्टर टेस्ट में रिकाड्‌र्स का दिन शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा के नाम रहा। गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर बने। वे डेब्यू टेस्ट सीरीज में 4 शतक लगाने वाले पहले कप्तान भी बने। बतौर कप्तान किसी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में गिल ने सुनील गावस्कर और सर डान ब्रैडमैन की बराबरी की। वहीं रवींद्र जडेजा इंग्लैंड में नंबर-6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए दो टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत ने हारा हुआ चौथा टेस्ट ड्रा करा लिया। टीम ने दूसरी पारी में 143 ओवर बैटिंग की। भारत से शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने शतक लगाया। पहली पारी में भारत ने 358 और इंग्लैंड ने 669 रन बनाए थे। भारत ने दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 425 रन बनाए। शुभमन गिल बतौर कप्तान टेस्ट सीरीज में 700+ रन बनाने वाले नौवें बल्लेबाज बने। उनसे पहले सर डान ब्रैडमैन (दो बार), सर गारफील्ड सोबर्स, ग्रेग चौपल, सुनील गावस्कर, डेविड गावर, ग्राहम गूच और ग्रीम स्मिथ यह कारनामा कर चुके हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ बतौर कप्तान 722 रनों के साथ सर गारफील्ड सोबर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की। रवींद्र जडेजा ने इस सीरीज में अब तक 5 बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। यह इंग्लैंड में किसी टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी द्वारा संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा 50+ स्कोर हैं। उन्होंने यह उपलब्धि सर गैरी सोबर्स के 1966 में बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए हासिल की है। रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर के बीच हुई यह शतकीय साझेदारी मौजूदा चार टेस्ट मैचों में भारत की 10वीं शतकीय साझेदारी रही। यह किसी भी टेस्ट सीरीज में भारत की दूसरी सबसे ज्यादा 100+ रन की साझेदारियां हैं। इससे पहले भारत ने 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में 11 शतकीय साझेदारियां की थीं। रवींद्र जडेजा के इस टेस्ट सीरीज में 5 अर्द्धशतक (50+ स्कोर) हो चुके हैं। नंबर 6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा टेस्ट सीरीज (घरेलू या विदेशी) में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर हैं। उन्होंने वीवीएस लक्ष्मण की बराबरी की है, जिन्होंने 2002 के वेस्टइंडीज दौरे में इतने ही 50+ स्कोर बनाए थे। वाशिंगटन सुंदर ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया। यह भारत की ओर से इस टेस्ट सीरीज में 11वीं सेंचुरी है। इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ, 1978/79 की घरेलू सीरीज में भारत ने 11 सेंचुरी लगाई थीं। किसी टेस्ट सीरीज में पहली बार ऐसा हुआ जब भारत के चार बल्लेबाजों ने 400+ रन बनाए। शुभमन गिल, केएल राहुल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा ने ऐसा किया। ओल्ड ट्रैफ्ड में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने वाली टीम कभी टेस्ट नहीं जीत पाई है। टीम को इसमें 3 बार हार मिली और 9 बार मैच ड्रा हुआ। भारत ने अब तक दो बार ऐसे मौकों पर टेस्ट मैच बचाया है जब उसे पहली पारी में 300 या उससे ज्यादा रन की बढ़त का सामना करना पड़ा हो।

## जडेजा 30 से अधिक विकेट व एक हजार से अधिक रन बनाने वाले तीसरे विदेश खिलाड़ी बने



**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने किसी एक देश में आज एक हजार से अधिक रन और 30 से अधिक विकेट लेने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। एक हजार से अधिक रन और 30 विकेट लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों की सूची में भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का नाम भी शामिल हो गया। यहां चौथे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में कप्तान शुभमन गिल के आउट होने के बाद बल्लेबाज करने आये जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए यह उपब्लधि हासिल की। वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स, इंग्लैंड में 1820 रन और 62 विकेट लेकर इस मामले में शीर्ष पर है। इस मामले में इंग्लैंड के विल्फेड रोड्स ऑस्ट्रेलिया में 1032 रन और 42 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर है।

## सम्पादकीय

मंगलवार, 29 जुलाई 2025

# ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा

सप्ताहभर गतिरोध के बाद आखिरकार सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चर्चा हुई। चर्चा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जहां सरकार की तरफ से मोर्चा संभाला, तो वहीं विपक्ष की तरफ से कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने विशेष रूप से मोर्चा संभाला। चर्चा में भाग लेते हुए रक्षा मंत्री ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर किसी के दबाव में नहीं रोका गया। जबकि विपक्ष इस तरह का आरोप लगाता रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर को किसी के दबाव में रोका गया है। राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया है कि हमने सभी ऑपरेशन के लक्ष्य तय समय में हासिल किए और यह सारी प्रक्रिया आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति का हिस्सा है और हम इससे पीछे हटने वाले नहीं हैं।

मतलब साफ है कि अगर भविष्य में इस तरह के हालात पैदा होते हैं, तो भारत इस तरह की कार्रवाई करने में हिचकिचाएगा नहीं। रक्षा मंत्री ने यह भी साफ किया है कि भारत का इरादा कोई युद्ध लड़ने का नहीं था, बल्कि आतंकियों के ढांचे को नेस्तनाबूद करना था, जिसको हमारी सेना ने 22 मिनट में हासिल कर लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने युद्ध रो. कने को लेकर कहा कि पाक की तरफ से सैन्य अभियान महा. निदेशक के स्तर पर संपर्क का आग्रह किया गया था। जिसमें कार्रवाई रोकने की बात कही गई थी। भारत ने यह पेशकश इस शर्त के साथ स्वीकार कर ली थी कि यह अभियान सिर्फ रोका जा रहा है और भविष्य में कोई दुस्साहस हुआ तो अभियान फिर प्रारंभ होगा।

उन्होंने विपक्ष की इस बात को लेकर भी आलोचना की कि वह गैर जिम्मेदाराना सवाल उठाता रहा है, जिसमें भारत के कितने विमान गिरे यह सवाल भी है। इस पर राजनाथ सिंह ने कहा कि यह सवाल राष्ट्रीय भावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। जब लक्ष्य बड़े हों, तो छोटे मुद्दे पर सवाल नहीं किए जाते। विदेश मंत्री जयशंकर ने भी ऑपरेशन सिंदूर चर्चा पर हिस्सा लेते हुए कहा कि भारत और पाक के बीच किसी ने मध्यस्थता नहीं की। जाहिर है, ऐसा कहकर वह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को ही आयना दिखा रहे थे, जो बार-बार युद्ध रोकने का श्रेय लेने की कोशिश करते रहे हैं। जयशंकर ने यह भी बताया कि पहलगाम आतंकी घटना के बाद किस तरह के कदम पाक के विरुद्ध उठाए गए। विपक्ष की तरफ से गौरव गोगोई ने चर्चा में भाग लेते हुए सरकार पर कई सवाल दागे। पहला सवाल तो उनका यही था कि आखिर आतंकवादी भारत की धरती पर कैसे आए और वह एक घंटा तक घटना स्थल पर कैसे रहे। फिर वह कहां गायब हो गए। सौ दिन गुजर जाने के बाद भी आज तक उनके बारे में सरकार के पास कोई जानकारी नहीं है। न ही उनकी जानकारी सरकार के पास है जिन्होंने आतंकवादियों की मदद की। सवाल माकूल भी है, जब तक आतंकवादी पकड़े नहीं जाते, तब तक भ्रम की स्थिति बनी ही रहेगी। साथ ही गोगोई का यह भी कहना था कि सरकार को बताना चाहिए कि जब पाकिस्तान घुटनों पर आ गया तो उसके साथ क्या डील हुई, उन्होंने तो यह भी पूछा कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी जिससे युद्ध को रोका गया।

## परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत होती है



ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा, सेना ने आतंकियों से हमारी माताओं-बहनों के सिंदूर का बदला लिया, हमारा मकसद आतंकी ठिकाने तबाह करना था और सेनाओं ने अपना लक्ष्य हासिल किया, हमने किसी के दबाव में पाकिस्तान से सीजफायर नहीं किया, विपक्ष पूछ रहा है कि युद्ध में हमारे कितने फाइटर जेट गिरे, उन्होंने यह नहीं पूछा कि हमारे सशस्त्र बलों ने दुश्मनों के कितने जेट गिराए, परीक्षा में रिजल्ट की अहमियत होती है, कितनी पेंसिल टूटी या पेन गुमे, यह पूछना बेईमानी है, ऑपरेशन सिंदूर के सभी लक्ष्य तय समय में हासिल कर लिए गए थे।

**-राजनाथ सिंह**
**रक्षा मंत्री**

# संवादहीन संसद में सहमा लोकतंत्र और सत्ता का एकालाप





वीरेश तरार

**बहस करने की बजाय, संसद को कुशलता से चलाने की बजाय, सांसदों को निष्कासित कर देना संसदीय गरिमा का अपमान है। यह परंपरा नहीं, अराजकता है और तो और, एक ऐतिहासिक विस्मृति के रूप में यह घटना भी दर्ज हुई कि भारत के उपराष्ट्रपति, जो राज्यसभा के सभापति भी होते हैं, उनके खिलाफ विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की घोषणा की। यह इस बात का संकेत है कि संसद के उच्च सदन में भी अब असहमति के लिए कोई सम्मान नहीं बचा।**

भारत का लोकतंत्र बहुमत से नहीं, संवाद से चलता है। संसद केवल बहुमत की गिनती का मंच नहीं, बल्कि विचारों की परख, नीतियों की बहस और जनमत की अभिव्यक्ति का पवित्र स्थल है, किन्तु दुर्भाग्यवश, बीते कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि बहुमत के अहंकार ने संवाद की संस्कृति को हाशिए पर डाल दिया है। न सत्तापक्ष सुनना चाहता है, न विपक्ष को बोलने दिया जाता है। संसद की कार्यवाही सुचारू नहीं, बल्कि रणनीतिक बन गई है, जहां विपक्ष की हर आलोचना देशद्रोह का पर्याय बना दी जाती है, और बहुमत का हर निर्णय अंतिम सत्य मान लिया जाता है। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने संसद को एक ऐसा मंच माना जहां उन्हें आलोचना सुननी हो, तो वे पूरे धैर्य से सुनें। प्रत्यक्षम् किम् प्रमाणम् , प्रचंड बहुमत होते हुए भी विपरीत विचारधारा और मुखर वक्तव्य शैली के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उन्होंने ना केवल अपने मंत्रीमंडल में शामिल किया वरन् उनकी कही बातों का संज्ञान भी लिया। एक बार जब राममनोहर लोहिया ने बेहद तीखी भाषा में सरकार की नीतियों की आलोचना की, तो नेहरू ने उन्हें बोलने से नहीं रोका, बल्कि कहा कि आलोचना लोकतंत्र का प्राण है। अगर मैं आलोचना नहीं सुन सकता, तो मुझे यहां नहीं होना चाहिए। यह कथन न केवल उनकी राजनीतिक परिपक्वता दर्शाता है, बल्कि उस समय की लोकतांत्रिक संस्कृति से हमारा परिचय भी कराता है, लेकिन वर्तमान समय में संसद में जो दृश्य देखने को मिलते हैं, वे लोकतंत्र के लिए चिंता का कारण बनते जा रहे हैं। जिस संसद को सरकार और विपक्ष मिलकर चलाते हैं, वह अब टकराव का अखाड़ा बनती जा रही है।

सत्तापक्ष संवाद की बजाए, संख्याबल पर निर्भर हो गया है और विपक्ष अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करने को विवश है। इस प्रक्रिया में सबसे अधिक नुकसान उस लोकतंत्र को हो रहा है जिसे जनता ने अपने मत से चुना था। इसी संदर्भ में तीन कृषि कानूनों का प्रसंग हमारे सामने एक जीवंत उदाहरण के रूप में खड़ा है। बिना पर्याप्त बहस, बिना किसी संसदीय समिति में भेजे और बिना विपक्ष की सहमति या जन-संवाद के, तीन महत्वपूर्ण कानून संसद में पारित कर दिए गए। जिनका सीधा असर देश के लगभग पचास प्रतिशत किसानों पर पड़ना था, उनकी आवाज तक को न सुना गया। न कोई संसद में विस्तृत बहस हुई, न किसानों के संगठनों को विश्वास में लिया गया। परिणाम यह हुआ कि देश के किसान एक वर्ष से अधिक समय तक सड़कों पर रहे, सैकड़ों जानें गईं, और अंततः सरकार को कानून वापस लेने पड़े। यह केवल नीति की हार नहीं थी, यह संवादहीन शासन के पतन का प्रतीक था। इसी दौर में संसद के अंदर और बाहर कई ऐसी घटनाएं हुईं जिन्होंने लोकतंत्र की नींव को झकझोर दिया। कई बार विपक्ष के सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया गया। केवल इसलिए कि उन्होंने अपनी बात रखने की कोशिश की।

बहस करने की बजाय, संसद को कुशलता से चलाने की बजाय, सांसदों को निष्कासित कर देना संसदीय गरिमा का अपमान है। यह परंपरा नहीं, अराजकता है और तो और, एक ऐतिहासिक विस्मृति के रूप में यह घटना भी दर्ज हुई कि भारत के उपराष्ट्रपति, जो राज्यसभा के सभापति भी होते हैं, उनके खिलाफ विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की घोषणा की। यह इस बात का संकेत है कि संसद के उच्च सदन में भी अब असहमति के लिए कोई सम्मान नहीं बचा। यह लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरनाक संकेत है। संसद के इतिहास में ऐसा भी समय रहा है जब इंदिरा गांधी की सरकार ने आपातकाल लागू कर देश की संवैधानिक संस्थाओं को लगभग ठप कर दिया। संविधान संशोधन के माध्यम से ऐसा बदलाव लाया गया जिसने संविधान की आत्मा को ही झकझोर दिया। उस समय भी संसद को महज एक औपचारिक मुहर बना दिया गया। लेकिन जनता ने इसका जवाब दिया और आपातकाल के बाद के चुनावों में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना हुई।

उसी प्रकार जब अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने विपक्ष को हमेशा सुना। बहुमत न होने के बावजूद, उन्होंने संवाद को कभी छोड़ा नहीं। विपक्ष के संशोधन प्रस्तावों को गंभीरता से लिया गया, नीतियों में समावेश किया गया। मनमोहन सिंह, सोमनाथ चटर्जी जैसे विपक्षी नेताओं की बातें ध्यान से सुनी जाती थीं। संसद में बहस होती थी, तीखी आलोचना होती थी, पर लो. कतंत्र चलता था। संसद, संसद की तरह चलती थी। आज उस परंपरा का पतन हो रहा है। संसद का मानसून सत्र कई बार बिना किसी कार्यवाही के समाप्त हो जाता है क्योंकि विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता या विपक्ष केवल वाकआउट तक सीमित रह जाता है। विधेयक बिना चर्चा पारित हो जाते हैं। संसदीय समितियों का महत्व कम हो गया है। विधाई प्रक्रिया में जनता की भागीदारी लगभग समाप्त हो चुकी है। आज जरूरत है उस संस्कृति की पुनः स्थापना की, जहां बहस हो, असहमति हो, संवाद हो, संशोधन हो, और सबसे जरूरी सहमति हो। लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं है, वह सत्ता चलाने की जिम्मेदारी है कृ सबको साथ लेकर, सबकी सुनकर। संसद में बहुमत का अर्थ केवल विधेयक पारित कराना नहीं, बल्कि सहमति बनाना होना चाहिए। यदि संसद में संवाद खत्म हो गया, तो लोकतंत्र केवल एक ढांचा बनकर रह जाएगा कृ जिसमें आत्मा नहीं होगी। विपक्ष का काम केवल विरोध करना नहीं, वैकल्पिक सोच प्रस्तुत करना है। और सत्ता का धर्म है, उस विरोध को सुनना। एक स्वस्थ संसद वही है, जिसमें बहस होती हो, न की जिसमें बहुमत का शोर सुनाई दे।

आज के समय में जब राजनीति संवाद से अधिक प्रचार की ओर बढ़ रही है, तब यह लेख एक स्मरण है कि भारत का लोकतंत्र बहस, संशोधन और सहमति से चलता है। संसद केवल बहुमत की गिनती का नाम नहीं, बल्कि देश की आत्मा की अभिव्यक्ति है। और यदि वह आत्मा मौन हो गई, तो लोकतंत्र केवल दिखावा बन जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# समय के साथ अंतरिक्ष में भारत का बढ़ता कद

इसकी शुरुआत बमुश्किल दिखाई दे रही एक दरार से हुई जो फाल्कन-9 बूस्टर की प्रेशर फीडलाइन के वेल्ड जॉइंट में छिपी हुई थी। यह अंतरिक्ष उड़ान की विशाल मशीनरी में संभवतः एक छोटी सी खामी रही होगी, लेकिन भारत के लिए, यह निर्णायक घड़ी थी। इसरो के हमारे सचेत और अटल वैज्ञानिकों ने जवाब मांगा। उन्होंने कामचलाऊ उपायों की बजाए, मरम्मत पर जोर दिया और ऐसा करके, उन्होंने न सिर्फ एक मिशन की रक्षा की बल्कि एक सपने की भी हिफाजत की। उस सपने ने 25 जून, 2025 को उड़ान भरी, जब भारतीय वायु सेना के अधिकारी और इसरो-प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्री, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, एक्सिओम-4 मिशन के जरिए कक्षा में पहुंचे। एक दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़कर, वह कृन सिर्फ अंतरिक्ष में, बल्कि मानव-केंद्रित विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के भविष्य में भी भारत की अगली बड़ी छलांग का चेहरा बन गए।

यह कोई रस्मी यात्रा नहीं थी। यह एक वैज्ञानिक धर्मयुद्ध था। शुक्ला अपने साथ सात माइक्रोग्रैविटी प्रयोग लेकर गए थे। इनमें से प्रत्येक प्रयोग को भारतीय शोधकर्ताओं ने उन सवालों के उत्तर जानने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया था, जो न केवल अंतरिक्ष यात्रियों के लिए, बल्कि हमारे समूचे देश के किसानों, डॉक्टरों, इंजीनियरों और छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। अंतरिक्ष में मेथी और मूंग के बीजों के अंकुरित होने के बारे में विचार कीजिए। यह सुनने में सरल, लगभग काव्यात्मक प्रतीत होता है। लेकिन इसके निहितार्थ गहरे हैं। अंतरिक्ष यान के सीमित क्षेत्र में, जहां पोषण का प्रत्येक ग्राम मायने रखता है, वहां यह समझना कि माइक्रोग्रैविटी में भारतीय फसलें कैसे व्यवहार करती हैं, लंबी अवधि के मिशनों के लिए चालक दल के आहार को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पृथ्वी पर, विशेष रूप से मृदा क्षरण और जल की कमी से जूझ रहे क्षेत्रों में, ऊर्ध्वाधर खेती और हाइड्रोपोनिक्स में नवाचारों को प्रेरित कर सकता है।

इसके अलावा भारतीय टार्डिग्रेड्स का अध्ययनकृइन सूक्ष्म जीवों को इनकी मजबूती के लिए जाना जाता है। सुप्तावस्था से जागे इन सूक्ष्म जीवों का अंतरिक्ष में जीवित रहने, प्रजनन और जेनेटिक एक्सप्रेशन की दृष्टि से अवलोकन गया। उनका व्यवहार जैविक सहनशक्ति के रहस्यों को उजागर कर सकता है, जो टीके के विकास से लेकर जलवायु-प्रतिरोधी कृषि तक, हर चीज में सहायक हो सकता है। शुक्ला ने मायोजेनेसिस प्रयोग भी किया। इस प्रयोग में इस बात की पड़ताल की गई कि मानव मांसपेशी कोशिकाएं अंतरिक्ष की परिस्थितियों और पोषक तत्वों के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देती हैं। यह निष्कर्ष मांसपेशीय क्षय के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं, जिससे न केवल अंतरिक्ष यात्रियों को, बल्कि वृद्ध रोगियों और आघात या ट्रामा से उबर रहे लोगों को भी लाभ होगा। अन्य जारी प्रयोगों में सायनोबैक्टीरिया की वृद्धि ये ऐसे जीव हैं, जो संभवतः किसी दिन अंतरिक्ष में जीवन-रक्षक प्रणालियों की सहायता कर सकते हैं तथा चावल, लोबिया, तिल, बैंगन और टमाटर जैसे भारतीय फसलों के बीजों का माइक्रोग्रैविटी के संपर्क में आना शामिल है। इन बीजों को पीढ़ी दर पीढ़ी उगाया जाएगा ताकि वंशानुगत परिवर्तनों का अध्ययन किया जा सके, जिससे संभावित रूप से चरम वातावरण के अनुकूल नई फसल किस्में विकसित हो सकें।


यहां तक कि मानव-मशीन संपर्क को भी परखा गया। शुक्ला ने यह समझने के लिए वेब-आधारित आकलन किया कि इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले के साथ बातचीत करने की हमारी क्षमता को माइक्रोग्रैविटी किस प्रकार प्रभावित करती है -जो भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों और अंतरिक्ष यान के लिए सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस डिजाइन करने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि है। यह कोई अमूर्त प्रयास नहीं हैं। यह समाज के लिए विज्ञान के भारतीय लोकाचार में गहराई से निहित हैं। एक्सिओम-4 का हर प्रयोग पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित करने की क्षमता रखता हैकृचाहे वह ओडिशा का कोई जनजातीय किसान हो, शिलांग का कोई स्कूली बच्चा हो, या लद्दाख का कोई फ्रंटलाइन डॉक्टर हो।

इस मिशन ने वैश्विक अंतरिक्ष कूटनीति में भारत के बढ़ते कद को भी दर्शाया। सुरक्षा प्रोटोकॉल पर हमारे द्वारा जोर दिए जाने ने स्पेसएक्स को एक संभावित विनाशकारी खामी की पहचान करने और उसे ठीक करने में मदद की। नासा, ईएसए और एक्सिओम स्पेस के साथ हमारा सहयोग समान साझेदारी के एक नए युग को दर्शाता है, जहां भारत केवल भाग ही नहीं ले रहा है, बल्कि नेतृत्व भी कर रहा है। पूरे मिशन के दौरान, इसरो के फ्लाइट सर्जनों ने शुक्ला के स्वास्थ्य पर नजर रखते हुए उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखा। वे पूरे जोश में रहे और लखनऊ से लेकर त्रिवेंद्रम, बैंगलोर से लेकर शिलांग तक, पूरे भारत के छात्रों से बातचीत करते रहे और युवा मन में विज्ञान और अंतरिक्ष की संभावनाओं के प्रति उत्साह जगाते रहे। शुक्ला अब लौट आए हैं और वह अपने साथ प्रचुर मात्रा में डेटा, नमूने लाए हैं और उनके द्वारा लाई गई अंतर्दृष्टि भारत के आगामी गगनयान मिशन और भारत अंतरिक्ष स्टेशन को शक्ति प्रदान करेगी।

**-डा. जितेंद्र सिंह**

(लेखक केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पृथ्वी विज्ञान और प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री हैं)

# अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति की दिशा में मध्य एशिया



तनवीर जाफरी

इस्राईल को लंबे समय से मिल रहे अमेरिकी संरक्षण से वैसे तो पूरी दुनिया भली भांति वाकिफ है परन्तु अब इस अमेरिकी संरक्षण के चलते इस्राईल खासतौर से गजा में जिसतरह मानवता की लगातार बर्बर हत्या करता जा रहा है उसे देखकर दुनिया के अधिकांश देश न केवल इस्राईल के खिलाफ होते जा रहे हैं बल्कि उन्हें इस्राईल को दिया जाने वाला अमे. रिकी संरक्षण भी अब रास नहीं आ रहा है। वास्तव में शांतिप्रिय मध्य एशिया में तबाही,बर्बादी व अशांति की इबारत लिखने वाला अमेरिकी संरक्षित इस्राईल ही है।

7 अक्टूबर 2023 को जब से दक्षिणी इस्राइल पर हमास द्वारा हमले किए गए और 251 लोगों को बंधक बनाया गया उसके बाद इस्राईली सेना (आईडीएफ) ने हमास की आतंकी कार्रवाई के जवाब में जिस तरह गजा पट्टी में बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई शुरू की और आज तक जारी है उसने इस्राईल व अमेरिका के अमानवीय चेहरे को पूरी तरह उजागर कर दिया है। गजा में बर्बरता और अत्याचार की हर सीमाओं को इस्राईल पार कर चुका है। रिहाइशी बस्तियों अस्पतालों स्कूलों शरणार्थी कैंपों धर्मस्थलों आदि को खंडहर बनाने के बाद अब भूखे निहत्थों को मार रहा है।

खबर है कि गजा में गजा ह्यूमनटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) की ओर से बांटा जा रहा खाना बहुत कम लोगों तक पहुंचने के कारण वहां भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है। कई बार ऐसी अमानवीय घटना भी घटी कि जब जीएचएफ के भोजन वितरण केंद्र पर मदद लेने के लिए भूख से तड़पते बच्चे व महिलाएं भोजन की



खातिर आकर लाइन में लगे उसी समय उन पर इसरा. इली सुरक्षा बलों ने गोलियां चला दीं जिससे दर्जनों लोग मरे गए। कई बार इस्राईली सुरक्षा बलों द्वारा भूखे शरणार्थियों को खाना देने के लिए बुलाया गया, बाद में लाइन में खड़े होने के बाद उनपर गोलीबारी कर अनेक लोगों की हत्या कर दी गई।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार पिछले दो महीनों में भोजन हासिल करने की कोशिश कर रहे एक हजार से अधिक फिलस्तीनी, इस्राईली हमलों में मारे जा चुके हैं। इनमें से कम से कम 766 लोगों की मौत उन चार वितरण केंद्रों के आसपास हुई है, जिन्हें जीएचएफ संचालित करता है। इसके अलावा 288 लोगों की मौत संयुक्त राष्ट्र और अन्य सहायता केंद्रों के पास हुई है। सौ से अधिक सहायता संगठनों और मानवाधिकार समूहों का कहना है कि गजा में बड़े पैमाने पर मानव जनित भुखमरी फैल रही है। अंतर्राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने इन हालात के लिए इस्राईल को जिम्मेदार ठहराया है क्योंकि वही फिलस्तीनी क्षेत्रों में भेजी जाने वाली सप्लाई को नियंत्रित करता है।

आम लोग ही नहीं बल्कि गजा में युद्ध की रिपोर्टिंग करने वाले अनेक स्थानीय व विदेशी पत्रकार व उनका परिवार भी भुखमरी का सामना करने को मजबूर है। कुछ पत्रकार तो इस हद तक असहाय हो चुके हैं कि वे अपने मासूम असहाय बच्चों व परिवार के लिए भोजन तक नहीं जुटा पा रहे हैं। गजा में काम करने वाले कुछ पत्रकार तो अपनी जान की बाजी लगाकर लाइनों में लगकर चौरिटी किचन से खाना ले रहे हैं। उनके बच्चे दिन में सिर्फ एक बार दाल, चावल या पास्ता खा कर गुजारा करने को मजबूर हैं। कुछ पत्रकारों ने तो यहां तक बताया कि उन्होंने भूख दबाने के लिए नमक मिला पानी पीना शुरू कर दिया है। जरा सोचिए जिन पत्रकारों की बदौलत दुनिया को इस्राईली सेना के जुल्म और गजा के लोगों की बेबसी व बर्बादी की खबर सुनाई व दिखाई देती थी अगर वही पत्रकार व उनका परिवार सुरक्षित नहीं रहेगा तो अमेरिकी संरक्षित इस्राईल के काले करतूत दुनिया तक कैसे पहुंचेंगे?

इन्हीं हालात में अनेक अंतर्राष्ट्रीय राहत संगठन और मानवाधिकार समूह बड़े पैमाने पर भुखमरी फैलने की चेतावनी दे रहे हैं। एक ओर तो इस्राईल-अमेरिका फिलिस्तीनियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले हमास को आतंकी संगठन बताकर उसकी आड़ में पूरे फिलिस्तीन पर नियंत्रण हासिल करने की फिराक में है तो दूसरी ओर यही इस्राईल-अमेरिकाअहमद हुसैन अल-शरा, जिसे अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से भी जाना जाता है, को सीरिया में बशर अल असद का तख्ता पलटकर उसे अंतरिम राष्ट्रपति बना देता है। यह वही जुलानी है जिस पर कुछ समय पहले तक अमेरिका ने दस मिलियन डॉलर का ईनाम घोषित कर रखा था, क्योंकि वह अलकायदा से जुड़ा था। 2017 में उसने अन्य कई आतंकी संगठनों के साथ मिलाकर हयात तहरीर अल-शाम HTS नामक संगठन बना लिया था। अमेरिका ने HTS को आतंकी लिस्ट में भी रखा था। अब अमेरिका ने उसके संगठन HTS को आतंकी लिस्ट से भी हटा दिया है। गोया जो व्यक्ति अमेरिका के हर विभाजनकारी इरादों में साथ रहे वह उसके लिए आतंकवादी नहीं और जो उसके और इजरायल के खिलाफ हो या अपनी स्वतंत्र नीति रखता हो वह आतंकवादी घोषित हो जाता है चाहे वह ईरान जैसा संप्रभुता संपन्न राष्ट्र ही क्यों न हो?

बहरहाल, अमेरिका को सर्वशक्तिमान मानने वाले व अमेरिकी रहम ो करम पर जीने वाले कुछ अमेरिकी पिठू देशों की शासकों व तानाशाहों की बात छोड़ दें तो पूरा विश्व खासकर मध्य एशियाई देश इस बात को समझ चुके हैं कि अब समय आ गया है कि किसी भी तरह इस्राईल को सबक सिखाया जाए और मध्य एशियाई क्षेत्रों को अमेरिकी हस्तक्षेप से मुक्ति दिलाई जाए। ईरान का भय दिखाकर सुन्नी शिया मतभेदों को बढ़ावा देना दरअसल अमेरिका की सुन्नी देशों के प्रति हमदर्दी नहीं बल्कि एक बड़ी चाल है जिसे मुस्लिम जगत अब बखूबी समझ चुका है। मुस्लिम जगत जुलानी की आड़ में सीरिया को बर्बाद करने की साजिश को भी समझ रहा है।परन्तु खबर यह भी है कि सीरियाई जनता भी अमेरिका इस्राईल के सीरिया के प्रति नापाक इरादों को भांप कर एकजुट होने लगी है। मध्य एशियाई क्षेत्रों को अमेरिका से मुक्त कराने के शुरुआत संकेत मिलने लगे हैं। ईरान ने गत 23 जून को कतर की राजधानी दोहा स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे अल-उदीद एयरबेस पर मिसाइलें दाग कर तथा इराक और सीरिया में भी अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना कर यह चेतावनी दे दी है कि अमेरिकी सैन्य अड्डे मध्य एशियाई क्षेत्रों में सुरक्षित नहीं हैं। साथ ही इराकी प्रतिरोध समूहों, विशेष रूप से कताइब हिजबुल्लाह, ने इराकी सरकार को यह चेतावनी जारी कर दी है कि वह अमेरिकी सेना को दो महीने के भीतर बगदाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और ऐन अल-असद बेस जैसे इराकी सैन्य ठिकानों, से पूरी तरह से हटने के लिए कहे। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी को इस संबंध में पहले से सहमति के आधार पर कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया था और अब केवल दो महीने बचे हैं यानी सितंबर 2025 के अंत तक अमेरिका को इराक छोड़ने की चेतावनी दे दी गई है। इस चेतावनी में यह भी कहा गया है कि अगर यह कार्रवाई समय सीमा में पूरी नहीं हुई, तो उनकी अलग राय होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गाजा में भुखमरी भयावहः डोनाल्ड ट्रम्प का इजरायल को कड़ा संदेश, 'तुरंत फैसला लो'

## इजरायल का बड़ा हमला, 34 की मौत, मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल, कई घायल

**गाजा/एडिनबरा/तेल अवीव।** इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के चलते गाजा में दिन-प्रतिदिन संकट और गहराता जा रहा है। उधर, इजरायल के हमले कम होने के नाम नहीं ले रहे है। ताजा घटनाक्रम की बात करें तो इजरायल ने सोमवार को गाजा में जोरदार हमला किया। इस हमले में कम से कम 34 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

यह हमला उस समय हुआ जब इजरायल ने एक दिन पहले ही कुछ इलाकों में हर दिन 10 घंटे के लिए सैन्य कार्रवाई रो. कने की घोषणा की थी ताकि मानवीय मदद बेहतर ढंग से पहुंच सके। इजरायली सेना ने बताया था कि गाजा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी इलाके में हर दिन सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक सैन्य कार्रवाई रोकी जाएगी। इसका मकसद था भूख से जूझ रहे लोगों तक सुरक्षित रास्तों से राहत सामग्री पहुंचाना। हालांकि इजरायल ने ये भी साफ कर दिया कि वह सैन्य अभियान पूरी तरह नहीं रोकेगा। सोमवार को जो हमले हुए, वे उसी 10 घंटे की राहत अवधि से बाहर किए गए। इस पर अभी तक इजरायली सेना की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। गाजा की स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। वहीं मामले में केंद्रीय गाजा औदा अस्पताल ने कहा कि उन्हें सात लोगों के शव मिले, जो एक अमेरिकी-इजरायली मदद केंद्र के पास इजरायली गोलीबारी में मारे गए।




20 लोग घायल भी हुए हैं। मुवासी इलाके में एक घर पर हमले में गर्भवती महिला सहित 12 लोग मारे गए। डाक्टरों ने जटिल आपरेशन के बाद महिला के गर्भस्थ शिशु को बचा लिया। वहीं खान यूनिस शहर के जापानी मोहल्ले में दो-मंजिला मकान पर हुए हमले में 11 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। गाजा में भूख और कुपोषण की स्थिति दिन-ब-दिन खराब हो रही है। मामले में राहत एजेंसियों ने कहा है कि इजरायल की नई मदद नीति सही दिशा में कदम जरूर है, लेकिन अब भी यह पर्याप्त नहीं है। दुनिया भर में भूखे और कुपोषित बच्चों की तस्वीरों पर भारी नाराज़गी देखी जा रही है। गौरतलब है कि सात अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला कर 1200 लोगों की हत्या की थी और 251 लोगों को बंधक बना लिया था। जवाब में इजरायल ने भारी सैन्य कार्रवाई शुरू की, जिसमें अब तक 59800 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। फलस्वरूप गाजा में भुखमरी का संकट और गहराता जा रहा है। इजरायल का कहना है कि हमास अब भी 50 बंधकों को पकड़े हुए है, जिनमें से आधे से ज्यादा मारे जा चुके हैं। वहीं इजरायल ने हमास के

### गाजा में इजरायल ने पहली बार मदद पहुंचाई, आटा चीनी व रेडीमेड फूड के पैकेट गिराए

खिलाफ जंग के बाद पहली बार गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाई है। इजरायली सेना आईडीएफ ने आटा, चीनी, दवाई और डिब्बाबंद खाना गाजा में हवाई मार्ग से पहुंचाया। यह कदम अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर उठाया गया। वहीं, इजरायल ने गाजा के कुछ हिस्सों में सीजफायर और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के लिए सुरक्षित रास्ते बनाने का भी ऐलान किया ताकि वहां की जनता को मदद पहुंचाई जा सके। मार्च से मई तक इजरायल ने गाजा में बाहरी सहायता पर रोक लगा दी थी। अब इजरायल का कहना है कि वह यूएन की सहायता वितरण में रुकावट नहीं डाल रहा। गाजा में इजरायल-हमास जंग को शुरू हुए 22 महीने हो चुके हैं। अब तक इस लड़ाई की वजह से 124 लोग भूख से मारे गए हैं, जिनमें से 81 बच्चे हैं। जुलाई महीने में ही भूख से 40 लोगों की मौत हुई, जिनमें 16 बच्चे हैं। इसी बीच गाजा में जंग से फैली भुखमरी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहली बार बयान दिया है।



शिमला। बारिश के दौरान छाता लगाकर पैदल जाते यात्री।

## अमेरिका और यूरोपीय संघ में हुआ व्यापार समझौता

**लंदन।** अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) में व्यापार को लेकर सहमति बन गई है। दोनों ने एक बैठक के बाद तय किया कि अमेरिका, ईयू के कई उत्पादों पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगा सकेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने रविवार को हुई बैठक के बाद यह ऐलान किया। यह घोषणा स्कॉटलैंड में हुई बातचीत के बाद एक संयुक्त प्रेस वार्ता में की गई। दोनों नेताओं ने इस समझौते को 'व्यापार संतुलन' बहाल करने और अधिक न्यायसंगत कारोबार को बढ़ावा देने वाला बताया। ट्रंप ने प्रेस वार्ता में दावा किया कि यह समझौता अमेरिकी कारों को यूरोपीय बाजार में दोबारा प्रवेश करने और ईयू में कृषि निर्यात को सरल बनाएगा। दवाईयां इस समझौते से बाहर हैं, जबकि ईयू से अमे. रिका को निर्यात होने वाले स्टील और एल्युमीनियम पर मौजूदा 50 प्रतिशत शुल्क लागू रहेंगे। विदित हो कि इससे पहले तक ईयू से अमेरिका को निर्यात होने वाली कारों पर पहले ढाई प्रतिशत टैक्स था जो अब बढ़कर 15 फीसदी हो जाएगा। यह समझौता अमे. रिका को ईयू उत्पादों पर व्यापक रूप से 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंकाक में गोलीबारी में छह लोगों की मौत

**बैंकाक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में सोमवार को गोलीबारी की एक घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया थाईराथ ने यह जानकारी दी है। गोलीबारी में जिन लोगों की मौत हुई उनमें चार लोग बाजार के सुरक्षाकर्मी थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हमलावर ने बाजार में अंधाधुंध गोलीबारी की और फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस घटना में कुल छह लोग मारे गए, जिसमें हमलावर भी शामिल है।

### ट्रक-बस की टक्कर में 16 लोगों की मौत, 51 घायल

**कोटे डी आइवर।** आइवरी कोस्ट में एक ट्रक और बस के बीच हुई टक्कर में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 51 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी देश के परिवहन मंत्रालय ने सोमवार को दी। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह दुर्घटना एक सार्वजनिक परिवहन बस और एक ट्रक के बीच हुई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, 16 लोगों की मौत हो गई और 51 घायल हो गए।

### जर्मनी में ट्रेन पटरी से उतरी, तीन की मौत, कई घायल

**बर्लिन।** दक्षिणी जर्मन राज्य बाडेन-वुर्टेमबर्ग में रविवार शाम एक ट्रेन पटरी से उतर गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी। यह दुर्घटना रीडलिंगन शहर के पास उस समय हुई जब ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। पुलिस के एक बयान के अनुसार, स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर एक कमांड सेंटर स्थापित किया है और बचाव कर्मियों को तैनात किया है।

### इराकः बंदूकधारियों के हमले में दो लोगों की मौत

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में रविवार को कृषि मंत्रालय के कार्यालय पर सशस्त्र बंदूकधारियों के हमले में एक पुलिस जवान और एक नागरिक की मौत हो गई। इराकी गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि नवनियुक्त निदेशक की अध्यक्षता में प्रशासनिक बैठक के दौरान बंदूकधारियों के एक समूह ने कार्यालय को निशाना बनाकर गोलीबारी की। इस बीच गोलियों की आवाज सुनकर वहां पहुंचे अन्य पुलिसकर्मियों पर की गई गोलीबारी में एक जवान की मौत हो गई।

## कंबोडिया ने की थाईलैंड के साथ युद्धविराम की घोषणा

**बैंकाक/नोम पेन्ह।** कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने थाईलैंड के साथ चल रहे सीमा विवाद में युद्धविराम की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए तत्काल लड़ाई रोकने की उम्मीद है।

चीन और अमेरिका ने इस सीजफायर में मध्यस्थता की है। दोनों देशों के बीच मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर आज शांति वार्ता हुई। इस बैठक में थाईलैंड की तरफ से कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई और कंबोडिया की तरफ से प्रधानमंत्री हुन मानेट ने हिस्सा लिया। इस बैठक की अध्यक्षता मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने की दोनों देशों के बीच

■ अमेरिका और चीन ने मध्यस्थता की, जंग में अब तक 30 से ज्यादा मौतें

सीमा विवाद के चलते बीते दिनों में भारी गोलीबारी हुई है। इसमें 33 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में ज्यादातर आम नागरिक शामिल हैं। मलेशिया इस समय दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन एएसईएएन की अध्यक्षता कर रहा है। उसने दोनों देशों को बातचीत की मेज पर बुलाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष को सुलझाना उनके लिए आसान काम है, क्योंकि उन्होंने पहले भारत और पाकिस्तान के बीच का विवाद भी सुलझाया है।

## हूतियों ने इजरायली जहाजों को निशाना बनाने की दी धमकी

**सना।** यमन के हूती सशस्त्र समूह ने रविवार देर रात चेतावनी दी है कि वह किसी भी गंतव्य की ओर जा रहे इज़राइल से जुड़े सभी विदेशी जहाजों को निशाना बनाना शुरू करेगा। समूह ने यह बयान गाजा के खिलाफ इज़राइल की 'नाकाबंदी के बाद वहां व्याप्त भुखमरी' का बदला लेने के लिए दिया है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित बयान में कहा इस कार्रवाई में इज़राइली बंदरगाहों से जुड़े किसी भी कंपनी के सभी जहाजों को निशाना बनाना शामिल है फिर चाहे उनकी राष्ट्रीयता कुछ भी हो। वे जहां कही भी हमारी सेना की पहुंच में आए, हम उन्हें निशाना बनाएंगे।

# भारतीय डॉक्टरों को यूनुस का सलाम

## बांग्लादेश प्लेन क्रैश-तीन देशों की टीम से मिले

**ढाका।** बांग्लादेश की अंत. रम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने भारत, चीन और सिंगापुर के डाक्टरों की टीमों से मुलाकात की। उन्होंने ढाका प्लेन क्रैश में घायल हुए लोगों की मदद के लिए डाक्टरों का धन्यवाद दिया।

यूनुस ने कहा कि ये टीमें सिर्फ अपनी स्किल्स नहीं, दिल भी साथ लेकर आई हैं। यह मुलाकात स्टेट गेस्ट हाउस जमुना में हुई। यूनुस से मिलने वाले डेलीगेशन में 21 डाक्टर और नर्स शामिल थीं। ये टीम ढाका में प्लेन क्रैश के पीड़ितों का इलाज कर रही हैं। इनमें ज्यादातर स्कूली बच्चे हैं। भारत ने हादसे के पीड़ितों की मदद के लिए डाक्टरों और नर्सों की एक विशेष मेडिकल टीम के साथ चिकित्सा उपकरणों की खेप भेजी है। राजधानी ढाका में 21 जुलाई को वायुसेना का एक ट्रेनी विमान माइलस्टोन स्कूल पर क्रैश हो गया था। हादसे में 31 लोगों की मौत हुई थी। इनमें 28 छात्र, 2 स्कूल स्टाफ और पायलट शामिल हैं। इसके अलावा 165 घायल हुए। इनमें से 78 की हालत गंभीर है। क्रैश हुआ फाइटर जेट चीन में बना एफ-7बीजीआई था। हादसा सोमवार दोपहर करीब 1 बजे हुआ। उस समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने कहा-दुर्घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई। पायलट ने विमान को आबादी से दूर ले जाने की कोशिश की, लेकिन यह माइलस्टोन स्कूल कैम्पस से टकरा गया। सोमवार को स्कूल के ऊपर वायुसेना का ट्रेनर विमान एफ-7बीजीआई गिर गया, जिसके बाद स्कूल परिसर में विमान का मलबा बिखर गया। हादसे में पायलट लेफ्टिनेंट मोहम्मद तौकीर इस्लाम की मौत हादसे में विमान के पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहम्मद तौकीर इस्लाम मारे गए।

■ कहाः आप सिर्फ स्किल नहीं दिल भी साथ लाए
■ यूनुस से मिलने वाले डेलीगेशन में 21 डाक्टर व नर्स शामिल थे, इनमें ज्यादातर स्कूली बच्चे हैं




# चीन में महिलाओं से संबंध रखने पर महंत बर्खास्त

## शाओलिन मंदिर के प्रमुख पर कई बच्चे पैदा करने का आरोप, बौद्ध संघ ने मान्यता की रद्द

**बीजिंग।** चीन के मशहूर शाओलिन मंदिर के प्रमुख महंत शी योंगक्सिन को बर्खास्त कर दिया गया है। उन पर मंदिर की संपत्ति और फंड के गबन, कई महिलाओं से अवैध संबंध रखने और नाजायज बच्चों के पिता होने जैसे संगीन आरोप लगे हैं।

चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक कई सरकारी एजेंसियां मिलकर इन आरोपों की जांच कर रही हैं। इस बीच चीन के बौद्ध संघ ने सोमवार को उनका दीक्षा प्रमाणपत्र छीन लिया है। संघ ने अपने बयान में कहा कि शी योंगक्सिन के कामों ने बौद्ध समुदाय की प्रतिष्ठा और भिक्षुओं की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। महंत की गतिविधियां बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का खुला उल्लंघन मानी जा रही हैं। मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने कहा है कि जो भी जानकारी सामने आएगी, उसे समय-समय पर जनता के साथ साझा किया जाएगा। शाओलिन मंदिर सेंट्रल चाइना के हेनान प्रांत की पहाड़ियों में स्थित है। 1500 साल पुराना यह मंदिर सिर्फ धार्मिक कारणों से ही नहीं बल्कि अपनी मार्शल आर्ट परंपरा खासकर कुंग फू के लिए दुनियाभर में मशहूर है। हर साल देश-विदेश से लाखों लोग इस बौध धर्म के इस मंदिर को देखने आते हैं। शी योंगक्सिन 1999 से शाओलिन मंदिर के मठीधीश हैं। उन्होंने इस मंदिर को एक तरह से आधुनिक बिजनेस माडल में बदल दिया, जिसके चलते उन्हें 'सीईओ मोंक' कहा जाने लगा। उनके नेतृत्व में मंदिर ने विदेशों में स्कूल खोले और मोंक (भिक्षुओं) का एक ग्रुप बनाया जो दुनियाभर में शाओलिन कुंग फू शो करता है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब योंगक्सिन विवादों में आए हैं।

सबसे पहले साल 2006 में एक स्थानीय सरकार ने उन्हें लगभग 1 मिलियन युआन (करीब+125,000) मूल्य की एक वोक्सवैगन एसयूवी उपहार में दी थी। तब माना गया कि शी ने स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद की थी, जिससे खुश होकर सरकार ने उन्हें यह गिफ्ट किया है। हालांकि तब योंगक्सिन ने इसे एक गिफ्ट बताया और कहा कि उन्होंने कोई व्यक्तिगत लाभ नहीं लिया गया।



■ कई सरकारी एजेंसियां मिलकर इन आरोपों की जांच कर रही हैं
■ शी योंगक्सिन के कामों ने बौद्ध समुदाय की प्रतिष्ठा और भिक्षुओं की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया हैः बौद्ध संघ

## जयशंकर ने द. कोरियाई विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के नवनियुक्त विदेश मंत्री चो ह्यून से सोमवार को टेलीफोन पर बातचीत के दौरान परस्पर संबंधों को मज़बूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। चो ह्यून को पिछले सप्ताह ही कोरिया का नया विद. `श मंत्री नियुक्त किया गया था। डा. जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज सुबह कोरिया गणराज्य के विदेश मंत्री चो ह्यून से बात करके अच्छा लगा। उनके सफल कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। हमारे द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने पर चर्चा की। दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री के साथ पहली बार बातचीत की।

## तुर्की ने अपने सबसे शक्तिशाली बम किए टेस्ट

**अंकारा।** तुर्की ने अपने सबसे शक्तिशाली गैर-परमाणु बम जीएजेडएपी और एनईबी-2 घोस्ट का सफल परीक्षण किया है। तुर्की ने इस्तांबुल में आयोजित 17वें इंटरनेशनल डिफेंस इंडस्ट्री फेयर (आईडीईएफ) 2025 फेयर के दौरान 26-27 जुलाई को इस बम के टेस्ट का वीडियो जारी किया।

दोनों बम 970 किलोग्राम (लगभग 2,000 पाउंड) वजनी हैं। इसे तुर्की के रक्षा मंत्रालय के अनुसंधान और विकास (आर-डी) केंद्र ने डिजाइन किया है। जीएजेडएपी थर्मोबैरिक वारहेड से लैस है। ये बम एफ-16 फाइटर जेट से गिराए जा सकते हैं। फुटेज से पता चलता है कि यह बम सैकड़ों वर्ग मीटर के क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इसमें 10 हजार विशेष कण हैं, जो विस्फोट के बाद 10.6 कण प्रति वर्ग मीटर की दर से फैलते हैं। तुर्की रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों बम के सभी परीक्षण पूरे हो चुके हैं और अब यह उपयोग के लिए तैयार है। तुर्की ने एनईबी-2 घोस्ट बम का परीक्षण किया है। ये जमीन के नीचे 295 फीट तक जाकर हमला करता है। तुर्की ने इंटरनेशनल डिफेंस इंडस्ट्री फेयर में बम के टेस्ट का वीडियो जारी किया है। इसमें बम को सटीक निशाना लगाते देखा जा सकता है। बमों को बंकरों और मजबूत संरचनाओं को तबाह करने के लिए बनाया गया है।

### GAZAP और NEB-2 घोस्ट बम 970 किलो वजनी, एफ-16 फाइटर जेट से गिराए जा सकते हैं

## सनी देओल ने दलाई लामा से की मुलाकात

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सनी देओल ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की है। सनी देओल ने लद्दाख की यात्रा के दौरान तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात की है। सनी देओल ने कहा कि दलाई लामा की मौजूदगी, उनकी बुद्धिमानी और आशीर्वाद से मन को काफी सुकून और शांति महसूस हुई गई है। सनी ने दलाई लामा के साथ जो तस्वीर इंस्टाग्राम पर डाली है, उसमें वह उनके सामने आदर से झुकते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही दलाई लामा सनी के हाथों को बड़े प्यार से अपने माथे पर लगाते हुए दिख रहे हैं। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर दलाई लामा की फोटो शेयर करते हुए लिखा, यह एक सम्मान और आभार से भरा पल था। लद्दाख की शांत वादियों में यात्रा करते समय मेरी मुलाकात परम पूज्य दलाई लामा से हुई। उनकी मौजूदगी, समझदारी भरी बातें और आशीर्वाद से मन को सुकून और शांति मिली। इस पल को मै कभी नहीं भूल सकता।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट